ईसीजीसी लिमिटेड

ECGC Limited

64 वीं वार्षिक रिपोर्ट
TH ANNUAL REPORT
2021 - 2022

ईसीजीसी लिमिटेड

वार्षिक रिपोर्ट 2021-22

विषय-वस्तु

क्र. सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या.
	भाग अ	
1	निदेशक मण्डल	1-2
2	वरिष्ठ प्रबंधन	3-4
3	निष्पादन विशेषताए – पिछला दशक	5-6
4	अध्यक्ष का सम्बोधन (बैठक में प्रसारित किया जाएगा)	
5	निदेशकों की रिपोर्ट	7-80
6	प्रबंधन परिचर्चा एवं संचालन की समीक्षा	81-189
7	व्यापार प्रदर्शन रेखांकन	190-202
	भाग आ	
8	लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण	
	वित्तीय विवरणों के लिए प्रमाण पत्र	204
	तुलन पत्र, राजस्व खाता एवं लाभ और हानी खाता	205-208
	वित्तीय विवरण की अनुसूचीया (अनुसूची 1 से 15 तक)	209—219
	महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ (अनुसूची 16)	220-235
	लेखागत पर टिप्पणियाँ (अनुसूची 17)	236-267
	मुख्य विश्लेषणात्मक अनुपात	264-265
	अर्जन एवं भुगतान खाता	268
9	वित्तीय विवरणों पर प्रबंधन रिपोर्ट	269-273
10	नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ	274
11	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	276-302

भाग अ

निदेशक मंडल

1. श्री एम सेंथिलनाथन,
   अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ईसीजीसी लिमिटेड
   (दि 29 अप्रैल, 2020 से अध्यक्ष)
2. श्री विपुल बंसल,
   संयुक्त सचिव, वाणिज्य विभाग,
   वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (दि 16 नवंबर, 2021 से नियुक्त)
3. श्रीमती अपर्णा भाटिया,
   आर्थिक सलाहकार, आर्थिक मामले विभाग,
   वित्त मंत्रालय
   (दि 16 नवंबर, 2021 से नियुक्त)
4. श्री शिरीष चन्द्र मुर्मू,
   कार्यकारी निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक
5. सुश्री हर्षा बंगारी,
   प्रबंध निदेशक, एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया
   (दि 23 सितंबर, 2021 से नियुक्त)
6. श्री देवेश श्रीवास्तव,
   अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, जी आई सी
7. डॉ. ए. शक्तिवेल,
   अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन
   (दि 09 अगस्त, 2021 से नियुक्त)
8. श्री सुनील जोशी,
   कार्यपालक निदेशक (नीतिगत मामले), ईसीजीसी लिमिटेड
   (दि 09 जुलाई, 2020 से नियुक्त)
9. श्री अमित कुमार अग्रवाल (दि 03 नवंबर, 2021 से नियुक्त)
10. श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा (दि 11 नवंबर, 2021 से नियुक्त)
11. श्री के. राजारमन, आई ए एस (दि 18 अक्टूबर, 2021 से समाप्त)
12. श्री अमिताभ कुमार, आई आर एस (दि 16 नवंबर, 2021 से समाप्त)
13. श्री शरद कुमार सराफ, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (28 जून, 2021 से समाप्त)
14. श्री डेविड पॉल रस्किना
    प्रबंध निदेशक, एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (दि 31 मई, 2021 से समाप्त)

कंपनी सचिव	श्रीमती स्मिता वी. पंडित
बैंकर्स	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्ववर्ती कॉर्पोरेशन बैंक)
	आई डी बी आई बैंक
नियुक्त बीमांकिक	श्रीमती प्रिसिल्ला सिन्हा

संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक

1. मैसर्स ए बी एम एंड एसोसिएट्स एल एल पी
   सनदी लेखाकार,
   फर्म पंजीकरण संख्या 105016डब्ल्यू / डब्ल्यू -100015

2. मैसर्स एस एन के एंड कंपनी
   सनदी लेखाकार,
   फर्म पंजीकरण संख्या 109176 डब्ल्यू

पंजीकृत कार्यालय: एक्सप्रेस टावर्स, 10वां फ्लोर, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021

वरिष्ठ प्रबंधन

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

श्री एम सेंथिलनाथन

कार्यपालक निदेशक

श्री सुनील जोशी

श्री सी. एन. ए. अन्बरसन

महाप्रबंधक

1. श्री परमदीप लाल ठाकुर
2. श्री ईशनाथ झा
3. श्री सृष्टिराज अंबष्ट
4. श्री सुबीर कुमार दास
5. श्री निर्दोष चोपड़ा
6. श्रीमति स्मिता वी. पंडित
7. श्री आनंद सिंह
8. श्रीमति प्रिसील्ला सिन्हा

उपमहाप्रबंधक	
1. श्री बलबीर सिंह मान	10. श्री सुभाष चंद्र चाहर
2. श्री एन सुब्रमणियन	11. श्री नीरज गुप्ता

3. श्री अभिषेक कुमार जैन	12. श्री आर. महालिंगम
4. श्री आर. के. पांडियन	13. श्री राजेश जमनानी
5. श्री कुमार अंशुमन	14. श्री राहुल
6. श्री गौरव अंशुमन	15. श्री रंगराव तु. हांडे
7. श्री यशवंत बी. ब्रीद	16. श्री सचिन खन्ना
8. श्रीमति अर्पिता सेन	17. श्री शशांक बाजपेयी (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी)
9. श्री वाय. सुधीर	

निष्पादन विशेषताएँ-पिछला दशक PERFORMANCE HIGHLIGHTS - PAST DECADE

(Rs. In Crores)

वर्ष / YEAR	2021-22	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17	2015-16	2014-15	2013-14	2012-13
संरक्षित कारोबार मूल्य / VALUE OF BUSINESS COVERED										
अल्पावांधे पॉलोसियॉ / Short Term Policies	269272.00	241934.17	215021.77	198872.00	1,77,349.00	1,72,788.00	135871.97	1,33,983.00	131344.00	126100.00
अल्पावांधे इ सो आइ बो / Short Term ECIB	345672.00	354200.12	341826.72	455267.00	4,56,684.00	4,48,604.00	127534.8	1,38,555.00	138150.00	133251.00
मध्यम व दोघोवांधे रक्षाएं / Medium & Long Term Covers	3896.97	6667.25	4757.37	5787.00	7,415.57	6,027.26	5979.06	7,652.00	9762.80	10160.00
कुल / Total	**618840.97**	**602801.54**	**561605.86**	**659926.00**	**641448.57**	**627419.26**	**269385.83**	**280190.00**	**279256.00**	**269512.00**
प्रीमियम आय / PREMIUM INCOME										
अल्पावांधे पॉलोसियां / Short Term Policies	485.45	429.99	405.17	412.26	367.95	359.99	382.99	383.87	388.57	360.68
अल्पावांधे इ सो आइ बो / Short Term ECIB	600.84	603.78	644.78	806.83	843.21	881.07	910.64	942.29	869.68	751.72
मध्यम व दोघोवांधे रक्षाएं / Medium & Long Term Covers	20.33	28.51	25.52	28.45	29.25	26.56	27.10	36.24	45.48	44.85
कुल / Total	**1106.62**	**1062.28**	**1075.47**	**1,247.54**	**1,240.41**	**1,267.62**	**1320.73**	**1362.40**	**1303.73**	**1157.25**
प्रदत्त दावें / CLAIMS PAID										
अल्पावधि पॉलिसियां / Short Term Policies	237.91	284.87	146.77	168.13	136.70	206.85	127.32	126.98	109.29	113.69
अल्पावांधे इ सो आइ बो / Short Term ECIB	443.42	761.87	261.64	813.39	1131.47	655.50	995.52	462.85	639.55	396.61
मध्यम व दीघोवधि रक्षाएं / Medium & Long Term Covers	5.87	-	-	31.79	14.99	22.99	-	-	148.65	38.20
कुल / Total	**687.20**	**1046.74**	**408.41**	**1,013.31**	**1,283.16**	**885.34**	**1122.84**	**589.83**	**897.49**	**548.50**
वित्तीय शुल्क, कों / RECOVERIES MADE										
अल्पावधि पॉलिसियां / Short Term Policies	16.53	9.77	10.21	21.47	18.55	9.77	7.80	9.61	5.76	7.40
अल्पावधि ई सी आई बी / Short Term ECIB	93.44	107.53	156.17	129.36	166.39	109.76	106.06	142.52	144.53	104.71
मध्यम व दीर्घावधि रक्षाएं / Medium & Long Term Covers	0	0.17	0.06	-	0.67	19.14	0.18	8.02	8.02	8.42
कुल / Total	**109.97**	**117.47**	**166.44**	**150.83**	**185.61**	**138.67**	**114.04**	**160.15**	**158.31**	**120.53**

नोट / Note:

* इसमें घोषणा आधारित पॉलिसियाँ तथा जोखिम आधारित पॉलिसियाँ शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2011-12 तथा उसके पश्चात जोखिम आधारित पॉलिसियों के अधीन संक्षारित कारोबार का मूल्य, वित्तीय वर्ष 2010-11 तक प्रत्येक पॉलिसी के ल;ईईए निर्धारित औसत हानी सीमा, अनुमानित निर्यात पण्यावर्त के आधार पर अनुमानित मूल्य हैं।

** कस्टमाइज्ड एम बी ई पॉलिसियों के अंतर्गत जो. मू. सकल हानी सीमा(ए एल एल) का बीआईएस गुना लिया गया हैं क्योंकि ए एल एल से निर्यात पण्यावर्त अनुपात 5% तक होता हैं जबकि सामान्य एम बी ई पी में 10% या अधिक होता हैं। जो. मू. की गणना की संशोधित प्रक्रिया 01/04/2017 से प्रभावी हैं। विवरण कों तुलनात्मक बनाने के लिए पिछले वर्ष 01/04/2016 से 31/03/2017 तक के आकड़ों की पुनर्गणना की गई हैं।

*** वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं उसके बाद बैंकों द्वारा मंजूर सीमाएं जो कंपनी द्वारा रक्षित हैं तथा वित्त वर्ष 2010-11 तक मंजूर सीमा के अंतर्गत औसत बकाया कों दर्शाता हैं।

**** ये अनुमान, आर्थिक मामलों के विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में किए गए हैं। ये अनुमान आर बी आई से प्राप्त आकड़ों एवं अल्पावधि निर्यात के अंतर्गत व्यापार चक्र 90 दिन के आधार पर हैं। तदनुसार जोखिम मूल्य की गणना के लिए कंपनी द्वारा रक्षित बकाया निर्यात रिन एवं चार के कारक से गुणन किया गया हैं।

निदेशकों की रिपोर्ट

Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

मानननीय सदस्यों,

ईसीजीसी लिमिटेड (ईसीजीसी) के निदेशकगण, सहर्ष 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम के साथ, कंपनी की 64 वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

वित्तीय परिलब्धियाँ

आपके कंपनी की वित्तीय परिलब्धियाँ, समीक्षाधीन वर्ष के लिये निम्नलिखित हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2021-22	2020-21
पण्यावर्त (सकल प्रीमियम)	1106.62	1062.28
वित्तीय शुल्कों, कर, मूल्यह्रास/परिशोधन से पूर्व लाभ (पी बी टी डी ए)	1167.56	594.75
घटाएं: वित्तीय शुल्क	-	-
मूल्यह्रास / परिशोधन से पूर्व लाभ (पी बी टी डी ए)	1167.56	594.75
घटाएं: मूल्यह्रास	6.70	6.65
कराधान से पूर्व निवल लाभ (पी बी टी)	1160.86	588.10
कराधान हेतु प्रावधान	285.70	127.79
कराधान के पश्चात लाभ/हानी (पी ए टी)	875.16	460.31

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, पिछले वित्तीय वर्ष के ₹687.20 करोड़ की तुलना में कंपनी द्वारा कुल ₹1046.74 करोड़ के दावों की अदायगी की गई है। पुनर्बीमा के हिस्से, वसूलियों एवं प्रावधानों के समयोजन के उपरांत वहन किये गए दावे, पिछले वर्ष के दौरान ₹884.52 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में घटकर ₹546.19 करोड़ हो गए। वित्तीय वर्ष 2021-22 में निवेश एवं अन्य आय पिछले वित्तीय वर्ष में ₹1019.22 करोड़ के मुक़ाबले 7.97% की वृद्धि सहित ₹1100.46 करोड़ हो गई है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी द्वारा अर्जित सकल प्रीमियम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान ₹1062.28 करोड़ के मुकाबले 4.17% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹1106.62 करोड़ थी। पुनर्बीमा रियायत का समायोजन एवं असमाप्त जोखिमों के लिए प्रारक्षित

वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु शुद्ध अर्जित प्रीमियम बढ़कर ₹882.16 करोड़ हो गया, जबकि ₹827.31 करोड़ में 6.63% की वृद्धि दर्ज की गई थी।

लाभ एवं विनियोजन

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, परिचालन से कुल आय ₹1484.98 करोड़ थी, जो पिछले वित्त वर्ष में ₹1405.51 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में ₹159.10 करोड़ के मुकाबले ₹684.88 करोड़ का परिचालन लाभ अर्जित किया। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, कर पूर्व लाभ (पी बी टी) ₹1160.86 करोड़ था, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में ₹588.10 करोड़ था। आयकर एवं पूर्व अवधि समायोजन के लिए ₹285.70 करोड़ प्रदान करने के बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 में विनियोग के लिए उपलब्ध कर पश्चात लाभ (पी ए टी) पिछले वित्तीय वर्ष में ₹460.31 करोड़ के मुकाबले ₹875.16 करोड़ था।

लाभांश

निदेशक मंडल सहर्ष, ₹276.50 करोड़ की राशि के, ₹100 प्रत्येक के 39,50,00,000 इक्विटी शेयरों पर ₹7 प्रति इक्विटी शेयर के पूर्ण एवं अंतिम लाभांश की अनुशंसा करते हैं। कुल लाभांश ₹276.50 करोड़ है जो ₹875.16 करोड़ के पी ए टी के 31.59% के अदायगी अनुपात का प्रतिनिधित्व करता है।

प्रारक्षित निधियाँ

बोर्ड द्वारा, दिनांक 25 मई 2022 को सम्पन्न अपनी 436 वीं बैठक के दौरान ₹598.66 करोड़ की राशि को सामान्य प्रारक्षित निधियों में अंतरित करना प्रस्तावित किया है।

अदावी लाभांश का निवेशक शिक्षण एवं संरक्षण कोष में अंतरण

पिछले वर्ष के दौरान कोई अदत्त/अदावी लाभांश घोषित एवं भुगतान न किए जाने की कारण, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

शेयर पूंजी

दिनांक 31 मार्च, 2022 तक कंपनी की कुल संपत्ति ₹7840.88 करोड़ (दिनांक 31 मार्च 2021 तक ₹6365.22 करोड़) थी जिसमें ₹3950 करोड़ पेड-अप शेयर पूंजी (वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान नए सिरे से पूंजी के रूप में केंद्र सरकार से प्राप्त ₹760 करोड़ सहित) की चुकता शेयर पूंजी शामिल है एवं ₹3890.88 करोड़ का प्रारक्षित एवं अधिशेष हैं।

क. प्रतिभूतियों की वापस खरीद

कंपनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपनी कोई भी प्रतिभूति वापस नहीं खरीदी गई है।

ख. उद्यम इक्विटी

कंपनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई उद्यम इक्विटी शेयर जारी नहीं किया गए।

ग. बोनस शेयर

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई बोनस शेयर जारी नहीं किए गए।

घ. कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना

कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को कोई स्टॉक विकल्प योजना नहीं उपलब्ध कराई गई है।

कंपनी के बहिर्नियम

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी के बहिर्नियमों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

शोधन-क्षमता मार्जिन

दिनांक 31 मार्च, 2022 को शोधन-क्षमता अनुपात 30.05 है, जो भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई आर डी ए आई) के 1.5 के मानदंड के खिलाफ है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं:

विवरण	**2021-22**	**2020-21**
विनियमन के अंतर्गत अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन (आर एस एम) (₹ करोड़ में)	238.91	298.41
उपलब्ध शोधन-क्षमता मार्जिन (ए एस एम) (₹ करोड़ में)	7178.75	5745.67
शोधन-क्षमता अनुपात (कुल ए एस एम/आर एस एम)	30.05	19.25

अधिकतम देयता

कंपनी की अधिकतम देयता (अ.दे.) वह देयता होती है जिसके अंतर्गत किसी कंपनी द्वारा, भारत सरकार के अनुमोदन के अनुसार किसी भी समय कंपनी के संस्था अंतर्नियम के अनुच्छेद 72(ख) के अंतर्गत, बीमांकन किया जा सकता है, इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा दिनांक 09 मार्च, 2022 के कार्यालय ज्ञापन सं. के-11015/2/2021-ई एंड एम डी ए-डी ओ सी के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च 2022 तक कंपनी की अधिकतम देयता ₹ 1,00,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹1,50,000 करोड़ कर दिया गया है। दिनांक 31 मार्च 2021 तक एम एल ₹1,01,238.01 करोड़ थी।

नये उत्पाद का प्रारम्भ

वित्तीय वर्ष 2021-22 में कंपनी द्वारा कोई नया उत्पाद प्रस्तुत नहीं किया गया है।

निवेश

कंपनी के निवेश आई आर डी ए आई के विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं।

प्रबंधन व्यय

संबंधित नियमों के साथ पढ़े जाने वाले बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 40 ग के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार कंपनी द्वारा वहन किए गए प्रबंधन व्यय, आई आर डी ए के 29.19% के मानदंड की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में सकल प्रीमियम आय के प्रतिशत रूप में 27.74% (पिछले वर्ष 27.60%) रहा।

विविध समूह / कॉर्पोरेट			
			(₹ करोड़ में)
भारत में बीमाकर्ताओं द्वारा बीमांकित कुल सकल प्रीमियम का भाग	**प्रीमियम**	**प्रीमियम का प्रतिशत**	**स्वीकृत व्यय**
प्रथम	200.00	35.00%	70.00
अगला	150.00	30.00%	45.00
शेष	756.62	27.50%	208.07
भारत में कुल बीमांकित प्रीमियम	**1106.62**		**323.07**
स्वीकृत व्यय का %			**29.19**

राष्ट्रीय निर्यात बीमा खाता ट्रस्ट (एन ई आई ए)

एन ई आ ईए ट्रस्ट की स्थापना राष्ट्रीय हित की दृष्टि से, मध्यम एवं दीर्घावधि (एम एल टी) व उच्च मूल्य की परियोजनाओं के लिए ऋण जोखिम रक्षा की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। दिनांक 31 मार्च, 2022 तक ट्रस्ट के पास ₹4,155.08 करोड़ की बीमांकन राशि उपलब्ध रही। ट्रस्ट की बीमांकन क्षमता ₹ 80,000 है जिसके 25% अर्थात ₹20,000 करोड़ की राशि कंपनी द्वारा जारी एम.एल.टी. रक्षाओं हेतु प्रारक्षित की गयी है। 52 देशों में कुल मूल्य 43,444 करोड़ सहित 213 परियोजनाओं का समर्थन करने वाले 329 रक्षाओं के संबंध में 14,063 करोड़ रुपये के जोखिम को एन ई आई ए ट्रस्ट के साथ साझा किया गया है। ₹80,000 करोड़ का शेष 75% राशि ₹60,000 करोड़ एन ई आई ए ट्रस्ट (बी सी-एन ई आई ए) की खरीदार साख योजना के लिए निर्धारित किया गया है। दिनांक 31मार्च 2022 तक ट्रस्ट ने श्रीलंका, जाम्बिया, ज़िम्बाब्वे, मोज़ाम्बिक, तंजानिया, सेनेगल, ईरान, मालदीव, कोटे डी आइवर, घाना, कैमरून, सूरीनाम, युगांडा एवं मॉरिटानिया देशों में ₹17,756 करोड़ मूल्य की 27 परियोजनाओं के लिए ₹24,721 करोड़ की कुल अधिकतम देयता के साथ 27 खरीदार साख रक्षा जारी किए हैं। भारत सरकार, ट्रस्ट का एकमात्र व्यवस्थापक है एवं ईसीजीसी प्रबंध एजेंसी है।

निदेशक मंडल

कंपनी भारत सरकार की 100% के स्वामित्व वाली कंपनी है। कंपनी के संचालन, प्रबंधन व निदेशन के सभी अधिकार अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में निदेशक मंडल के हैं। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक तथा कार्यपालक निदेशक (पॉलिसी मामले) के अतिरिक्त निदेशक मण्डल के सभी निदेशक गैर-कार्यपालक निदेशक होते हैं। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक तथा कार्यपालक निदेशक (पॉलिसी मामले) सहित निदेशक मण्डल के सभी निदेशक भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, चार अंशकालिक निदेशक अर्थात श्री अमिताभ कुमार, संयुक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; श्री के. राजारमन, अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय; श्री डेविड रसकिन्हा, प्रबंध निदेशक, भारतीय निर्यात-आयात बैंक; एवं श्री शरद कुमार सराफ, अध्यक्ष, भारतीय निर्यात संगठन संघ (एफ ई आई ओ), वर्तमान कंपनी के निदेशक नहीं हैं। श्री विपुल बंसल, संयुक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; श्रीमती अपर्णा भाटिया, आर्थिक सलाहकार, आर्थिक मामलों के विभाग, वित्त मंत्रालय में अंशकालिक सरकारी निदेशकों के रूप में; तथा सुश्री हर्षा बंगारी, प्रबंध निदेशक, भारतीय निर्यात-आयात बैंक; डॉ. ए. शक्तिवेल, अध्यक्ष, फियो; श्री अमित कुमार अग्रवाल; एवं श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा को वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान अंशकालिक गैर-कार्यपालक निदेशकों के रूप में बोर्ड में शामिल किया गया था।

इस रिपोर्ट की तिथि के अनुसार, बोर्ड में अंशकालिक निदेशकों के तेरह पदों में से पांच पद रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया भारत सरकार के साथ की जा रही है समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई भी निदेशक को पुनर्निर्वाचित/पुनर्नियुक्त नहीं किया गया था।

निदेशकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक भुगतान तथा उनके दायित्वों के निर्वाह से संबंधित कंपनी की नीति

कंपनी के सरकारी कंपनी होने के कारण निदेशकों की नियुक्ति / निष्कासन, योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं संबंधी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(2), (3) एवं (4) के प्रावधान तथा निदेशकों की स्वतंत्रता के निर्धारण के लिए मानदंड तैयार करने एवं पारिश्रमिक एवं आय परिलब्धियों पर नीति की संस्तुति करने से संबंधित प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते है। अतः कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 (3) के अधीन प्रावधानों के अनुसार कंपनी द्वारा निदेशकों की नियुक्ति, प्रबंधकीय पारिश्रमिक के भुगतान, निदेशकों की योग्यता, सकारात्मक गुणों, निदेशकों की स्वतंत्रता तथा अन्य संबंधित मामलों के लिए किसी भी प्रकार की नीति का निरूपण नहीं किया गया है। मंडल के सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

वार्षिक प्रतिफल

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 के प्रावधानों के अनुसार वार्षिक विवरणी का मसौदा कंपनी की वेबसाइट (www.ecgc.in) के कॉर्पोरेट प्रशासन अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है।

स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशक की घोषणा

केवल दिनांक 01 अक्टूबर 2020 से 22 सितंबर 2021 तक बोर्ड में एक महिला निदेशक की नियुक्ति को छोड़कर पब्लिक लिमिटेड कंपनी पर लागू स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशक (ओं) की नियुक्ति से संबंधित धारा 149 के प्रावधानों का पूरी तरह से अनुपालन किया जाता है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा पांच बोर्ड बैठकें आयोजित की गई।

लेखा परीक्षा समिति के विन्यास का प्रकटन तथा सतर्कता तंत्र का प्रावधान

लेखा परीक्षा समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं:

क्र.सं.	**निदेशकों का नाम**
1.	श्री देवेश श्रीवास्तव (दिनांक 21/01/2020 से सदस्य के रूप में एवं दिनांक 15/07/2021 से अध्यक्ष के रूप में नियुक्त)
2.	श्री विपुल बंसल (दिनांक 16/11/2021 से सदस्य के रूप में नियुक्त)
3.	श्रीमती अपर्णा भाटिया (दिनांक 16/11/2021 से सदस्य के रूप में नियुक्त)

4.	शिरीष चंद्र मुर्मू (दिनांक 10/01/2021 से सदस्य के रूप में नियुक्त)
5.	सुश्री हर्षा बंगारी (दिनांक 23/09/2021 से सदस्य के रूप में नियुक्त)
6.	डॉ. ए. सक्तिवेल (दिनांक 09/08/2021 से सदस्य के रूप में नियुक्त)
7.	श्री अमिताभ कुमार (दिनांक 20/11/2020 से सदस्य के रूप में नियुक्त) (दिनांक 16/11/2021 से सदस्य के रूप में सेवाकाल समाप्त)
8.	श्री के. राजारमन (दिनांक 08/08/2018 से सदस्य के रूप में नियुक्त) (दिनांक 18/10/2021 से सदस्य के रूप में सेवाकाल समाप्त)
9.	श्री शरद कुमार सराफ़ (दिनांक 22/07/2019 से सदस्य के रूप में नियुक्त) (दिनांक 28/06/2021 से सदस्य के रूप में सेवाकाल समाप्त)
10.	श्री डेविड पॉल रस्किन्हा (दिनांक 07/08/2019 से सदस्य के रूप में नियुक्त) (दिनांक 31/05/2021 से अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में सेवाकाल समाप्त)

एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता वाली लेखा परीक्षा समिति की उपरोक्त संरचना में स्वतंत्र निदेशक अर्थात श्री देवेश श्रीवास्तव (अध्यक्ष), श्री शिरीष चंद्र मुर्मू, सुश्री हर्षा बंगारी, शामिल हैं, जो बहुमत बनाते हैं।

कंपनी ने सतर्कता तंत्र स्थापित किया है तथा कर्मचारियों व अन्य निदेशकों द्वारा जताई गयी वास्तविक शंकाओं का लेखा परीक्षा समिति द्वारा समाधान किया जाता है। शंका जताने वाले कर्मचारियों तथा निदेशकों की उत्पीड़न से रक्षा हेतु कंपनी द्वारा उचित उपाय किए गए हैं। कंपनी ने, सहकर्मियों तथा कंपनी के हितों से संबंधित मामलों की रिपोर्टिंग पर लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष से सीधे संपर्क का प्रावधान किया गया है।

<u>वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए सतर्कता मामलों का विवरण:</u>

दिनांक 01/04/2021 के	दिनांक 01/04/2021 से 31/03/2022 तक	निपटान किया गया	शेष

अनुसार प्रारंभिक शेष	सतर्कता संबन्धित मामले प्राप्त हुए		
01	07	08	कोई नहीं

सहायक कंपनियाँ, संयुक्त उपक्रम अथवा सहयोगी कंपनियाँ

कंपनी की कोई सहायक कंपनी,संयुक्त उपक्रम अथवा सहयोगी कंपनी नहीं है।

जमा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने किसी प्रकार का जमा न तो स्वीकार किया है न ही नवीकृत किया है।

भारत सरकार (भा.स.) के साथ समझौता ज्ञापन (एम ओ यू)

सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, हर वर्ष वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। विभिन्न वित्तीय एवं गैर-वित्तीय मापदंडों के आकलन के आधार पर, कंपनी के प्रदर्शन को वित्तीय वर्ष 2019-20 में "अच्छा" एवं वित्त वर्ष 2020-21 में "बहुत अच्छा" के रूप में दर्ज किया गया है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी के प्रदर्शन को "उत्कृष्ट" के रूप में मूल्यांकन किए जाने की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए एम ओ यू मापदंडों के अंतर्गत कंपनी द्वारा लक्ष्य एवं उपलब्धि के साथ निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है:

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत प्रदर्शन				
क्र.सं	**मापदंड का नाम**	**इकाई**	**लक्ष्य**	**उपलब्धि**
1	परिचालन से राजस्व	रु.करोड़ में	1450	1484.98
2	संपत्ति कारोबार अनुपात	%	16.78	11.71
3	राजस्व के प्रतिशत के रूप में ई बी आई टी डी ए	%	32.21	58.89
4	निवल मालियत पर प्रतिफल	%	8.81	12.32
5	नियोजित पूंजी पर प्रतिफल	%	9.24	14.81
6	प्रति शेयर आय	रु.	17.58	25.59
7	जोड़े गए नए खरीदारों की संख्या	संख्या	16389	17616

इसके अलावा, कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु समझौता ज्ञापन के अंतर्गत निर्धारित सभी 'अनुपालन मानकों' का भी पालन किया गया है।

संसद के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 के अधीन अपेक्षाओं के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2020-21की ईसीजीसी लिमिटेड, मुंबई की वार्षिक रिपोर्ट, लेखा परीक्षत लेखों तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों के साथ लोकसभा एवं राज्यसभा में 11 फरवरी 2022 को प्रस्तुत की गई थी।

कर्मियों का विवरण

पूर्णकालिक निदेशक द्वारा आहरित पारिश्रमिक से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का विवरण निम्नलिखित है:

क.

क्र.सं.	विवरण	कर्मी का नाम
1.	नाम कर्मचारी का पदनाम:	श्रीमती प्रिसिल्ला सिन्हा नियुक्त बीमांकिक (म प्र संवर्ग के समांतर)
2.	प्राप्त परिलब्धियाँ;	वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹90,19,049/-
3.	रोजगार की प्रकृति, संविदा पर अथवा अन्यथा;	संविदा पर, निश्चित अवधि आधार पर नियुक्त
4.	कर्मचारी की योग्यता एवं अनुभव;	सांख्यकी में बी एस सी एवं सांख्यकी में एम एस सी फेलो, इंस्टिट्यूट ऑफ एक्च्युरीस इन इंडिया सिस्टम मैनेजमेंट में डिप्लोमा, एन आई आई टी एक्च्युरियल तकनीक में डिप्लोमा, इन्सट्यूट ऑफ एक्च्युरीज़, यूके
5.	रोजगार के आरंभ की तिथि;	दि.18.04.2019 को संविदा आधार पर रोजगार का आरंभ
6.	कर्मी की आयु;	55

7.	कंपनी में नियुक्ति से पूर्व इस प्रकार के कर्मी का अंतिम रोजगार;	जी आई सी
8.	उक्त नियम (2) की धारा (iii) के अर्थ की सीमा में इस प्रकार के करमीन द्वारा धारित इक्विटी शेयर ; एवं	कुछ नहीं
9.	क्या इस प्रकार का कर्मचारी, कंपनी के किसी निदेशक अथवा प्रबन्धक का संबंधी है एवं यदि हाँ तो ऐसे निदेशक अथवा प्रबन्धक का नाम दर्शाएँ:	नहीं

ख.

क्र.सं.	**विवरण**	**कर्मी का नाम**
1.	नाम कर्मचारी का पदनाम;	श्री शशांक बाजपेयी मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी- सीसो (उ म प्र संवर्ग के समांतर)
2.	प्राप्त परिलब्धियाँ;	वित्तीय वर्ष 2021-2022 में ₹48,00,000
3.	रोजगार की प्रकृति, संविदा पर अथवा अन्यथा:	संविदा पर, निश्चित अवधि आधार पर नियुक्त
4.	कर्मचारी की योग्यता एवं अनुभव;	आई एस बी हैदराबाद से साइबर गवर्नेंस में एग्जेक्युटिव मास्टर्स सर्टिफिकेट (वर्ष 2019) सीडैक हैदराबाद से सिस्टम सॉफ्टवेयर एवं सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (वर्ष 2012) पुणे विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) (वर्ष 2011) प्रमाणन:

		ई सी - काउंसिल से प्रमाणित मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सी सी आई एस ओ)(2018) जी सी एच क्यू, यू के से प्रमाणित इंसिडेंट प्लानिंग एंड रिसपोंस (2018) आई एस ए सी ए से प्रमाणित सूचना सुरक्षा प्रबंधक (सी आई एस एम) (2013)
5.	रोजगार के आरंभ की तिथि;	दि. 01.08.2019 को संविदा आधार पर रोजगार का आरंभ
6.	कर्मी की आयु;	35
7.	कंपनी में नियुक्ति से पूर्व इस प्रकार के कर्मी का अंतिम रोजगार;	ए आई के ओ साधारण बीमा लिमिटेड
8.	उक्त नियम (2) की धारा (iii) के अर्थ की सीमा में इस प्रकार के करमीन द्वारा धारित इक्विटी शेयर ; एवं	कुछ नहीं
9.	क्या इस प्रकार का कर्मचारी, कंपनी के किसी निदेशक अथवा प्रबन्धक का संबंधी है एवं यदि हाँ तो ऐसे निदेशक अथवा प्रबन्धक का नाम दर्शाएँ:	नहीं

ग्राहक हित रक्षा तंत्र

कंपनी ने अपने ग्राहकों की शिकायतों के निवारण के लिए, मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय में, एक महाप्रबंधक की अध्यक्षता में एक ग्राहक सेवा कक्ष की स्थापना की है। कंपनी की ग्राहक शिकायत निवारण नीति कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। नीति के अनुसार, किसी अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णयों की समीक्षा एक उच्च अधिकारी द्वारा की जाएगी, यदि पहले के निर्णय को दोहराया जाना है। शिकायत को विभिन्न अधिकारियों / समितियों द्वारा चार बार निपटाया जा सकता है। एक शीर्ष ग्राहक शिकायत समिति (ए सी जी सी), जिसमें प्रधान कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, कंपनी के खिलाफ

किसी भी ग्राहक शिकायत के लिए सर्वोच्च आंतरिक अपीलीय प्राधिकारी है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान समिति ने 14 बार बैठक की एवं 22 मामलों का निपटारा किया। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान एक चार सदस्यीय स्वतंत्र समीक्षा समिति (आई आ रसी) का भी पुनर्गठन किया गया, जिसमें न्यायपालिका, बैंकिंग, विदेश व्यापार एवं ऋण बीमा के क्षेत्र के बाहरी विशेषज्ञ शामिल थे, जो वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान एक बार मिले एवं 6 मामलों का निपटारा किया। कंपनी इरडा के केंद्रीकृत एकीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सी आई जी एम एस) से जुड़ी हुई है, जहां ग्राहक सीधे लॉग ऑन कर सकते हैं एवं अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पॉलिसीधारकों के पास अब अपनी संबंधित शिकायतों को या तो सी आई जी एम एस पर अथवा कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से दर्ज करने का विकल्प है। इसके अलावा, कंपनी कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार विभाग, भारत सरकार द्वारा केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) द्वारा संचालित शिकायत निवारण प्रणाली से भी जुड़ी हुई है।

ऊर्जा संरक्षण व प्रौद्योगिकी विलयन का विवरण

कंपनी (लेखा) नियमों, 2014 के नियम 8(3) के साथ पढ़ी जाने वाली कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) के अनुसरण में वांछित सूचना, कंपनी के व्यवसाय के स्वरूप को देखते हुए, कंपनी द्वारा दिया जाना अपेक्षित नहीं है।

विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी के विदेशी मुद्रा अर्जन ₹56.03 करोड़ (पिछले वित्तीय वर्ष में ₹39.09 करोड़) रहे जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान विदेशी मुद्रा व्यय ₹2.30 करोड़ (पिछले वित्तीय वर्ष ₹1.95 करोड़) रहा।

नियुक्त बीमांकक

कंपनी ने भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई आर डी ए आई) के अनुमोदन से दिनांक 18.04.2021 से पूर्ण-कालिक नियुक्त बीमांकिक (ए ए) अनुबंधित किया है।

वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान एक अलग बीमांकिक विभाग की स्थापना की गयी, जो कि बीमांकिक कार्यों में ए ए की सहायता करता है जैसे "उपगत पर रिपोर्ट न किया गया "(आई बी एन आर)/ "उपगत पर पर्याप्त रिपोर्ट न किया गया (आई बी एन ई आर) दावा अनुमानों, आस्ति देयता प्रबंधन रिपोर्ट, अनुमानित दावा लागत वित्तीय स्थिति मूल्यांकन रिपोर्ट, आर्थिक पूँजी गणना, उत्पाद मूल्य निर्धारण एवं समीक्षा आदि कार्य ।

ए ए के रिपोर्ट एवं पर्यवेक्षण कंपनी के समग्र जोखिम प्रबंधन नीति के निर्धारण में सहायक होते हैं। नियुक्त बीमांकिक एवं परामर्शदाता बीमांकिक अपने कार्य आई आर डी ए आई (ए ए) अधिनियम 2017 एवं आई आर डी ए आई (ए ए) अधिनियम 2017 के अधीन जारी अस्थायी प्रावधानों के दिशानिर्देशों के अनुसरण में ही कार्य करते हैं।

सांविधिक लेखा परीक्षक

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी के लेखों की लेखा परीक्षा हेतु भारतीय नियंत्रक व महा लेखापरीक्षक (सी एंड ए जी) द्वारा उनके दिनांक 29 सितम्बर 2021 के पत्र के जरिये संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा शाखाओं के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की गयी, जिसका संज्ञान दिनांक 18 नवंबर 2021 को सम्पन्न निदेशक मण्डल की बैठक में लिया गया तथा लेखा परीक्षा समिति द्वारा किए गए संस्तुति के अनुसार सी एंड ए जी द्वारा नियुक्त प्रत्येक लेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा शुल्क को निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किया गया। दिनांक 18 नवम्बर 2021 को सम्पन्न 63 वीं वार्षिक साधारण बैठक में पारित संकल्प के जरिये निदेशक मण्डल ने अपने शेयरधारकों को प्राधिकृत किया है कि वे, वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी के प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा शाखा कार्यालयों के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 139(5) के अधीन भारतीय नियंत्रक व महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाने वाले संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों के परिश्रमिक निर्धारित करें व अनुमोदित करें तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों से कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 141 के अधीन आवश्यक प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया है।

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

कंपनी का अपना लेखा परीक्षा तंत्र है जिसमें संगामी लेखा परीक्षा, आंतरिक लेखा परीक्षा एवं निवेश संव्यवहारों की लेखा परीक्षा संबन्धित प्रणालियाँ शामिल हैं, जो व्यवसाय के स्वरूप एवं इसके प्रचालनों के आकार के अनुरूप हैं। लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में प्रधान कार्यालय अथवा कंपनी की विभिन्न शाखाओं की प्रक्रियाओं के साथ साथ संव्यवहार भी शामिल हैं। लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों की निदेशक मण्डल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समय समय पर समीक्षा की जाती है। मेसर्स ए बी एम एंड एसोशिएट एल एल पी, सनदी लेखाकार, मुंबई फर्म पंजीकरण संख्या 105016W/W-100015 तथा मेमर्स एस एन के एंड कंपनी सनदी लेखाकार, मुम्बई, फर्म पंजीकरण संख्या 109176W भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा कंपनी के वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रधान कार्यालय के लेखों एवं समेकित लेखों की लेखा परीक्षा हेतु नियुक्त संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक हैं। शेयरधारकों को लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण के साथ संलग्न है।

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षकों (सी ए जी) की कंपनी के लेखों पर टिप्पणी

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा टिप्पणियां निदेशकों की रिपोर्ट का परिशिष्ट के रूप में भाग एवं संलग्नक बनेगी।

कंपनी शासन

कंपनी का कंपनी शासन दर्शन सभी संबन्धित सांविधिक एवं विनियामक निधारणों का समय पर अनुपालन करना तथा उचित कंपनी शासन प्रचलनों का निर्माण एवं उसका कड़ाई से अनुपालन करना है। आर एस पाडिया एंड एसोशिएट्स, कंपनी सचिव पेशेवर (एफ सी एस 6804, सी ओ पी 7488) से प्राप्त सर्टिफिकेट, कंपनी शासन की रिपोर्ट के साथ विस्तृत कंपनी शासन रिपोर्ट इसके साथ संलग्न है जो इस वार्षिक रिपोर्ट का अभिन्न अंग है **(अनुलग्नक I)**

सचिवीय लेखा परीक्षा

मेसर्स ए. लखोटिया एंड कंपनी (पूर्व में अभिषेक लखोटिया एंड कंपनी के नाम संचालित), सेक्रेटेरियल लेखा परीक्षक (एफ सी एस 9082, सीओपी 10547) से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी की सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट (फॉर्म नंबर एम आर-3) (**अनुलग्नक II**) दिनांक 1 अक्टूबर 2020 से 22 सितंबर 2021 तक महिला निदेशक की गैर-नियुक्ति के संबंध में गैर-अनुपालन और आई आर डी ए आई के साथ विवरणी दाखिल करने में दो देरी की सूचना दी। इस पर प्रबंधन का प्रति उत्तर निम्नलिखित है:

क्र.सं.	पर्यवेक्षण	प्रबंधकीय प्रतिक्रिया
1.	आई आर डी ए आई को अर्धवार्षिक तकनीकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट दाखिल करने में उनतीस दिनों का विलम्ब;	अप्रैल-सितंबर 2021 की अवधि के लिए तकनीकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट दिनांक 18 नवंबर, 2021 को सम्पन्न हुई बैठक में निदेशक मण्डल को प्रस्तुत कर बाद में आई आर डी ए आई के साथ दायर की गई, जिसके परिणामस्वरूप 29 दिनों की देरी हुई। मौजूदा कोविड -19 महामारी की स्थिति के कारण कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार अनुमत अंतराल के भीतर बोर्ड की बैठक दिनांक 18 नवंबर 2021 को देरी से बुलानी पड़ी।

2.	आई आर डी ए आई बी ए पी मॉड्यूल के अंतर्गत लेखा डेटा के तिमाही अपलोडिंग में अठारह दिनों का विलंब	आई आर डी ए आई के बी ए पी मॉड्यूल पर छमाही खातों के लिए डेटा को अपलोड करने की नियत तिथि 14 नवंबर 2021 थी (आई आर डी ए आई द्वारा कोविड -19 की दूसरी लहर के कारण अर्धवार्षिक खातों के विवरण वाले अन्य अनुपालन की तिथि को 14 नवंबर 2021 से बढ़ाकर दिनांक 29 नवंबर 2021 तक कर दिया गया था)। मौजूदा कोविड -19 महामारी की स्थिति के कारण कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार अनुमत अंतराल के भीतर बोर्ड की बैठक दिनांक 18 नवंबर 2021 को देरी से बुलानी पड़ी। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा दिनांक 18 नवंबर, 2021 को सम्पन्न बैठक में निदेशक मण्डल के उचित अनुमोदन के
		साथ आई आर डी ए आई के बी ए पी मॉड्यूल पर खातों का डेटा अपलोड किया गया था।
3.	दिनांक 01 अक्टूबर 2020 से 22 सितंबर 2021 तक महिला निदेशक की नियुक्ति के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उप धारा (1) का साथ गैर-अनुपालन	कंपनी द्वारा जोरदार अनुवर्ती कार्रवाई के बाद प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा एक महिला निदेशक की नियुक्ति की गई थी, जो दिनांक 23 सितंबर, 2021से प्रभावी हैं। उसके बाद बोर्ड की संरचना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उप धारा (1) के प्रावधानों के अनुरूप है।

इस वित्तीय विवरण के वित्तीय वर्ष के अंत तक तथा इस रिपोर्ट की तारीख के बीच, कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन तथा प्रतिबद्धता

I. उद्यम जोखिम प्रबंधन (ई आर एम)

देश में जून 2021 के दौरान कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर चरम पर थी। भारत सरकार ने वर्ष के दौरान प्रतिबंधों को लागू किया था एवं मार्च 2022 तक इन प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से धीरे-धीरे वापस ले लिया गया था।
कड़े संधि शर्तों के बावजूद, पुनर्बीमाकर्ता कारोबारी माहौल में बढ़ते जोखिम की स्थिति में भी जोखिम को कम करने के लिए तैयार हैं। इन घटनाक्रमों के प्रभाव का आकलन किया जाना अभी बाकी है एवं कंपनी किसी भी प्रतिकूल स्थिति को प्रबंधित करने एवं उस पर काबू पाने के लिए आश्वस्त है।

II. अंधेरी प्रॉपर्टी का अद्यतन
कार्यालय परिसर

1. निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2015 को सम्पन्न अपनी 398 वीं बैठक के दौरान कार्यालय भवन के लिए, सी पी डबल्यू डी से दिनांक 26.05.2015 के पत्र में वर्णित ₹111,24,12,901/- के अनुमानित व्यय को अनुमोदन प्रदान कर दिया था। उक्त हेतु ही ईसीजीसी एवं केन्द्रीय लोक कार्य विभाग (सी.पी.डबल्यू.डी.) के मध्य दिनांक 06/06/2016 को हमारे अंधेरी प्लॉट पर कार्यालय भवन के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन (स झा) पर हस्ताक्षर किए गए।

2. समझौता ज्ञापन के खंड संख्या 7 के अनुसार, सी पी डब्ल्यू डी ने जमा की किश्तों की मांग की थी एवं तदनुसार, कंपनी ने अब तक कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 100 प्रतिशत जमा राशि के रूप में ₹111,24,12,901 का कुल भुगतान किया है।

3. ठेकेदार, सैम इंडिया बिल्टवेल प्रा लिमिटेड, ने दिनांक 30 मार्च, 2017 से कार्यालय भवन के लिए निर्माण कार्य शुरू किया। पूर्ण किए गए कार्य का प्रतिशत 98% (सिविल) एवं 95% (ई एंड एम कार्य) है। कंपनी ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एम सी जी एम) से ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (ओ सी) प्राप्त करने की प्रक्रिया में है।

4. निदेशक मंडल ने 07 अगस्त, 2019 को आयोजित अपनी 422 वीं बैठक में, अंधेरी साइट पर नए कार्यालय भवन के लिए कारखाने से बने नॉक-डाउन कार्यालय मॉड्यूलर फर्नीचर की खरीद एवं स्थापना के लिए ₹926.62 लाख के प्रारंभिक लागत

अनुमान को मंजूरी दी। यह सी पी डब्ल्यूडी को सूचित किया गया था एवं इसके लिए कंपनी तथा सी पी डब्ल्यू डी द्वारा 26 सितंबर, 2019 को एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए थे। समझौता ज्ञापन के खंड बी (3) एवं सी पी डब्ल्यू डी से प्राप्त अनुरोध के अनुसार, कंपनी ने स्वीकृत अनुमान के 100% अग्रिम जमा के रूप में ₹926.62 लाख जमा किए हैं।

<u>आवासीय परिसर</u>

1. निदेशक मंडल द्वारा 07 नवंबर, 2016 को सम्पन्न अपनी 405 वीं बैठक में ₹73,95,80,728 के प्रारंभिक अनुमान पर एक आवासीय परिसर के निर्माण को मंजूरी दी गई।

2. ईसीजीसी एवं सी पी डब्ल्यू डी ने कंपनी के आवासीय भवन परिसर के निर्माण के लिए 10 जनवरी, 2017 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

3. कंपनी ने 30 जनवरी, 2017 को ₹73,95,80,728 की अनुमानित प्रारंभिक लागत के 10% की प्रारंभिक जमा राशि के रूप में सी पी डब्ल्यू डी को ₹7,39,58,073 का भुगतान किया।

4. सी पी डब्ल्यू डी ने आवासीय भवन परिसर के निर्माण के लिए निविदा जारी की थी। निविदा 28 दिसंबर, 2017 को खोली गई।

5. कंपनी को मुंबई महानगर निगम (एम सी जी एम) से दिनांक 02 दिसंबर, 2017 का पत्र सं. CHE/116/BP/(Spl.Cell)LOKE/- 337 प्राप्त हुआ, जिसमें आर डी डी पी-2034 (मई 2016) में 9.15 मीटर डी पी रोड (विकास योजना) को प्लॉट के भीतर बनाए रखते हुए व आर एच .2.1 (अस्पताल), आर ओ एस 1.1 (सार्वजनिक खुली जगह) का आरक्षण रद्द करने की सूचना दी गई थी।

6. उपरोक्त घटनाक्रम को देखते हुए पूर्व में ले-आउट के लिए दिया गया अनुमोदन अमान्य हो गया। नतीजतन, पांच आवासीय भवनों के निर्माण के लिए ठेका देने के लिए चयनित बोली को सी पी डब्ल्यू डी द्वारा वापस ले लिया गया एवं हमारे अनुरोध पर सी पी डब्ल्यू डी ने जमा भुगतान वापस कर दिया।

7. डी पी रोड के लिए आरक्षण अस्पताल एवं सार्वजनिक खुले स्थान के सामान्य उद्देश्य के लिए प्रदान किया गया था। चूंकि अस्पताल एवं सार्वजनिक खुली जगह के लिए आरक्षण खाली कर दिया गया था, डी पी रोड के लिए आरक्षण का कोई उद्देश्य नहीं था एवं इस हिस्से के लिए भी आरक्षण को सही तरीके से लागू किया

जाना चाहिए था। कंपनी ने उपरोक्त डी पी रोड को आरक्षित करने के लिए 14 दिसंबर, 2017 के पत्र संख्या ईसीजीसी/एपीडीसी/245/2017 के माध्यम से शहरी विकास विभाग के माध्यम से महाराष्ट्र सरकार को अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया।

8. शहरी विकास विभाग के साथ जोरदार अनुवर्ती कार्रवाई के बाद, महाराष्ट्र सरकार ने 12 मार्च 2021 की अधिसूचना संख्या टीपीबी-432/सीआर-20/2021/यूडी-11 के तहत प्लॉट से डीपी रोड 9.15 मीटर को हटाने की मंजूरी दी।

9. आर्किटेक्ट्स ने पहले सूचित किया था कि एम सी जी एम द्वारा लागू फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफ एस आई) को ऊपर की ओर संशोधित किया गया है। उन्होंने सुझाव दिया था कि कंपनी आवासीय भवनों की योजना की समीक्षा कर सकती है एवं एम सी जी एम द्वारा अनुमोदन के लिए योजना प्रस्तुत करने से पहले फ्लैटों की संख्या / क्षेत्र में वृद्धि सहित आवश्यक संशोधनों को समायोजित किया जा सकता है। तदनुसार, प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट्स ने हमारी आवश्यकताओं के आधार पर तीन संशोधित ले आउट प्रस्तुत किए। सी पी डब्ल्यू डी के परामर्श से, कंपनी ने विकास के लिए पांच भवनों में 154 फ्लैटों के लिए ले आउट के साथ योजना को अंतिम रूप दिया। आगे की प्रगति को सक्षम करने के लिए आर्किटेक्ट्स को अतिरिक्त विनिर्देशों की समीक्षा करने की सलाह दी गई है।

<u>यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड</u>

1. कंपनी द्वारा अंधेरी संपत्ति में कार्यालय एवं आवासीय भवनों के निर्माण के अनुबंध को समाप्त किए जाने के बाद कंपनी यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा शुरू की गई मध्यस्थता कार्यवाही में शामिल रही है। जबकि यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्टर ने कंपनी पर ₹23,02,81,857 का दावा प्रस्तुत किया है, 30 जून 2015 को, कंपनी ने ₹31,63,42,930 के मुआवजे का दावा किया है।
2. यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स ने जून 2017 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एन सी एल टी) के समक्ष दिवाला के लिए दायर किया था एवं एन सी एल टी ने 'मोराटोरियम' का आदेश पारित किया था। यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स एवं कंपनी के बीच मध्यस्थता में पिछली सुनवाई 20 दिसंबर, 2017 को हुई थी। यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर लगाए गए स्थगन को देखते हुए, मध्यस्थता की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई थी एवं 'स्टे' अभी भी जारी है। एन सी एल टी में पिछली सुनवाई 05 अप्रैल 2022 को हुई थी एवं यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स के

दिवालिया होने पर आदेश सुरक्षित है। मध्यस्थता कार्यवाही में आदेश एन सी एल टी के आदेश के बाद पारित किया जाएगा।

<u>एचसीएल से संबंधित लंबित मध्यस्थता मामले का अद्यतन:</u>

1. कंपनी द्वारा मध्यस्थता के अंतर्गत ₹25,52,48,342.96 एवं ब्याज का दावा प्रस्तुत किया है एवं एच सी एल द्वारा ₹ 146,98,02,403 एवं ब्याज का एक प्रति दावा प्रस्तुत किया गया है।
2. इस मामले में साक्ष्य दाखिल करने, गवाहों की परीक्षा एवं जिरह, मौखिक दलीलें एवं दोनों पक्षों की ओर से लिखित दलीलें पूरी कर ली गई हैं। वर्तमान में मध्यस्थता निर्णय, मध्यस्थता न्यायाधिकरण की ओर से प्रतीक्षित है।
3. मध्यस्थता निर्णय के आधार पर, यदि आवश्यक हो, कंपनी उस प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के दौरान, जिसमें निर्णय आया है, हेतु उचित लेखांकन समायोजन करेगी।

<u>सूचना प्रौधोगिकी कार्यान्वयन कार्यक्रम का अद्यतन</u>

कंपनी एवं एच सी एल के बीच मध्यस्थता कार्यवाही का तर्क चरण मार्च 2021 में पूरा हो गया था, एवं अंतिम लिखित तर्क प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में मध्यस्थता निर्णय प्रतीक्षित है।
मध्यस्थता निर्णय के आधार पर,यदि आवश्यक हो, कंपनी उस प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के दौरान, जिसमें निर्णय आया है, हेतु उचित लेखांकन समायोजन करेगी।

कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति को विकसित एवं कार्यान्वित करने से संबंधित विवरण

कंपनी निर्यात ऋण जोखिम बीमा कारोबार में है एवं यह आई आर डी ए आई के साथ गैर जीवन बीमा कंपनी के रूप में पंजीकृत है। निर्यात ऋण जोखिम का समूहन कारोबार की प्रकृति में ही निहित है। कंपनी ने, उपक्रम व्यापक सूचना प्रणाली स्थापित कर अपने आतंरिक जोखिम प्रबंधन संरचना के ज़रिये कंपनी के जोखिम प्रोफाईल का नियमन के लिए अपने जोखिम प्रबंधन नीति की समीक्षा की। जोखिम प्रबंधन के भाग के रूप में कंपनी सदैव ही अपने कारोबार के सभी पहलुओं में विवेकपूर्ण सीमा के लिए जोखिम मानदंडों के कार्यान्वयन के अतिरिक्त भारत सरकार से पर्याप्त पुनर्बीमा/सहायता प्राप्त करने के लिए तत्पर है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर एम् सी) कंपनी के कारोबार के जोखिम प्रोफाइल को प्रभावित करने वाली विवेकपूर्ण सीमा एवं विकासों के लिए जोखिम मानदंडों के कार्यान्वयन को मॉनिटर करती है। कंपनी द्वारा एक निवेश पोर्टफोलियो बनाया गया है जिसमें शेयरधारकों एवं पॉलिसीधारकों की निधियों का विवरण है। निवेश जोखिमों का प्रबंधन विविध उद्योग एवं प्रतिभूतियों में इस प्रकार निवेश के

ज़रिये किया जाता है कि जिससे यह सुनिश्चित किया जाए कि निवेश में अधिकाधिक अर्जन हो एवं नकदी जोखिम न्यूनतम हो। बोर्ड की निवेश समिति द्वारा इसे मॉनिटर किया जाता है। कंपनी बोर्ड द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंधन (ए एल एम) नीति का पालन किया जाता है एवं मॉनिटर किया जाता है। ए एल एम स्थिति की सूचना तिमाही आधार पर बोर्ड की आर एम् सी को रिपोर्ट की जाती है। कंपनी ने बाहरी परामर्शदाताओं की सहायता से इसे एवं अधिक गतिशील बनाने के लिए इसके जोखिम प्रबंधन कार्यों में सुधार करने के लिए कार्यवाही आरम्भ की है।

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी एस आर) पर वार्षिक रिपोर्ट:

कृपया **अनुलग्नक III** का संदर्भ लें।

कंपनी एक्ट 2013 के सेक्शन 186 के अंतर्गत ऋण, गारंटी अथवा किए गए निवेश का ब्यौरा

शून्य।

संबन्धित पक्ष के साथ किए गए समझौते अथवा संविदा का ब्यौरा

सामान्य रूप से कारोबार में उचित दूरी के आधार पर की गयी संविदाओं अथवा समझौते अथवा अंतरण के विवरण:

एन ई आई ए ट्रस्ट भारत सरकार द्वारा स्थापित एक पब्लिक ट्रस्ट है। ईसीजीसी इस ट्रस्ट की देखरेख करता है। कार्यपालक निदेशक (पॉलिसी मामले) इस ट्रस्ट के प्रबंधन ट्रस्टी तथा अप्रनि इसके अध्यक्ष हैं। ईसीजीसी प्रशासनिक व्ययों की पूर्ति के लिए 5% प्रीमियम आय का हकदार है। ईसीजीसी द्वारा वर्ष 2006 से इस ट्रस्ट का प्रबंधन किया जा रहा है।

निदेशकों का दायित्व वक्तव्य

अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) के अनुसार निदेशकगण निदेशक के दायित्व वक्तव्य का समर्थन करते है एवं ये सुनिश्चित करते हैं कि-

(क) कंपनी ने आवश्यक तथ्यों से विचलन, यदि कोई हो तो, पर उचित स्पष्टीकरणों के साथ वार्षिक लेखा विवरण तैयार करते समय उपयुक्त लेखांकन मानदंडों का प्रयोग किया है।

(ख) दिनांक 31 मार्च, 2022 तक कंपनी के कार्यो को सही एवं उचित रूप से प्रस्तुत एवं दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के लाभ को प्रदर्शित करने के लिए निदेशकों ने उचित लेखा नीतियों का चयन किया है एवं उन्हें नियमित रूप से लागू किया है तथा तार्किक एवं बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय एवं अनुमान किये हैं;

(ग) कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों के बचाव तथा किसी तरह के धोखे अथवा अन्य अनियमित्ताओं को रोकने एवं पता लगाने के लिए, लेखांकन रिकॉर्ड को तैयार करने में निदेशकों ने यथेष्ट तथा पर्याप्त सावधानी बरती है;

(घ) निदेशकों ने दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखांकन 'लाभकारी कारोबार वाले संस्थान' आधार पर किया;

(ङ) निदेशकों ने कंपनी के अनुपालन हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का निर्धारण किया है जो कि यथोचित है एवं प्रभावी रूप से काम कर रहा है; तथा,

(च) निदेशको नें सभी संगत कानूनों के अनुपालन हेतु एक समुचित तंत्र की रचना की है तथा यह तंत्र यथोचित है एवं प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है।

अभिस्वीकृति

निदेशक मंडल अभिलिखित रूप से, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग तथा वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, बाह्य मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार, सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई आर डी ए आई), भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, भारतीय रिज़र्व बैंक, नीति आयोग एवं विभिन्न देशों में स्थित भारतीय उच्चायोग कार्यालय का, कंपनी के सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु तथा कंपनी के मामलों एवं विकास मे विशेष रुचि दिखने के लिये आभार व्यक्त करता है। निदेशकगण निर्यातकों, बैकों एवं पुनर्बीमा कंपनियों के भी आभारी हैं

जिन्होंने कंपनी पर अपना सतत विश्वास बनाए रखा। निदेशकगण रेटिंग एजेंसियों एवं ऋण वसूलीकर्ताओं को भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने क्रमशः कंपनी के बीमांकन तथा वसूली के कार्य में कंपनी की सहायता की। साथ ही निदेशकगण एफ़ आई ई ओ, विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों, औधोगिक संस्थानों, व्यापार मंडलों, व्यापारिक संस्थाओं तथा बीमा ब्रोकरों के प्रति उनके समर्थन एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। निदेशक गण अभिलिखित रूप में, लेखापरीक्षकों को समय समय पर उनके द्वारा दी गयी सलाहों एवं समर्थन के लिए, धन्यवाद देते हैं। निदेशकगण सभी कर्मचारी तथा अधिकारियों के भी आभारी हैं जिन्होंने सतत निष्ठा एवं प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया एवं कंपनी को इसके व्यापार में अग्रणी स्थान पर बने रहने के लिए सक्षम बनाया।

कृते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से

एम. सेंथिलनाथन
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डी आई एन 07376766

स्थान : मुंबई
दिनांक : मई 25, 2022

अनुलग्नक I

कंपनी शासन

कंपनी शासन पर ईसीजीसी का दर्शन

कंपनी सम्प्रेषण में पारदर्शिता एवं ईमानदारी तथा सभी हितधारकों के लिए पूर्ण, सही एवं स्पष्ट सूचना की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। भारत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों के लिए संगत तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों एवं कंपनी शासन की श्रेष्ठ पद्धतियों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु कंपनी प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है।

कंपनी स्वयं को अपने हितधारकों का ट्रस्टी मानती है तथा हितधारकों की संपत्ति के सृजन, उसकी सुरक्षा तथा हितों के प्रति अपने उत्तरदायित्व को स्वीकार करती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निगम कंपनी नीतियों, विशिष्ट कारोबार योजनाओं, हामीदारी पॉलिसी/ प्रक्रियाओं, विवेकशील जोखिम प्रबंधन पॉलिसियों/ प्रथाओं तथा लेखा पॉलिसियों को बनाते एवं कार्यान्वित करते हुए अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए रही है। सभी पॉलिसियाँ/ प्रक्रियाएं वैधानिक अथवा नीतिगत दायित्वों का पालन करते हुए बनाई गयी हैं।

निदेशक मंडल

निदेशक मंडल रणनीतियां एवं नीतियां का निर्माण करता है तथा सावधिक रूप से कंपनी के निष्पादन की समीक्षा करता है। कंपनी के निदेशक मण्डल का गठन कंपनी के अंतर्नियम के अनुच्छेद 63 के साथ पढ़े जाने वाले अनुछेद 57 द्वारा नियंत्रित होता है। अनुच्छेद 57 एवं 63 यह प्रावधान करता है कि निदेशक मंडल में एक अध्यक्ष एवं एक प्रबंध निदेशक अथवा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (जहां अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक का पद एक ही व्यक्ति द्वारा ग्रहण किया जाता हो एवं वहाँ वही व्यक्ति हो), एक कार्यपालक निदेशक/कार्यपालक निदेशक (पॉलिसी मामले) /कार्यपालक निदेशक (परिचालन) / वरिष्ठतम कार्यपालक निदेशक तथा कम से कम तीन एवं अधिकतम 13 अन्य निदेशक हों जिसमें भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय आयात निर्यात बैंक, भारतीय साधारण बीमा निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, भारतीय निर्यात संगठन महासंघ, निर्यात संवर्धन परिषद तथा निर्यात से जुड़े व्यक्ति शामिल होते हैं। सरकारी कंपनी होने के कारण निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। वर्तमान तिथि तक, बोर्ड में तेरह में से पांच अंशकालिक निदेशकों के पद रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।

निदेशक मंडल में कार्यपालक निदेशकों तथा गैर-कार्यपालक निदेशकों का ईष्टतम संयोजन है। स्वतंत्र निदेशक (गैर कार्यपालक अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक यथा सा क्षे उ (डी पी ई) दिशानिर्देशों के अनुसार) ने बोर्ड को यह दर्शाते हुए अपने प्रकटनों को प्रस्तुत किया है कि उन्होने कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों के रूप नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यता को वे पूरा करते हैं।

बोर्ड द्वारा अनुमोदित कंपनी की सम्बंधित पक्ष अंतरण (आर पी टी) नीति यह सुनिश्चित करती है कि सामान्य तथा साधारण व्यापार सम्बंधी सभी सम्बन्धित पक्ष अंतरण लेखा परीक्षा समिति एवं/अथवा बोर्ड के ध्यानार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाते हैं। बोर्ड के सदस्यों तथा मुख्य प्रबंधकीय व्यक्तियों (के एम पी) द्वारा किसी भी सम्विदा में, जिससे वह सम्बंधित हैं, अपने रुझान का प्रकटन आवश्यक है।

बोर्ड जोखिम प्रबंधन योजना की सावधिक पुनरीक्षा करता है तथा इसके कार्यान्वयन हेतु उपचारात्मक कार्यवाही करता है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान निदेशक मण्डल में शामिल निदेशकों की योग्यता सहित नाम, नियुक्ति की तारीख तथा श्रेणीयाँ जिनके आधार पर उन्हे नियुक्त किया किया गया है, का विवरण **सारणी 1** के अंतर्गत निम्नलिखित है:

तालिका **1**

क्र. सं.	**निदेशकों के नाम**	**शैक्षणिक योग्यता**	**बोर्ड में नियुक्ति की तिथि (DD/MM/YYYY)**	**श्रेणी**
1.	श्री एम सेंथिलनाथन, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, ईसीजीसी लिमिटेड	बी एस सी, एम.बी ए.	30-12-2015 29-04-2020 से प्रभावी अ प्र नि	कार्यकारी निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)
2.	श्री विपुल बंसल, आई ए एस	बी.कॉम, सी ए	16/11/2021	गैर-कार्यपालक अंशकालिक सरकारी निदेशक (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

3.	श्रीमती अपर्णा भाटिया, आईईएस	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, एम. फिल.	16/11/2021	गैर-कार्यकारी अंशकालिक सरकारी निदेशक (वित्त मंत्रालय, भारत सरकार)
*4.	श्री शिरीष चंद्र मुर्मू, कार्यपालक निदेशक, आर बी आई	एम एस सी, सी ए आई आई बी	10/01/2020	गैर-कार्यपालक अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
*5.	सुश्री हर्षा बंगारी, एमडी, एक्ज़िम बैंक	बीकॉम, सी ए	23/09/2021	पदेन गैर-कार्यपालक अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
*6.	श्री देवेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, जी आई सी	एम एस सी (भौतिकी), पी जी डी बी एम	21/01/2020	पदेन गैर-कार्यपालक अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
*7.	डॉ. ए. शक्तिवेल, अध्यक्ष, फियो	ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा	09/08/2021	पदेन गैर-कार्यपालक अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
*8.	श्री अमित कुमार अग्रवाल	वाणिज्य में स्नातकोत्तर	03/11/2021	गैर-कार्यपालक अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
*9.	श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा	मानविकी में स्नातकोत्तर	11/11/2021	गैर-कार्यपालक गैर-सरकारी निदेशक
10.	श्री सुनील जोशी, कार्यपालक निदेशक (पॉलिसी मामले), ईसीजीसी लिमिटेड	एम एस सी (भौतिक विज्ञान)	09/07/2020	क्रियाशील निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)

11.	श्री अमिताभ कुमार, आई आर एस	एम बी ए, एल एल बी,	20/11/2020 (दिनांक 16/11/2021 से निदेशक के रूप में कार्यकाल की समाप्ती)	गैर-कार्यपालक अंशकालिक सरकारी निदेशक (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
12.	श्री के. राजारमन, आई ए एस	बी.टेक, एम बी ए (फिन एम जी टी।), एम ए (अर्थशास्त्र)	08/08/2018 (दिनांक 18/10/2021 से निदेशक के रूप में कार्यकाल की समाप्ती)	गैर-कार्यपालक अंशकालिक सरकारी निदेशक (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
*13.	श्री शरद कुमार सराफ, अध्यक्ष, फियो	आई आई टी बॉम्बे से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	22/07/2019 28/06/2021) (दिनांक 28/06/2021 से निदेशक के रूप में कार्यकाल की समाप्ती)	पदेन गैर-कार्यकारी अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
14.	श्री डेविड पॉल रसकिन्हा, एम डी, एक्जिम बैंक	प्रबंधन में स्नातकोत्तर	22/07/2019 (दिनांक 31/05/2021 से निदेशक के रूप में कार्यकाल की समाप्ती)	पदेन गैर-कार्यकारी अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक

* गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक

नए निदेशकों का संक्षिप्त परिचय:-

1. श्री विपुल बंसल

श्री विपुल बंसल 2005 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। दिनांक 01 नवंबर से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने वित्त एवं रक्षा सहित भारत सरकार के कई मंत्रालयों में कार्य किया है। वह वर्तमान में निर्यात संवर्धन (रत्न एवं आभूषण, सेवाएं), विदेश व्यापार

(एल ए सी, एस टी, एस ए / सार्क / ईरान), एस ई जेड, समझौता ज्ञापन, व्यापार वित्त एवं परियोजना विकास देख रहे हैं।

श्री बंसल ने 2001 में अपनी चार्टर्ड एकाउंटेंसी पूरी की है। वह श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं, जहां उन्होंने 1998 में वाणिज्य में स्नातक की डिग्री पूरी की।

वे दिनांक 16 नवंबर, 2021 को कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में शामिल हुए।

2. श्रीमती अपर्णा भाटिया

श्रीमती अपर्णा भाटिया 1996 बैच की भारतीय आर्थिक सेवा की अधिकारी हैं। वह वर्तमान में वित्त मंत्रालय में सलाहकार (द्विपक्षीय सहयोग) के रूप में तैनात हैं। श्रीमती भाटिया पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं, जहां उन्होंने 1996 में अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर एवं उसके बाद एम. फिल पूरा किया।

वे दिनांक 16 नवंबर, 2021 को कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में शामिल हुईं।

3. सुश्री हर्षा बंगारी

सुश्री हर्षा बंगारी भारतीय निर्यात-आयात बैंक (इंडिया एक्ज़िम बैंक) की प्रबंध निदेशक हैं। इससे पहले वह इंडिया एक्ज़िम बैंक की उप प्रबंध निदेशक, मुख्य महा प्रबंधक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी थीं।

सुश्री बंगारी वर्ष 1995 में इंडिया एक्ज़िम बैंक में कार्यग्रहण किया, वह वित्तीय क्षेत्र में 27 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ एक वित्त पेशेवर हैं एवं उन्हें बैंक के सभी उत्पादों को कवर करने वाले कार्यों में बैंक की प्रक्रियाओं एवं व्यावसायिक नीतियों का गहन ज्ञान है, बॉर्डर प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग के साथ-साथ रिस्क मैनेजमेंट, क्लाइंट सर्विसिंग एवं लायबिलिटी साइड मैनेजमेंट, जिसमें ट्रेजरी फंक्शंस एवं विदेशी मुद्रा संसाधन शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऋण पूंजी बाजार एवं अंतर्राष्ट्रीय परियोजना वित्त क्षेत्रों में उनकी रुचि हैं, जहां उन्हें 14 वर्षों से अधिक का परिचालन अनुभव है।

सुश्री बंगारी वाणिज्य स्नातक एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं।

वे दिनांक 23 सितंबर, 2021 को कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में शामिल हुईं।

4. डॉ. ए. शक्तिवेल

डॉ. ए. शक्तिवेल फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष हैं एवं अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ए ई पी सी) के दक्षिणी क्षेत्र के प्रभारी भी हैं। साढ़े तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ एक दूरदर्शी व्यापार एवं उद्योग नेता,

कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किये जाने वाले हिन्दी पत्राचार में निरंतर वृद्धि हो रही है। कंपनी के सभी कम्प्यूटरों में यूनिकोड फॉन्ट इंस्टाल कर दिए जाने से सभी कर्मियों को राजभाषा में कार्य करने में काफी सुविधा हो रही है। सभी शाखाओं में कार्यरत सभी कर्मियों द्वारा अपने ग्राहकों यथा निर्यातकों व बैंकरों को द्विभाषी में ई मेल भेजे जाते हैं। कंपनी का वेबसाईट द्विभाषी में उपलब्ध है।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सब स्टाफ सहित शाखाओं तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों के लिए वर्चुअल माध्यम से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जो कि सभी द्विभाषी थे। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में राजभाषा नीति के लिए एक अलग सत्र शामिल था ।

कंपनी की सभी शाखा कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय में नियमित रूप से राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन किया जाता है तथा उसमें विस्तृत रूप से सम्बंधित शाखा कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय के विभागों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर चर्चा की

जाती है। जहाँ भी कमियां पायी गयी जाती हैं उन्हें दूर करने के उपाय किए जाते हैं। शाखा कार्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर समुचित ध्यान देने हेतु कंपनी के प्रधान कार्यालय के अधिकारियों (राजभाषा अधिकारियों) द्वारा निरीक्षण किया जाता है एवं प्रत्येक तिमाही में अखिल भारतीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का भी आयोजन किया जाता है जिसमें कंपनी के वरिष्ठतम अधिकारियों द्वारा प्रधान कार्यालय के विभागों, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं शाखा कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर चर्चा की जाती है एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

प्रधान कार्यालय एवं कंपनी की विभिन्न शाखा कार्यालयों जैसे ठाणे, लुधियाना, पानीपत, जालंधर, इंदौर, विशाखापट्टनम, कोची, सेलम, बंगलूरु शाखा कार्यालय एवं द क्षे - II को गृह मंत्रालय एवं संबन्धित न रा का स द्वारा पुरस्कृत किया गया है

अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध

वर्ष 1957 से, ईसीजीसी बर्न यूनियन (ऋण तथा निवेश बीमाकर्ताओं का अंतर राष्ट्रीय संघ), निर्यात ऋण तथा निवेश बीमाकर्ताओं के लिए अग्रणी अंतर राष्ट्रीय संध ,का एक सक्रिय सदस्य रहा है। ईसीजीसी बर्न यूनियन में शामिल होने वाला पहला एशियन सदस्य है एवं इसकी गतिविधियों से नज़दीक से जुड़ा हुआ है। आपसी समझ बढ़ाने, निर्यात ऋण बीमा में मूल सिद्धांतों को विकसित करने और उत्पाद ज्ञान, तकनीकी सहित अन्य क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने में सदस्यों के बीच बातचीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व व्यापार में बर्न यूनियन सदस्यों द्वारा 2.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर जो कि विश्व व्यापार का लगभग 13% है को भुगतान जोखिम से सुरक्षा प्रदान की गई। ईसीजीसी द्वारा बी यू की अल्पावधि समिति की प्रबंध समिति में प्रतिनिधित्व किया गया।

कंपनी, बर्न यूनियन के अल्पावधि, मध्यम एवं दीर्घावधि (एम एल टी) व निर्यात क्रेडिट एजेंसी (ई सी ए) समिति की सदस्य है। इसके अतिरिक्त, कंपनी क्षेत्रीय सहायता समूह (आर सी जी), एशिया-पेसिफिक क्षेत्र से सदस्यों की विशेष परिषद, की भी सदस्य है। श्री सुनील जोशी कार्यपालक निदेशक बर्न यूनियन की अल्पावधि समिति के वर्तमान उपाध्यक्ष हैं।

कोविड -19 आपदा के कारण बी यू द्वारा आभाषी माध्यम से अपनी बैठकें आयोजित की गईं। कंपनी द्वारा एम एल टी समिति की अप्रैल 2021 में आयोजित बैठक, मई 2021 में आयोजित स्प्रिंग बैठक एवं जुलाई 2021 में आयोजित प्रबन्धन समिति की बैठक में भाग लिया गया है।

72वीं आर सी जी बैठक सितंबर 2021 में आयोजित की गई एवं कंपनी का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा किया गया। बैठक के दौरान कोविड 19 से प्रभावित व्यवसाय एवं अर्थव्यवस्था पर चर्चा की गई।

ईसीजीसी वैश्विक स्तर पर ईसीए के साथ निकटता से कार्य करता है। दिनांक 20 & 21 अक्टूबर 2021 के दौरान जी -12 की आभाषी बैठक आयोजित की गई जिसमें कंपनी की ओर से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया। इस बैठक में ईसीए के प्रमुखों को कारोबार परिचलन, आपदा के बाद जी 12 ईसीए के बीच आपसी सहयोग, कोविड 19 का वैश्विक असर एवं आपदा से निपटने के लिए नई पॉलिसियों जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा के अवसर प्रदान किए।

कंपनी ब्रिक्स निर्यात क्रेडिट ऋण एजेंसी फॉरम जिसमें ए बी जी फ (ब्राज़ील), एक्सियार (रशिया), ईसीजीसी (भारत), सिनोश्युर (चीन) एवं ई सी आई सी एस ए (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं। कंपनी 2012 में गठित निर्यात ऋण पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यसमूह का भी सदस्य है।

दिनांक 8 जून 2021 को, कंपनी एवं उज़्बेकइन्वेस्ट, एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट इन्शुरेंस कंपनी जे एस सी, उज्बेकिस्तान संघ की आधिकारिक निर्यात ऋण एजेंसी के साथ सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर अप्रनि, ईसीजीसी एवं श्री आर खालिकोव, फ़र्स्ट डेप्युटी डाइरेक्टर जनरल, उज़्बेकइन्वेस्ट एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट इन्शुरेंस कंपनी जे एस सी, उज्बेकिस्तान संघ द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य निर्यात ऋण बीमा और अन्य संबंधित गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला में साझेदारी और सहयोग स्थापित करना और निर्यातकों और वित्तीय संस्थानों, जो एक-दूसरे देशों को वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात की सुविधा प्रदान करते है, को निर्यात ऋण बीमा सहायता प्रदान करके संयुक्त सहयोग को मजबूत करना है।

दिनांक 27 जुलाई 2021 को, कंपनी ने मोज़ाम्बिक सरकार के स्वामित्व वाली साधारण बीमा कंपनी, एम्प्रेसा मोकैम्बिकाना डी सेगुरोस (ईमोसे), मोज़ाम्बिक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एम ओ यू पर अप्रनि, ईसीजीसी और श्री जोआकिम माक्वेटो लांगा, अध्यक्ष एवं सी ई ओ, ईमोसे, मोजाम्बिक द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य कंपनी और ईमोसे के बीच संबंधों के लिए एक सामान्य ढांचा तैयार करना और भारत और मोजाम्बिक के बीच व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग बढ़ाना है और किसी तीसरे देश के लिए परियोजना के रूप में, जहां उपयुक्त हो, अपने संबंधित देशों से वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति करना है।

दिनांक 30 दिसंबर 2021 को, कंपनी ने निजी संयुक्त स्टॉक कंपनी "एक्सपोर्ट क्रेडिट एजेंसी" (पी जे एस सी ई सी ए), यूक्रेन जो कि यूक्रेन की आधिकारिक निर्यात क्रेडिट एजेंसी है के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर अप्रनि, ईसीजीसी और श्री रुस्लान हाशेव, प्रबंधन बोर्ड, पीजेएससी ईसीए, यूक्रेन के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों कंपनियों के बीच संबंधों के लिए एक ढांचा तैयार करना और भारत और यूक्रेन के बीच व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग बढ़ाना है।

श्री एम सेंथिलनाथन, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अप्रनि), ईसीजीसी, वर्तमान में अफ्रीकी व्यापार बीमा (ए टी आई) एजेंसी के निदेशक मण्डल में निदेशक के रूप में भारत गणराज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। कंपनी द्वारा भारत सरकार की ओर से ए टी आई की इक्विटी में लगभग 12 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश किया गया है। यह निवेश अफ्रीकी महाद्वीप के देशों के साथ व्यापार और सहयोग को बढ़ावा देने में भारत सरकार के रणनीतिक हितों को सुगम बनाता है।

व्यापार को बढ़ावा देने और समग्र कारोबारी वातावरण तैयार करने के लिए, कंपनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और क्रेडिट बीमा डोमेन से संबंधित विषयों पर बीयू द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों और कार्यशालाओं में भाग लिया गया। इसमें अप्रैल 2021 में अमेरिका में दावों और वसूली पर वेबिनार, जून 2021 में कैपेसिटी शेयरिंग मार्केटप्लेस वर्कशॉप, जुलाई 2021 में आयोजित एम एल टी टेक्निकल

पैनल वेबिनार, सितंबर 2021 में आयोजित एसएमई स्पेशलिस्ट वेबिनार और अक्टूबर 2021 में आयोजित एसटी कमेटी वेबिनार शामिल थे।

वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी द्वारा निर्यात ऋण बीमा से संबंधित मुद्दों पर निर्यात विकास कनाडा (मुंबई कार्यालय) के अधिकारियों के साथ एक आभासी मंच के माध्यम से द्विपक्षीय चर्चा की गई।

मानव संसाधन व औद्योगिक संबंध

दिनांक 31 मार्च 2022 तक कंपनी में कुल 569 कार्मिक कार्यरत थे जिनमें 544 कार्यपालक तथा 25 गैर कार्यपालक शामिल हैं। इसमें 152 महिला कर्मचारी शामिल हैं जो कि कुल कार्यबल के 27% हिस्सा हैं।

बदलते कारोबारी माहौल एवं बेहतर लागत और परिचालन तालमेल के साथ एक शीर्ण सेवा नेटवर्क बनाने के लिए, चेन्नई और बेंगलुरु में दक्षिणी क्षेत्र के कार्यालयों को समेकित कर एकल क्षेत्रीय कार्यालय बनाने के लिए विलय कर दिया गया जो बेंगलुरु में स्थित है। दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालयों के इस विलय से दक्षिणी क्षेत्र में हितधारकों और ग्राहकों के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण पेश कर कंपनी के समग्र प्रदर्शन के और बेहतर होने की आशा है।

वर्ष के दौरान, अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी द्वारा अप्रेंटिशिप योजना का अनुपालन किया गया जहां स्नातक अप्रेंटीज को औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्यालय परिचालन कार्यपालक (बैक ऑफिस) के स्तर पर कार्य पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए परिवीक्षाधीन अधिकारियों की नियुक्ति के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई तथा वर्ष के दौरान समूह ख के अंतर्गत 59 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने कार्यग्रहण किया। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी द्वारा पुनः भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई है। कंपनी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति योजना के अंतर्गत कंपनी में समूह ग के छह उम्मीदवारों की नियुक्ति की गई है।

औद्योगिक संबंध एवं श्रम कानून संबंधी सभी सांविधिक प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन किया गया। कंपनी में वर्ष के दौरान सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध बने रहे। वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा अपने कर्मियों के लिए उनके स्वास्थय, आर्थिक उन्नति सम्बन्धी व्यापक कल्याणकारी सुविधाएँ जारी राखी गईं।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एवं कंपनी की कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पॉलिसी के अनुसार आंतरिक शिकायत समितियाँ (आई सी सी सी) उन सभी शाखाओं / कार्यालयों में जहां 10 से अधिक कार्यरत हैं कार्य कर रही हैं । एक आई सी सी का गठन प्रका में किया गया है जिसमें प्रका के सभी विभाग, मुंबई स्थिति वे शाखाएँ शामिल हैं जहाँ कर्मचारी की संख्या 10 से कम है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, इस अधिनियम के तहत दायर मामलों की संख्या शून्य है।

प्रशिक्षण

इस परिवर्तनशील प्रतिस्पर्धी वातावरण में प्रशिक्षण की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ कारोबार आवश्यकताओं के अनुसार अधिकारियों को प्रतिस्पर्धात्मक अग्रता प्राप्त हो। ये बेहतर निष्पादन के लिए नए कौशल की प्राप्ति तथा वर्त्तमान क्षमता में विकास में सहायतक साबित होती है। वित्त वर्ष 2021 - 22 के दौरान , सभी स्तरों के कर्मचारियों को विभिन्न इन हाउस तथा बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नामित किया गया। समूह क व ख के अधिकारियों के लिए वर्ष के दौरान पॉलिसी एवं ई सी आई बी दोनों क्षेत्रों के लिए अलग अलग दावा एवं हामीदारी कार्यशालाओं का अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान शाखा प्रबन्धकों एवं क्षेत्र अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। गया। इसके अतिरिक्त कार्मिकों को उनके कार्य के अनुरूप स्पोंसरशिप प्रशिक्षण में नामित किया गया। समूह ग व समूह घ के कर्मियों के लिए मानसिक एवं भौतिक स्वास्थ्य विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

दिव्यांगों का प्रतिनिधित्व

कंपनी दिव्यांगों को रोजगार उपलब्ध करने हेतु प्रयासरत है। दिनांक 31 मार्च, 2022 तक कंपनी के रोल्स में 18 दिव्यांग कर्मचारी कार्यरत हैं। दिव्यांगजन समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भीगीदारी) (अधिनियम 1995 के अधीन प्रावधानों का पालन करते हुए कंपनी की सेवा में कार्यरत दिव्यांग व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व का विवरण **अनुलग्नक V** में है।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रतिनिधित्व:

कंपनी में अनु .जा./अजजा. की नियुक्ति तथा आंतरिक पदोन्नति में आरक्षण के सभी नियमों का सख्ती से पालन किया जाता है। भारत सरकार की ओर से प्राप्त संबन्धित निर्देशों के अनुसार कंपनी ने 'पद-आधारित रोस्टर प्रणाली' अपनाई गयी है। सीधी भर्ती द्वाराअजा, अजजा, अपिजा एवं ई डब्ल्यू एस कोटे के अंतर्गत भरी गयी आरक्षित रिक्तियों का विवरण अनुलग्नक VI में उल्लिखित है। अजा, अजजा, अपिजा एवं ई डब्ल्यू एस के प्रतिनिधित्व का विवरण अनुलग्नक VII में उल्लिखित है।

सामान्य प्रशासन

1. कंपनी का राजस्व और पूंजी व्यय निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित वार्षिक बजट से नियंत्रित और संचालित हुआ है.

2. सभी शाखा कार्यालयों /क्षेत्रीय कार्यालयों को भारत सरकार की सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों) एमएसएमई (से खरीद की पॉलिसी को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये गए हैं। भारत सरकार की सार्वजनिक खरीद पॉलिसी जो अप्रैल,2012 में समस्त एमएसएमई के लिए बनाई गयी कहती है कि, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की वस्तुओं और सेवाओं की वार्षिक आवश्यकता के25 % की खरीद सूक्ष्म और लघु उद्योगों)एमएसई से करना आवश्यक है। सरकार ने इस 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों तथा 4% अ.जा. और अजजा के स्वामित्व वाली एमएसई से खरीद का उप-लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त वर्ष 2021-22, के दौरान, कंपनी द्वारा मार्च 2022 के अंत तक कुल 14.11 करोड़ रु की खरीद की गई जिसमें से 6.02 करोड़ रु (42.66%) की खरीद एम एस एम ई की गई जिसमें से 24.09 लाख रु (4%) की खरीद अजा/अजजा उद्यमियों एवं 54.01 लाख रु (8.97%) की खरीद महिला उद्यमियों के जरिए की गई।

3. कंपनी द्वारा वस्तुओं की एक सूची बनाई तैयार की गई है जो आवश्यकता पड़ने पर एम एस एम ई से खरीदीं जा सकती हैं। एमएसएमई को भुगतान में देरी की कोई भी मामला नहीं है।

4. कंपनी ने ई-प्रकाशन नीति का भी अनुपालन किया है जो भारत सरकार की 2012 की ई-खरीद नीति का एक हिस्सा है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) के माध्यम से खरीद के संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, कंपनी ने वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए जेम (GeM) पोर्टल के साथ पंजीकरण किया है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, जेम (GeM) पोर्टल के माध्यम से ₹5.04 करोड़ की खरीद की गई, जो कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी द्वारा ₹14.11 करोड़ की कुल खरीद का 35.72% है। निर्देशानुसार, मार्च, 2022 तक मासिक खरीद डेटा एमएसएमई संबंध पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

भारतीय लेखा मानकों का अनुपालन

आई आर डी ए आई द्वारा दिनांक 21जनवरी 2020 के परिपत्र सं IRDAI/F&A/CIR/ACTS/023/01/2020 द्वारा सूचित किया गया है कि इंड ए एस 109 जो कि भारत में आई एफ़ आर एस 17 का अभिमुखी लेखांकन मानक है, बीमा क्षेत्र पर अन्य इंड ए एस के साथ लागू होगा। अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानक बोर्ड (आई ए एस बी) द्वारा आई एफ आर एस 17 को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अनुपालन की इसके प्रभावी तिथि पर निर्णय लिया जाएगा। तदनुसार, कंपनी इस विषय पर आई आर डी ए आई के अगले निर्देशों हेतु प्रतीक्षारत है।

कृत निदेशक मंडल की ओर से

एम सेंथिलनाथन
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डी आई एन - 07376766

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25, मई 2022

लंबित सी ए जी पैरा एवं प्रबंधन के प्रत्युतर

क्रसं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	पैरा का संक्षेप	रिपोर्टिंग स्थिति
1.	भाग – IIख, वर्ष 2016-17 के पैरा 1 का उपपैरा (2)	नई दिल्ली में कार्यालय परिसर के अधिग्रहण के लिए 9.36 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी करना।। (2015-16 की अवधि के लिए लेखापरीक्षा अनुपालन)	लेखापरीक्षा द्वारा पाया गया कि कंपनी ने एनबीसीसी को ₹55.17 करोड़ का भुगतान किया है। चूंकि वाणिज्यिक आबंटित भवन स्थान कम था तदनुसार वास्तव में देय राशि को कम किया जाना चाहिए था । इसके परिणामस्वरूप कंपनी द्वारा ₹9.36 करोड़ का अधिक भुगतान किया गया। कंपनी ने उत्तर दिया कि दिनांक 02/15/2017 की एनबीसीसी की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, इसके पूर्ण होने की अनुमानित अनुबंध तिथि 30/11/2019 थी। निर्धारित भुगतान अनुसूचित के अनुसार अगस्त 2016 से पहले सभी किश्तों का भुगतान किया गया था और एन बी सी सी द्वारा सितंबर 2016 में, स्थान की कमी के बारे में सूचित किया और अंतिम किस्त में समायोजन करने का अनुरोध किया गया। सीएजी द्वारा धन वापसी की स्थिति के बारे में पूछताछ करने पर, कंपनी द्वारा सीएजी को सूचित किया कि एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली ने उनके खाते का मिलान कर लिया है और कंपनी को विलंबित भुगतान पर ब्याज के रूप में ₹26,74,436/- की कटौती के बाद ₹46,85,803/- वापस कर दिए हैं। कंपनी के अधिकारियों द्वारा मुख्य

			महाप्रबंधक, एनबीसीसी से कई बार मुलाकात की गई और इस मुद्दे पर चर्चा की गई। कंपनी के अधिकारियों ने कंपनी से वसूल की गई ब्याज राशि की वापसी की मांग की वास्तविकता के बारे में बताया। एनबीसीसी ने तब मामला आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) को विचार के लिए प्रस्तुत किया। हालाँकि, एन बी सी सी ने अपने पत्र के माध्यम से सूचित किया कि एमओएचयूए अनुरोध पर सहमत नहीं हुआ है। चूंकि एमओएचयूए ने अनुरोध पर विचार नहीं किया है, कंपनी द्वारा सीएजी से पैरा रद्द करने का अनुरोध किया गया है। इस पैरा पर सी ए जी का उत्तर दिनांक 31-03-2022 तक प्रतीक्षित था।

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
2.	भाग – II ख, वर्ष 2016-17 के पैरा 1	खाता विवरण (एस ओ ए) भेजने में देरी और पुनर्बीमा शेष प्राप्त करने में देरी और विलंबित भुगतानों के लिए ब्याज नहीं वसूलना। (2016-17 की अवधि के लिए लेनदेन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	लेखापरीक्षा ने पाया कि मार्च 2017 को समाप्त तिमाही के लिए पुनर्बीमाकर्ताओं को एसओए एक महीने की देरी से भेजा गया था और इस प्रकार निधियों का अवरोधन हुआ और परिणामस्वरूप ब्याज की हानि हुई। इसके अलावा, कंपनी ने पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा राशि के भुगतान में देरी के लिए पुनर्बीमाकर्ताओं से ब्याज नहीं लिया जिसके परिणामस्वरूप ब्याज की और हानि हुई। कंपनी ने उत्तर दिया कि कंपनी की व्यावसायिक इकाइयों और पुनर्बीमा विभाग द्वारा उपयोग

			किए जा रहे वर्तमान एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर को 2002 में विकसित किया गया था और प्रौद्योगिकी के मामले में पुराना और अप्रचलित है। जब सिस्टम 2001 में डिजाइन किया गया था, तब पुनर्बीमा लेखांकन और पुनर्बीमा से संबंधित रिपोर्टों के लिए कोई प्रावधान नहीं था। कंपनी ने "प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक) के साथ पुनर्बीमा सॉफ्टवेयर सहित "मुख्य बीमा सॉफ्टवेयर के सुधार" की प्रक्रिया शुरू की है और ऐसी सभी विस्तारित कार्यक्षमताओं को सी-डैक द्वारा संशोधित कोर बीमा सॉफ्टवेयर में प्रदान किया जाएगा। लेखापरीक्षा द्वारा इसके बाद अपने पत्रों के जरिए कंपनी से नए सॉफ्टवेयर के विकास की स्थिति के बारे में सूचित करने का अनुरोध किया गया। कंपनी ने अपने पत्रों के माध्यम से सीएजी को अपडेट किया है कि नया सॉफ्टवेयर विकास उन्नत चरणों में है और सॉफ्टवेयर के चरण -1 के दिसंबर 2022 तक लाइव होने की उम्मीद है। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
3.	भाग – II ख, वर्ष 2017-18 का पैरा 2	पुनर्बीमाकर्ता से ₹171.79 करोड़ का पुनर्बीमा हिस्सा प्राप्त करने में विलम्ब।	लेखापरीक्षा ने पाया कि कंपनी ने ईसीआईबी के तहत विभिन्न बैंकों को एक खाते पर ₹275.22 करोड़ के दावे का भुगतान किया। कंपनी ने उस वित्तीय वर्ष के दौरान ₹40 करोड़ से अधिक के

		(2016-17 की अवधि के लिए लेनदेन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	नुकसान को कवर करने के लिए एक पुनर्बीमाकर्ता के साथ अतिरिक्त हानि संधि की थी। कंपनी ने पुनर्बीमाकर्ता से ईओएल संधि के तहत ₹171.48 करोड़ का भुगतान करने की मांग की। कंपनी ने पुनर्बीमाकर्ता के साथ कई दौर की चर्चा और कई पत्राचार किए और सभी दस्तावेज और स्पष्टीकरण उन्हें प्रस्तुत किए । लेकिन, राशि नहीं मिली । कंपनी ने भुगतान में देरी के लिए न तो कोई जुर्माना लगाया और न ही राशि की वसूली के लिए कोई कानूनी कार्रवाई शुरू की । कंपनी ने उत्तर दिया कि पुनर्बीमाकृत ने हमेशा पुनर्बीमाकर्ता के साथ सहयोग किया है और दावे के निपटान के लिए आवश्यक सभी दस्तावेज और स्पष्टीकरण दिए हैं। उपरोक्त के अलावा, कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने पुनर्बीमाकर्ता के अध्यक्ष से मुलाकात की और मामले पर विचार किया। बाद में मामले की सूचना अध्यक्ष, आईआरडीएआई को दी गई और कंपनी पुनर्बीमाकर्ता के साथ-साथ अनुवर्ती कार्रवाई भी कर रही है। वित्तीय सेवा विभाग से एमओसी पत्र की प्रतिक्रिया अभी भी प्रतीक्षित है। कंपनी पुनर्बीमाकर्ता के साथ दावे के निपटान के लिए अनुवर्ती कार्रवाई कर रही है और सीएजी को सूचित किया है कि मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया जाएगा। कानूनी सहारा के विकल्प पर विचार नहीं किया गया है, जो कि कंपनी का अंतिम उपाय होगा और सीएजी से पैरा को रद्द का अनुरोध किया गया है।

			इस पैरा पर सी ए जी का उत्तर दिनांक 31-03-2022 तक प्रतीक्षित था।

क्रसं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	पैरा का संक्षेप	रिपोर्टिंग स्थिति
4.	भाग – II ख, वर्ष 2018-19 का पैरा 5	बैंक कारोबार शाखा (बैंकाशा) और निर्यातक कारोबार शाखा (ईबीबी) की वसूली के लंबित बकाया दावों का भुगतान। (2017-18 की अवधि के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	कैग ने पाया कि बैंकों और निर्यातकों को बैंकों को निर्यात ऋण बीमा/पॉलिसी कवर के तहत दावों के निपटान के बाद, कंपनी को निर्यातकों के बैंकों/बैंकों से उस अनुपात के अनुसार निपटान किए गए दावों की वसूली करनी होगी जिसमें कंपनी और बैंक / निर्यातक के बीच हानि का वहन किया गया था। । लेखापरीक्षा ने पाया कि दावा आंकड़ों की तुलना में वसूली के आंकड़े बीबीबी द्वारा 8.79% और ईबीबी द्वारा 3.20% थे। इसके अलावा, बीबीबी के तहत 80% मामले और ईबीबी के तहत 65% मामले 10 वर्षों से अधिक समय से वसूली के लिए लंबित थे। लेखापरीक्षा ने कंपनी से 10 से अधिक वर्षों से लंबित दावों को बट्टे खाते में डालने, जहां कोई कानूनी कार्रवाई शुरू नहीं की गई है/कोई संपार्श्विक प्रतिभूतियां उपलब्ध नहीं हैं और लंबित दावों की वसूली के लिए आगे कदम उठाए गए हैं, के लिए की गई कार्रवाई को साझा करने का अनुरोध किया । कंपनी ने उत्तर दिया कि बीबीबी से संबंधित मामलों के लिए, प्रत्येक वसूली मामले में तिमाही अनुस्मारक पत्रों और व्यक्तिगत बैठको के रूप में वसूली के लिए बैंकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की प्रणाली है। वर्तमान में, कंपनी किसी भी दावे को तभी बट्टे खाते में डाल

			सकती है, जब संबंधित बैंक का प्रधान कार्यालय बकाया राशि को बट्टे खाते में डालने का निर्णय लेता है। इसी तरह, ईबीबी से संबंधित मामलों के लिए, किसी निर्यातक को दावे का भुगतान करने के बाद मामले को वसूली के लिए लिया जाता है। पुनर्विक्रय/पुन: आयात के कारण भुगतान किए गए दावे को तुरंत बट्टे खाते में डाल दिया जाता है, जबकि दिवाला या चूक के मामले में शाखा मामले में प्रगति की प्रतीक्षा करती है और प्रभावी वसूली कार्रवाई के लिए सभी निर्यातकों को समय पर अनुस्मारक पत्र भेजकर निगरानी करती है। कंपनी ने सीएजी को यह भी सूचित किया कि सीएजी द्वारा दावों (10 वर्ष या अधिक) को बट्टे खाते में डालने के लिए दिया गया सुझाव जहां कोई कानूनी कार्रवाई शुरू नहीं की गई है/कोई संपार्श्विक प्रतिभूतियां उपलब्ध नहीं हैं, आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए कंपनी के प्रधान कार्यालय में दिशानिर्देश तैयार करने हेतु विचारधीन है। इसके बाद कंपनी ने सीएजी से प्राप्त पत्रों के जवाब में वसूली की वर्तमान स्थिति के बारे में सीएजी को अद्यतन किया और उनसे पैरा को रद्द का अनुरोध भी किया। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	पैरा का संक्षेप	रिपोर्टिंग स्थिति
5.	भाग – II ख, वर्ष 2019-20 का भाग 1	पुनर्बीमाकर्ताओं से नकद मांग करने में विलम्ब के परिणामस्वरूप ₹11.67 करोड़ के ब्याज की हानि हुई (2017-18 की अवधि के लिए संव्यवहार लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	लेखापरीक्षा ने पाया कि कंपनी ने कई पुनर्बीमाकर्ताओं के साथ स्वैच्छिक कोटा शेयर संधियां कीं। जैसा कि अनुबंधों में निर्धारित है, कोटा संधियों के तहत संबंधित पुनर्बीमाधारक के प्रीमियम, कमीशन और तिमाही के दावे सहित खातों का विवरण (एसओए) प्रत्येक तिमाही की समाप्ति से 60 दिनों के भीतर पुनर्बीमाकर्ताओं को भेजा जाना है। कैश कॉल पर आर्टिक्ल (संख्या 24) में आगे कहा गया है कि यदि बीमा दावे की राशि 10 करोड़ रुपये से अधिक है, तो पुनर्बीमाकर्ता दस कार्य दिवसों के भीतर पुनर्बीमाकर्ता से भुगतान के लिए अनुरोध कर सकता है। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान निपटाए गए दावों के लिए कोटा शेयर संधि के तहत कैश कॉल नहीं की, हालांकि तिमाही एसओए में भुगतान किए गए दावों के पुनर्बीमा हिस्से को शामिल किया। पुनर्बीमाकर्ताओं पर कैश कॉल के लिए अनुच्छेद 24 को लागू करने में विफलता के परिणामस्वरूप देय राशि की प्राप्ति में देरी हुई और ₹11.67 करोड़ के ब्याज की और हानि हुई। प्रबंधन ने उत्तर दिया कि सॉफ्टवेयर सहायता के बिना एसओए मैन्युअल रूप से तैयार किए जाते हैं और यदि निगम कैश कॉल का विकल्प चुनता है, तो उस विशेष खाते को कोटा शेयर से निकालना पड़ेगा और लेखांकन उद्देश्य के लिए अलग से बनाए रखा जाना होगा। स्वचालित

			कंप्यूटर सिस्टम/सॉफ्टवेयर की अनुपस्थिति में प्रत्येक खाते को अलग से बनाए रखना और फिर कोटा शेयर की गणना करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। आगे यह उत्तर दिया गया कि पुनर्बीमा व्यवसाय प्रक्रिया और लेखांकन को नई ईआरपी प्रणाली में शामिल किया गया है जो कि सी-डैक द्वारा विकसित किया जा रहा है। ईआरपी सिस्टम के लागू होने पर एसओए समय पर तैयार हो जाएंगे। . इसके अलावा, जैसा कि सीएजी ऑडिट टीम द्वारा सलाह दी गई है, कंपनी ने 2018-19 से 10 करोड़ रुपये से अधिक के पुनर्बीमा दावों के लिए कैश कॉल लागू करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने अपने पत्रों के माध्यम से सीएजी को आगे अद्यतन किया कि आज की तारीख में पुनर्बीमाकर्ताओं से कैश कॉल करने में कोई देरी नहीं हुई है और कंपनी ने अपने सभी फील्ड कार्यालयों और पुनर्बीमा टीम को नियमित आधार पर स्थिति की निगरानी करने के लिए संवेदनशील बनाया है। इसलिए कंपनी ने सीएजी से पैरा को हटाने का अनुरोध किया है। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।.

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
6.	वर्ष 2019-20 के लिए भाग II ख का पैरा 2	निर्यातक द्वारा ऋणदाता बैंक की जानकारी के बिना तीसरे पक्ष को	कंपनी द्वारा एक लीड बैंक के साथ 14 बैंकों के एक संघ के लिए पीसी और पीएस सहित कुल 813.85 करोड़ रुपये की सीमा को मंजूरी प्रदान की गई थी। इसके बाद कंसोर्टियम बैंकों

		संपार्श्विक प्रतिभूति के हस्तांतरण के कारण ₹ 294.72 करोड़ की राशि के निर्यातक पर दावा भुगतान में ₹47.25 करोड़ की वसूली की हानि। (वर्ष 2015-18 की अवधि के लिए लेखापरीक्षा निरीक्षण अनुपालन रिपोर्ट)	ने एनपीए और आरओडी की रिपोर्ट पहले एनपीए के साथ एक बैंक द्वारा रिपोर्ट की थी, पहला आरओडी एक अलग बैंक द्वारा रिपोर्ट किया गया था और पहला दावा दूसरे बैंक द्वारा दर्ज किया गया था। कंपनी की प्रधान कार्यालय दावा समिति द्वारा कंसोर्टियम बैंकों द्वारा ₹852.15 करोड़ के कुल दावे मे से ₹294.72 करोड़ के दावे को मंजूरी दी गई थी। इस संबंध में, लेखापरीक्षा द्वारा पाया गया कि : 1. कंसोर्टियम नद्वारा ₹ 225.96 करोड़ के लिए कुल संपार्श्विक सुरक्षा प्राप्त की , जिसमें निर्यातक के स्वामित्व वाली दो पवन चक्कियां शामिल हैं, जिनकी कीमत ₹ 63 करोड़ है। हालांकि, निर्यातक ने बैंकों के साथ पवन चक्कियों को कंसोर्टियम बैंकों की जानकारी के बिना एक अलग कंपनी में स्थानांतरित कर दिया। चूंकि निर्यातक द्वारा संपार्श्विक परिसम्पत्तियों को लीड बैंक की जानकारी के बिना स्थानांतरित कर दिया गया था, इसके परिणामस्वरूप ₹47.25 करोड़ की वसूली की संभावना समाप्त हो गई। 2. उपरोक्त महत्वपूर्ण तथ्य जुलाई 2016 में ही प्रकाश में आया; हालांकि, कंपनी ने दावे का अनुमोदन करते समय इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया। इस पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

			3. उपरोक्त तथ्य इंगित करता है कि बैंकों ने उक्त आस्तियों पर साम्यिक बंधक प्रभारों का सृजन नहीं किया। इसके अलावा, ₹395.82 करोड़ की कुल निवल संपत्ति वाले 15 व्यक्तियों की व्यक्तिगत गारंटी और 31.03.2012 को ₹28.51 करोड़ की कुल निवल संपत्ति वाली चार कंपनियों की कॉर्पोरेट गारंटियों को निष्पादित नहीं किया गया था। इस प्रकार, बैंकों की ओर से चूक के कारण, वसूली की संभावना धूमिल है। 4. पेशेवर मूल्यांकनकर्ताओं से मूल्यांकन प्रमाण पत्र के अभाव के कारण जीजेडी के निर्यात की प्रामाणिकता सुनिश्चित नहीं की जा सकी। बैंकों ने निर्यातक को सरफेसी नोटिस जारी किया जिसके परिणाम प्रतीक्षित था। वही लेखापरीक्षा को सूचित किया जाना है। कंपनी का उत्तर निम्नानुसार है : 1. सभी साम्यिक बंधक के मूल स्वत्व विलेख और संबंधित दस्तावेज लीड बैंक के पास उपलब्ध थे। प्रतिभूर्ती पर दावा लागू करने योग्य था। यह भी बताया गया कि लीड बैंक ने निर्यातक के खिलाफ बैंकों के पास गिरवी रखी संपत्ति बेचकर धोखाधड़ी करने के लिए आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत दर्ज की थी।

			2. दावों को मार्च 2016 में कंपनी की प्रधान कार्यालय दावा समिति (एचसीसी) द्वारा अनुमोदित किया गया था। सितंबर 2016 को दावे के प्रतिनिधित्व को मंजूरी दी गई थी जो एक सतत प्रक्रिया है। यह नोट किया जाना महत्वपूर्ण है कि सीबीआई को लीड बैंक की शिकायत के अनुसार, उधारकर्ता (निर्यातक) ने धोखाधड़ी से संपत्ति बेच दी। उपरोक्त उदाहरण में न तो बैंक और न ही कंपनी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। 3. यह नोट किया जा सकता है कि बैंकों के पास अभी भी समान गिरवी रखी गई प्रतिभूति पर उनके प्रभार हैं और बकाया की वसूली के अधिकार को सुरक्षित रखते हैं। 4. बैंकों द्वारा स्टॉक ऑडिट किया था और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। लेखा परीक्षकों द्वारा कोई बड़ी विसंगतियां नहीं पाईं गईं। कंपनी मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त नहीं करती है; हालांकि, बैंक मंजूरी के समय मूल्यांकन रिपोर्ट लेते हैं। इसके अलावा, निर्यात की प्रामाणिकता का पता शिपिंग बिल, आरबीआई के एक्सओएस / ईडीपीएमएस स्टेटमेंट और बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजी प्रमाणों से लगाया गया था।

			कंपनी द्वारा आगे सीएजी को सूचित किया गया कि उसने लीड बैंक के साथ पुष्टि की है। लीड बैंक ने पवन चक्की परियोजनाओं के संबंध में सेबी के पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की है, लेकिन खाते को धोखाधड़ी के रूप में घोषित किया है और इसके लिए आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद डीएफएस के साथ शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया में है। इसलिए कंपनी द्वारा सीएजी से पैरा रद्द करने का अनुरोध किया गया । दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।.

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
7.	वर्ष 2019-20 के लिए भाग II ख का पैरा 2	कुल वसूली और कंपनी को वसूली के आनुपातिक हिस्से की जानकारी के बिना बैंकों से प्रेषण। (वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए लेखापरीक्षा निरीक्षण अनुपालन रिपोर्ट)	लेखापरीक्षा ने पाया कि कंपनी के दिशानिर्देशों के अनुसार, किसी बीमित ऋण के संबंध में वसूली की कोई भी राशि, चाहे वह निर्यातक से हो या किसी अन्य व्यक्ति से, ऐसी वसूली या तो निर्यातक द्वारा या उसकी ओर से की गई हो, को बीमित बैंक के बीच और कंपनी उसी अनुपात में है जिस अनुपात में उनके बीच हानि साझा की गई हो साझा की जानी है । तथापि, निम्नलिखित मामलों की लेखापरीक्षा के दौरान निम्नलिखित टिप्पणियों को नोट किया गया : 1. एक बैंक ने अपने दो खातों में ओटीएस की सूचना दी। बैंक ने वसूली राशि साझा की है लेकिन वसूली राशि पर पहुंचने के

			लिए गणना की गई विवरण साझा नहीं किया है। 2. इसी तरह, एक अन्य बैंक ने सूचित किया है कि उनके एक खाते का निपटान किया गया था और बैंक को भुगतान की गई दावा राशि का 40 प्रतिशत रद्द कर दिया गया था। वसूली के स्रोत और वसूली शेयर की शुद्धता का अनुरोध 1 वर्ष 8 माह के बाद साझा किया गया था। 3. इसी बैंक ने अपने दूसरे खाते में से 1 पर वसूली साझा की है। कंपनी के शेयर की वसूली का स्रोत और गणना पत्रक अभी तक बैंक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। प्रबंधन ने उत्तर दिया कि शाखा ने सभी मामलों में बैंकों को वसूली के स्रोत और गणना के विवरण का पता लगाने के लिए कई अनुस्मारक पत्र भेजे हैं जिसके आधार पर बैंक ने हमारे साथ वसूली साझा की है। कंपनी पत्र के साथ-साथ व्यक्तिगत यात्रा के माध्यम से बैंक के साथ मामले का सख्ती से पालन कर रही है। इसलिए कंपनी ने सीएजी से पैरा को हटाने का अनुरोध किया। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।.

क्रसं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	पैरा का संक्षेप	रिपोर्टिंग स्थिति
8.	वर्ष 2019-20 के लिए भाग II ख का पैरा 3	बैंक से ₹4.92 लाख की कम वसूली। (वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए कंपनी की एक शाखा के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	बैंक द्वारा सूचित किया गया कि उसके एक उधारकर्ता के साथ ₹ 235.16 लाख की छूट प्रदान करते हुए ₹300.06 लाख की वसूली योग्य देय राशि के विरूद्ध ₹65.00 लाख पर एकमुश्त निपटान किया गया था। बैंक ने गणना पत्रक के साथ वसूली के हिस्से के रूप में कंपनी को ₹28.94 लाख वापस कर दिए। बैंक द्वारा प्रस्तुत गणना पत्रक के सत्यापन में कंपनी ने पाया कि उसके हिस्से की गणना सही नहीं थी। बैंक ने ₹28.94 लाख की राशि प्रेषित की है जबकि कंपनी की गणना के अनुसार यह ₹33.86 लाख थी। ₹4.92 लाख के इस कम भुगतान के बारे में बैंक को सूचित किया गया था और कंपनी द्वारा बैंक के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित ओटीएस की एक प्रति प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था। कंपनी ने आगे बैंक से अनुरोध किया कि वह विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित वसूली प्रारूप प्रस्तुत करे। लेखापरीक्षा ने पाया कि कंपनी की उक्त शाखा को उचित अनुवर्ती कार्रवाई के अभाव में बैंक से ₹4.92 लाख की वसूली नहीं हुई है। यदि वसूली के मामलों को शाखा स्तर पर हल नहीं किया जाता है, तो उच्च प्रबंधन स्तर पर अनुवर्ती कार्रवाई की जानी चाहिए। सीएजी ने आगे की कार्रवाई के लिए की गई कार्रवाई/उठाए जाने के लिए निर्देश दिए।

			कंपनी की शाखा द्वारा वसूली के स्रोत और गणना के विवरण का पता लगाने के लिए बैंक को कई पत्र और अनुस्मारक भेजे हैं, जिसके आधार पर बैंक ने हमारे साथ वसूली साझा की है। कंपनी बैंक के साथ भी संपर्क में है और व्यक्तिगत यात्राओं के साथ अनुवर्ती कार्रवाई कर रही है। मामले को आगे बढ़ाने के अनुरोध के साथ विषय मामले को एचओ (वसूली विभाग) को भी भेज दिया गया है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, संदर्भित ज्ञापन के तहत उत्तर को स्वीकार करने और उसे बंद करने का अनुरोध किया जाता है। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
9.	वर्ष 2020-21 के लिए भाग II ख का पैरा 1	खरीदार की स्थिति के सत्यापन के संबंध में उचित सावधानी के अभाव के परिणामस्वरूप दावा भुगतान के माध्यम से ₹107.77 लाख का परिहार्य व्यय हुआ। (वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए कंपनी की एक शाखा के लिए अनुपालन	लेखापरीक्षा ने पाया कि एक पॉलिसी धारक (पीएच) ने रवांडा के एक खरीदार को किए गए शिपमेंट के संबंध में दावा दायर किया था। कंपनी के क्षेत्रीय दावा प्रसंस्करण केंद्र (आरसीपीसी) द्वारा चूकों और ऋण की पावती के अभाव में, प्रभावी वसूली उपायों और वसूली के लिए पर्याप्त कानूनी कार्रवाई के अभाव में दावे को खारिज कर दिया गया था। पीएच द्वारा दावा पुनः प्रस्तुत किया गया। आरसीपीसी ने दावा देर से दाखिल करने, अतिदेय की रिपोर्टिंग में देरी के संबंध में चूक को नोट किया और स्वीकार्य राशि पर 25% की कटौती के साथ दावे की संस्तुति की। पीएच के औचित्य पर विचार किया गया क्योंकि यह देखा गया है कि अदालत के आदेश के अनुसार केन्या में स्थित

		लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	एक कंपनी जो रवांडा में खरीदार की मूल कंपनी भी थी, को पीएच को पॉलिसी जारी होने से 14 दिन पहले दिवालिया घोषित किया गया था। मूल कंपनी को दिवालिया घोषित किए जाने से एक दिन पहले पीएच ने पॉलिसी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। लेखापरीक्षा ने यह भी पाया कि न तो कंपनी और न ही पीएच को उक्त खरीदार या खरीदार की मूल कंपनी के बारे में कोई जानकारी थी जो वित्तीय / परिसमापन मुद्दों का सामना कर रही थी। पी एच ने पॉलिसी जारी होने के 20 दिन बाद शिपमेंट किया। पी एच का खरीदार के साथ कोई पिछला व्यापारिक संबंध नहीं था और उस उद्देश्य के लिए, पी एच केवल खरीदार के कंपनी के आकलन पर निर्भर था क्योंकि उसे सूचित किया गया था कि यदि खरीदार उचित नहीं पाया गया, तो पॉलिसी जारी नहीं की जाएगी। लेखापरीक्षा को यह सूचित किया गया था कि खरीदार जोखिमों की हामीदारी के संबंध में मूल निर्णय प्रधान कार्यालय में खरीदार हामीदारी विभाग (बीयूडी) द्वारा किया जाता है। प्रका-खबीवि भारतीय बैंकों और विदेशी बैंकों, क्रेडिट सूचना एजेंसियों, भारतीय दूतावासों / उच्चायोगों, विदेशों में निर्यात-प्रचार संगठनों के कार्यालयों, रेटिंग एजेंसियों अन्य एजेंसियों जैसे स्रोतों से खरीदारों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है। खरीदार के साथ निर्यातकों के अनुभव, खरीदार के साथ निगम के अनुभव जैसे कारकों पर भी हामीदारी से पहले विचार किया जाता है। लेखापरीक्षा ने देखा कि उपरोक्त निर्यातक को पॉलिसी जारी करने के दौरान, कंपनी केवल डी एंड बी की रिपोर्ट पर निर्भर थी जिसने

			सही तस्वीर प्रस्तुत नहीं की। कंपनी के प्रका-ख़बीवि को पॉलिसी की हामीदारी देने से पहले पॉलिसी गाइडलाइन का पालन करते हुए अन्य स्रोतों से भी जानकारी लेनी चाहिए थी। इस प्रकार, कंपनी की ओर से उचित तत्परता की कमी के परिणामस्वरूप पीएच को भुगतान किए गए दावे के रूप में ₹107.77 लाख का परिहार्य व्यय हुआ। कंपनी ने उत्तर दिया कि प्राप्त आधिकारिक दिवाला रिकॉर्ड के अनुसार, दिवाला की तिथि पर हस्ताक्षर/घोषणा पॉलिसी जारी होने के 3 दिन बाद की गई थी। दिवाला घोषणा के तहत केन्या में स्थित मूल कंपनी ने आधिकारिक प्रशासक नियुक्त किया था जो उसके बीमाधारक के तहत जोखिम के शुरू होने की तारीख से बहुत बाद में था। उसके बाद, खरीदार रवांडा से संबंधित है और शिपमेंट का गंतव्य रवांडा था और सभी आधिकारिक परिसमापन को केन्या में मूल कंपनी द्वारा निष्पादित किया गया है जो रवांडा क्षेत्र से परे एक अलग देश है। रवांडा गणराज्य केन्या गणराज्य के कानून की अनुमति से परे अलग देश है। पीएच ने केन्या के कानून की अदालत के तहत वसूली के लिए एक डीसीए नियुक्त किया है, जो उसके द्वारा नियुक्त दिवाला के आधिकारिक प्रशासक के अधीन है। उपरोक्त स्पष्टीकरण के आधार पर कंपनी ने सीएजी से पैरा को बंद करने का अनुरोध किया गया है दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	पैरा का संक्षेप	रिपोर्टिंग स्थिति
10.	वर्ष 2020-21 के लिए भाग II ख का पैरा 2	बीमित बैंक के साथ उचित संचार की कमी के परिणामस्वरूप बैंक द्वारा 23.52 लाख रुपये की वसूली में हिस्सा नहीं भेजा गया। (वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए कंपनी की एक शाखा के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	एक निर्यातक द्वारा की गई चूक के लिए कंपनी की शाखा द्वारा एक बैंक को एक दावे का भुगतान किया गया था, जिसके लिए बैंक द्वारा रिपोर्ट की गई चूक की रिपोर्ट ₹1.01 करोड़ थी। कंपनी के दिशानिर्देशों के अनुसार, दावों के भुगतान के बाद निर्यातक से वसूल की गई किसी भी राशि को कंपनी और बैंक के बीच उसी अनुपात में साझा किया जाएगा, जिसमें दावे के निपटारे के समय उनके द्वारा हानि का वहन किया गया था। अभिलेखों से यह पाया गया कि बैंक ने निर्यातक से ₹1.08 करोड़ की वसूली की, तथापि कंपनी को ₹23.52 लाख का अपना हिस्सा प्राप्त नहीं हुआ। कंपनी के प्रबंधन ने इस अवधि के दौरान बैंक द्वारा की गई कुल ₹1.08 करोड़ की डेटा-वार वसूली का विवरण मांगा। मामला कंपनी के प्रधान कार्यालय के ध्यान में लाया गया, हालांकि शाखा ने बैंक से वसूली के अपने हिस्से को प्राप्त करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं । बैंक ने कंपनी को सूचित किया कि आज तक कोई वसूली नहीं हुई है, इसलिए वसूली साझा करने का प्रश्न ही नहीं उठता। लेखापरीक्षा द्वारा आगे यह नोट किया गया कि बैंक की स्थानीय शाखा के साथ पत्राचार किया गया था। बैंक ने अपने जवाब में कहा कि चूंकि मामला 15 साल पुराना है और शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया है, इसलिए दावे के बारे में विवरण जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसके बाद बैंक ने कंपनी के शाखा कार्यालय से विवरण साझा करने का अनुरोध किया। हालांकि लेखापरीक्षा ने देखा कि इस संबंध में कोई और विकास नहीं हुआ है। चूंकि बैंक से प्राप्त ₹1.08 करोड़ की वसूली को दर्शाने वाले दस्तावेज कंपनी की फाइल में उपलब्ध हैं, इसे आगे की कार्रवाई के लिए बैंक को अग्रेषित किया जाना चाहिए।

			प्रबंधन द्वारा लेखापरीक्षा को सूचित किया गया कि वसूली प्रक्रियाधीन है और बैंक को बकाया वसूली साझा करने के लिए पत्र जारी किए। कॉर्पोरेट स्तर की वसूली आरंभ करने की प्रक्रिया के लिए मामले को कंपनी के उच्च प्राधिकारी को भी सूचित किया गया। कंपनी ने पत्र के माध्यम से सीएजी को यह भी सूचित किया कि कंपनी ने वसूली के हिस्से में देरी के लिए दंडात्मक ब्याज के साथ ₹1,11,58,392/- की वसूली की है। कंपनी ने कैग से लंबित पैरा को हटाने का भी अनुरोध किया है। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
11.	वर्ष 2020-21 के लिए भाग II ख का पैरा 3	वसूल की गई राशि के हिस्से में विलम्ब के लिए दण्डात्मक ब्याज प्रावधान का अधिरोपण न करना (वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए कंपनी की एक शाखा के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	लेखापरीक्षा ने पाया कि एक निर्यातक की चूक पर बैंक को 8.13 लाख रुपये के दावे का भुगतान किया गया था। तत्पश्चात, बैंक द्वारा निर्यातक से ₹25.00 लाख की राशि वसूल की गई और कंपनी को ₹4.74 लाख के हिस्से का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित अवधि की तुलना में 8 महीने के बाद किया गया। हालांकि, 30 दिनों से अधिक की देरी के लिए 4.74 लाख रुपये पर ब्याज राशि का न तो कंपनी द्वारा दावा किया गया और न ही बैंक द्वारा प्रेषित किया गया। प्रबंधन ने उत्तर दिया कि भुगतान किए गए दावे पर कंपनी ने ₹436920/- की वसूली की है क्योंकि पूरी दावा राशि की वसूली नहीं की गई है, अनुस्मारक नोटिस / पत्र भेजा जा रहा है जिसमें कहा गया है कि प्रेषण में किसी भी देरी पर मौजूदा आधार दर पर बैंक ब्याज लग सकता है। शेष भुगतान किए गए दावे की वसूली हर तिमाही में की जाती है।

			इसी तरह, उसी बैंक की एक अलग शाखा को ₹2375112/- के दावे का भुगतान किया गया था। बैंक द्वारा एक वचनबद्धता पर भी हस्ताक्षर किए गए थे कि वसूली के मामले में, कंपनी के शेयरों का भुगतान बैंक द्वारा वसूली के सात दिनों के भीतर किया जाएगा, जिसमें विफल रहने पर बैंक दर से 5% ब्याज का भुगतान देरी की अवधि के लिए किया जाएगा। लेखापरीक्षा ने पाया कि कंपनी ने बैंक से विलंब की अवधि के लिए ब्याज के साथ ₹10.71 लाख की वसूली राशि के अपने हिस्से को विप्रेषित करने का अनुरोध किया। प्रबंधन ने उत्तर दिया कि भुगतान किए गए दावा पर; कंपनी ने ₹10,71,110/- की वसूली की है शेष दावे की वसूली के लिए, कंपनी तिमाही आधार पर बैंक को रिमाइंडर नोटिस/पत्र भेज रही है। दंडात्मक ब्याज की वसूली के लिए नोटिस / पत्र भेजा गया है और वसूली की प्रक्रिया अभी भी बैंक की शाखा के साथ जारी है। लेखापरीक्षा ने वसूली की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ कंपनी को विलम्बित प्रेषण के लिए ब्याज सहित तथ्यों और आंकड़ों की पुष्टि के लिए अनुरोध किया। कंपनी ने अपने पत्र के माध्यम से यह भी उत्तर दिया कि कंपनी ने निर्यातक के खाते में बैंक की एक शाखा को ₹8,13,504.00 की राशि के दावे का भुगतान किया है। भुगतान किए गए दावे पर कंपनी ने केवल ₹4,36,920/- की वसूली की है। चूंकि कंपनी को संपूर्ण दावा निपटान राशि की वसूली नहीं हुई है, इसलिए कंपनी प्रत्येक तिमाही में बैंक से शेष राशि की वसूली के लिए रिकवरी रिमाइंडर भेज रही है। रिमाइंडर नोटिस / पत्र में कहा गया है कि प्रेषण में किसी भी देरी पर बैंक की मौजूदा आधार दर पर ब्याज लग सकता है। वसूली राशि को कंपनी के साथ उसी अनुपात में साझा किया जाना है जिसमें दावा निपटान के समय कंपनी द्वारा

			नुकसान उठाया गया था। दावे के निपटान की तारीख के बाद की अवधि के लिए वसूल किया गया ब्याज, यदि कोई हो, को दावे के भुगतान की तारीख से प्रेषण की तारीख तक आनुपातिक रूप से साझा किया जाना है। शेष भुगतान किए गए दावे की वसूली प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा, कंपनी ने बैंक की दूसरी शाखा को ₹ 23,75,112/- के दावे का भुगतान किया है, उक्त दावे भुगतान मूल्य पर कंपनी ने ₹10,71,110/- की वसूली की है ताकि कंपनी द्वारा भेजे जा रहे शेष दावों की वसूली की जा सके। तिमाही आधार पर बैंक को रिमाइंडर नोटिस / पत्र। दण्डात्मक ब्याज की वसूली हेतु नोटिस/पत्र भेजा गया है। बैंक से वसूली की प्रक्रिया अभी भी जारी है। बैंक शाखा कार्यालय ने ई-मेल के माध्यम से कहा है कि ओटीएस के तहत उनका वास्तविक वहन ₹3.09 करोड़ है और संकल्पित वहन ₹1.20 करोड़ है जिसके लिए बैंक ने वसूली की प्रक्रिया में दंडात्मक ब्याज की छूट का अनुरोध किया है। उपरोक्त स्पष्टीकरण के आधार पर सीएजी से पैरा को रद्द करने का अनुरोध किया गया था दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
12.	वर्ष 2020-21 के लिए भाग II ख का पैरा 4	टीडीएस/टीसीएस रिटर्न दाखिल करने में देरी के परिणामस्वरूप आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 234 ई के तहत लगाया गया जुर्माना	लेखापरीक्षा ने पाया कि किसी एक वित्तीय वर्ष की एक निश्चित तिमाही के लिए कंपनी की एक शाखा की दूसरी तिमाही के लिए टीडीएस रिटर्न /टीसीएस रिटर्न दाखिल करने की नियत तारीख के 10 दिन बाद दाखिल किया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹2000/- के विलम्ब शुल्क का भुगतान किया गया। आयकर अधिनियम की धारा 234ई के प्रावधान में कहा गया है कि कर कटौतीकर्ता (टीडीएस)

		(वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए कंपनी की एक शाखा के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	या कर संग्रहकर्ता (टीसीएस) को निर्धारित नियत तारीखों के भीतर टीडीएस/टीसीएस रिटर्न दाखिल करना आवश्यक है। किसी भी देरी के मामले में, कटौतीकर्ता या संग्रहकर्ता आयकर अधिनियम की धारा 234ई के प्रावधानों के अनुसार टीडीएस/टीसीएस रिटर्न न भरने/देरी से भरने के लिए विलंब शुल्क का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे, अर्थात इस अवधि के दौरान जितने दिन की देरी की जाती है उतने प्रत्येक दिन के लिए ₹200 शुल्क होगा । यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि टीडीएस / टीसीएस रिटर्न देर से दाखिल शुल्क के भुगतान के बिना दाखिल नहीं किया जा सकता है जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, हालांकि, देरी से विवरण प्रस्तुत करने की शुल्क की राशि टीडीएस/टीसीएस की राशि से अधिक नहीं होगी। प्रत्येक दिन के लिए ₹200.00 की राशि देरी से विवरण प्रस्तुत करने का शुल्क है न कि पेनल्टी। इस प्रकार, आयकर अधिनियम के प्रावधानों का पालन न करने के परिणामस्वरूप कंपनी को ₹2000/- की वित्तीय हानि हुई। प्रबंधन ने उत्तर दिया कि टीडीएस रिटर्न भरने की प्रक्रिया एक चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म को आउट-सोर्स की गई थी। देरी सीए फर्म से हुई जिसके लिए कंपनी पर देर से फाइलिंग शुल्क लगाया गया था। कंपनी ने सेवा में लापरवाही के लिए आउट-सोर्स सीए फर्म को बदल दिया है और कंपनी ऑडिटर को भविष्य में इस तरह के मुद्दों का ध्यान रखने का निर्देश भी देती है। उपरोक्त स्पष्टीकरण के आधार पर पैरा को बंद करने का अनुरोध किया गया। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	पैरा का संक्षेप	रिपोर्टिंग स्थिति
13.	वर्ष 2020-21 का भाग II ख का पैरा 1	दावे का परिहार्य भुगतान - ₹33.70 लाख (वर्ष 2019-20 की अवधि के लिए कंपनी की एक शाखा के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	दावा के तहत शिपमेंट के दौरान एक कृषि उत्पाद निर्यातक के पास ₹12 करोड़ अधिकतम देयता (एमएल) के साथ कंपनी से निर्यात टर्नओवर पॉलिसी (ईटीपी) जारी की गई थी। यह पॉलिसी 35 प्रतिशत के नो क्लेम बोनस (एनसीबी) के साथ साख पत्र (एलसी) व्यापक जोखिम कवरेज के साथ जारी की गई थी। पॉलिसी धारक (पीएच) के पास दस्तावेज़ स्वीकृति पर डी ए 30 दिनों पर ₹ 1.00 करोड़ की क्रेडिट सीमा थी। इसके बाद 2 महीने के बाद साख सीमा रद्द कर दी गई और खरीदार को कंपनी की खरीदार विशिष्ट अनुमोदन सूची (बीएसएएल) में रखा गया। इसके अलावा पॉलिसी धारक ने शिपमेंट के 40 दिनों के बाद और कंपनी द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर डिफ़ॉल्ट (आरओडी) पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। खरीदार द्वारा माल की अस्वीकृति के कारण आरओडी दायर किया गया था। इसके अलावा, पीएच ने माल के पुनर्विक्रय के लिए अपने एजेंट के माध्यम से दो नए खरीदारों की तलाश की। खरीदारों में से एक डीए की शर्तों पर माल लेने को तैयार था, हालांकि उक्त खरीदार की प्रतिकूल जानकारी के कारण वैकल्पिक खरीदार को पुनर्विक्रय पर कंपनी द्वारा कवर प्रदान नहीं किया गया, दूसरा खरीदार रियायती मूल्य पर और डीए की शर्तों पर सामान लेने के लिए तैयार था लेकिन वह गुणवत्ता के बारे में सुनिश्चित नहीं था। इसलिए, पीएच ने उन खरीदारों को सामान बेचने का कोई जोखिम नहीं लिया । पी एच ने फिर से मूल खरीदार के साथ बातचीत की और खरीदार डी ए शर्तों पर माल की डिलीवरी लेने के लिए सहमत हो गया और भुगतान शर्तों को डी पी से डीए -30 में बदलने को कंपनी की शाखा द्वारा अनुमोदित किया गया।

			शिपिंग लाइन ईमेल के अनुसार, खरीदार (कंसाइनी) ने बिल ऑफ लीडिंग के तारीख से 4 महीने के बाद विलंब शुल्क और लागू शिपिंग शुल्क का भुगतान करके डिलीवरी प्राप्त की। खरीदार ने उत्पाद की गुणवत्ता के मुद्दों के कारण उक्त शिपमेंट के लिए देयता का खंडन किया है और भुगतान करने से इनकार कर दिया है। पी एच ने खरीदार के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की; हालांकि खरीदार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद खरीदार ने स्थानीय निरीक्षण एजेंसी द्वारा अपने गोदाम में किए गए निरीक्षण के 2 महीने बाद गुणवत्ता के मुद्दों को उठाया। एजेंसी की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कंटेनरों को खोलते समय, कंसाइनी ने खराब माल और जीवित कीड़े देखे थे और तुरंत निरीक्षण के लिए बुलाया। उक्त दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि ईटीपी पॉलिसी के बहिष्करण 3 (एफ) के अनुसार "कंपनी किसी भी कारण से उत्पन्न होने वाले किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगी जो कि निर्यात किए गए माल की प्रकृति में निहित है।" इसके बाद, पॉलिसी धारक ने कंपनी को विभिन्न प्रतिनिधित्व (03 प्रतिनिधित्व) प्रस्तुत किए और कहा कि खरीदार ने कुल 04 खेपों में से 03 खेपों की सुपुर्दगी को बिना किसी भी प्रकृति की शिकायत के स्वीकार कर लिया था और इसके अलावा भुगतान जारी करने के लिए विधिवत भुगतान किया गया तथा डिलीवरी ऑर्डर के तहत कार्गो और भुगतान शर्तों में संशोधन के लिए डीए -30 दिनों के लिए अनुरोध किया गया था जो कंपनी से अनुमोदन प्राप्त किया गया। पी एच ने आगे दोहराया कि बिक्री अनुबंध के अनुसार गुणवत्ता संबंधी कोई समस्या नहीं थी। इस प्रकार, पी एच ने कड़ी आपत्ति जताई और खरीदार द्वारा की गई गुणवत्ता रिपोर्ट पर अपवाद प्रस्तुत किया , जिसने बिना किसी सूचना और/या हमारी सहमति के

			एकतरफा सर्वेक्षक नियुक्त किया और इसलिए, बिक्री अनुबंध के अनुसार कोई वैधता या प्रवर्तनीयता नहीं है। उपरोक्त तथ्यों के तहत पीएच ने खरीदार द्वारा की गई गुणवत्ता रिपोर्ट के पक्षपाती होने के बिना तत्काल दावे पर विचार करने का अनुरोध किया क्योंकि उनके अनुसार यह रिपोर्ट असंगत है और दिशानिर्देशों के अनुसार नहीं है। हालांकि, का नि (प्रका) द्वारा इसी आधार पर दावे को और खारिज कर दिया गया था। आगे पीएच ने अपने पत्र के माध्यम से 04था प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया और कंपनी से दावे पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। चूंकि उक्त दावे को दो बार प्रका स्तर पर खारिज कर दिया गया था अतः दावा प्रका (शिकायत) को उनकी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्तुत किया गया। शीर्ष ग्राहक शिकायत समिति (एसीजीसी) ने अपनी बैठक में अस्वीकृति के उपरोक्त आधारों को नोट किया और चर्चा की और इस आधार पर निर्यातक के प्रतिनिधित्व की सिफारिश की कि खरीदार ने अनुबंध के अनुसार दस्तावेजों को स्वीकार नहीं किया था और काफी देरी के बाद डीए शर्तों पर माल स्वीकार कर लिया था। खरीदार ने श्रीलंका की एक स्थानीय एजेंसी द्वारा माल पर गुणवत्ता परीक्षण करवाया। प्रारंभिक निरीक्षण में माल की गुणवत्ता संबंधी कोई समस्या नहीं पाई गई। इसके अलावा समिति का मत था कि निरीक्षण खरीदार द्वारा एकतरफा किया गया था और निरीक्षण के लिए चयनित एजेंसी बिक्री अनुबंध के अनुसार नहीं थी। इसलिए, निर्यातक के खिलाफ गुणवत्ता के मुद्दों को नहीं माना जा सकता है। उपरोक्त पर, लेखापरीक्षा ने देखा कि माल की गैर-स्वीकृति के बाद निर्यातक ने माल को दूसरे खरीदार को बेचने की कोशिश की जो रियायती मूल्य के साथ माल लेने के लिए तैयार था लेकिन डीए की शर्तों के साथ और वह गुणवत्ता के बारे में सुनिश्चित नहीं था। पीएच ने उक्त

			खरीदार को माल बेचने का कोई जोखिम नहीं लिया । ऐसा लगता है कि मूल खरीदार द्वारा किया गया निरीक्षण प्रामाणिक और सटीक था। इस प्रकार, ईटीपी पॉलिसी के बहिष्करण 3(एफ) के अनुसार ₹33.70 लाख के दावे पर विचार नहीं किया जाना चाहिए था। कंपनी ने उत्तर दिया कि निर्यातक ने एक ही आदेश पर कुल चार शिपमेंट किए और खरीदार ने पहले तीन शिपमेंट की डिलीवरी ली और समय पर भुगतान भी किया गया। हालांकि, खरीदार ने वित्तीय कठिनाइयों के कारण चौथे शिपमेंट ₹37,45,232/- की डिलीवरी में लेने में देरी की। चौथी शिपमेंट के लिए भुगतान की शर्तों को भी निगम की पूर्व स्वीकृति से डीपी से डीए में परिवर्तित किया गया । चौथे शिपमेंट की डिलीवरी लेने के बाद खरीदार ने एकतरफा रूप से श्रीलंका के एक सर्वेक्षक द्वारा गुणवत्ता परीक्षण किया, जो एक स्थानीय एजेंसी है, न कि अनुबंध में उल्लिखित एजेंसी। उपरोक्त एजेंसी की प्रारंभिक रिपोर्ट के हवाले से खरीदार ने इन्वाइस राशि का भुगतान करने से इनकार कर दिया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि निर्यात की जाने वाली वस्तु चावल थी, यदि गुणवत्ता मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त थी, तो श्रीलंकाई सीमा शुल्क विभाग ने अनुमति नहीं दी होती। चावल की स्वतः लाइफ भी 2 वर्ष से अधिक होती है। निर्यातक ने बिक्री अनुबंध के अनुसार उसी निरीक्षण एजेंसी द्वारा वजन और गुणवत्ता के पूर्व-निरीक्षण प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए और वह खरीदार और विक्रेता दोनों द्वारा मानक और सहमत मापदंडों के अनुपालन में था। उपरोक्त तथ्यों से, यह बहुत स्पष्ट था कि उनकी वित्तीय कठिनाई के कारण, खरीदार ने गुणवत्ता के मुद्दों का हवाला देते हुए चौथे शिपमेंट के लिए भुगतान करने से बचने की कोशिश की। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि निर्यातक 4 वर्षों से हमारा पॉलिसी धारक था और उसने कुल ₹60.57 लाख का

			प्रीमियम का भुगतान किया था और यह उनका पहला दावा था। तदनुसार, ₹33.70 लाख के दावे का भुगतान उचित था। इसलिए कंपनी ने सीएजी से इस पैरा को हटाने का अनुरोध किया है। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्रसं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**पैरा का संक्षेप**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
14.	वर्ष 2020-21 का भाग II ख का पैरा 2	11.76 लाख रुपये की राशि के लिए एक निर्यातक को परिहार्य दावा भुगतान।। (वर्ष 2019-20 की अवधि के लिए कंपनी की एक शाखा के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	शिपमेंट के समय एक निर्यातक के पास अधिकतम देयता 10 करोड़ रु के निर्यात पण्यावर्त पॉलिसी (ईटीपी) पॉलिसी थी । पॉलिसी साख पत्र व्यापक जोखिम के साथ 25 प्रतिशत अदावा छूट के साथ जारी की गई थी। पॉलिसी धारक के पास कंपनी अनुमोदित दस्तावेज़ स्वीकृति पर 90 दिन (डी ए -90) भुगतान शर्तों पर 20 लाख रु की साख सीमा उपलब्ध थी। निर्यातक द्वारा चूक की रिपोर्ट दर्ज करने पर उक्त सीमा को रद्द कर दिया गया। पॉलिसी धारक द्वारा खरीदार को ओ डी-90 भुगतान शर्तों पर मिक्स वूवन के 15.47 लाख रु मूल्य के 4 शिपमेंट किए गया। पॉलिसीधारक द्वारा लंबित 4 इन्वाइस के भुगतान के लिए ईमेल के जरिए खरीदार के आयात विभाग में एक कर्मचारी से भुगतान की मांग की गई जिसे उक्त कर्मचारी द्वारा पुष्टि के लिए उनके लेखा विभाग को भेजा गया। आगे, उक्त इन्वाइस का भुगतान प्राप्त न होने पर पॉलिसीधारक द्वारा ऋण वसूलकर्ता एजेंसी (डी सी ए) से संपर्क किया एवं डी सी ए द्वारा पुष्टि की गई कि खरीदार की कंपनी व्यवसाय में सक्रिय है परंतु डी सी ए के जरिए कोई वसूली नहीं की जा सकी। इसके बाद, पॉलिसीधारक द्वारा पुनः मामले पर विचार हेतु कंपनी को प्रस्तुत किया

			एवं उल्लेख किया कि "उक्त दावे संबंधी शिपिंग दस्तावेजों को बैंक को प्रस्तुत किया गया एवं बैंक द्वारा भुगतान निर्देशों के साथ इन्हें सीधे ग्राहक को अग्रेषित किए गए। यह पर्याप्त रूप से प्रमाणित है कि कि खरीदार द्वारा बैंक के निर्देशों का उल्लंघन किया गया एवं हैकर द्वारा दिए गए अनुरोध पर भुगतान किया गय।" आगे, निर्यातक द्वारा डी सी ए को ईमेल के जरिए बताया गया कि वास्तव में खरीदार द्वारा यह राशि निर्यातक के खाते के स्थान पर किसी अनजान व्यक्ति तारेक अल्लोनी के खाते में अंतरित कर दी गई है। उपरोक्त से, यह निष्कर्ष निकाला गया कि खरीदार द्वारा भुगतान हैकर के खाते में किया गया इसलिए निर्यातक को भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। विभिन्न ईमेल पत्राचार यह इंगित करते हैं कि निर्यातक के संबन्धित कर्मचारी का ईमेल हैक हो गया था एवं निर्यात के भुगतान किसी अन्य खाते में अंतरित हो गए। इसे खरीदार का गैर भुगतान नहीं माना जा सकता क्यूंकी खरीदार द्वारा भुगतान किया गया है। उपरोक्त के आधार पर, यह पाया गया कि खरीदार द्वारा भुगतान निर्यातका द्वारा निर्धारित कर्मचारी के बताए खाते में किया गया अतः भुगतान को प्राप्त माना जाए। आगे, यदि खरीदार द्वारा भुगतान धोखे से किसी और के खाते में किया गया है तो इसे साइबर धोखा माना जाए। इसलिए, कंपनी के दिशा-निर्देशों की धारा 4.21.2 (ऑम्निबस क्लॉज-व्याख्या) के अनुसार दावे पर विचार नहीं किया जाना चाहिए था, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कहा गया है कि "हैकिंग, मास्करेडिंग, ईव्सड्रॉपिंग, फ़िशिंग आदि जैसी घटना को व्यापक रूप से साइबर अपराध जाना जाता है। चूंकि साइबर अपराध को 'ऑम्निबस क्लॉज' के तहत नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि इन घटनाओं को उचित फ़ायरवॉल सिस्टम और

			बीमित व्यक्ति और/या खरीदार के उचित सावधानी बरतने पर इसे होने से रोका जा सकता था" एवं पॉलिसी बांड की धारा 12 (घ) (ii) के अनुसार भी इस पर विचार नहीं किया जाना चाहिए था। उपरोक्त शर्तों लागू करके पॉलिसीधारक को किए गए 11.76 लाखरु के दावे के भुगतान से बचा जा सकता था। कंपनी द्वारा पत्र के माध्यम से सीएजी को उत्तर दिया गया कि निर्यातक ने खरीदार को कुल ₹2.76 करोड़ के कुल मूल्य के लिए 57 शिपमेंट किए और डिफ़ॉल्ट शिपमेंट से पहले सभी के भुगतान प्राप्त किए थे। खरीदार को निर्यातक के बैंक से अपने खाते में भुगतान करने के निर्देश के साथ सभी शिपिंग दस्तावेज भी प्राप्त हुए थे, जिसका बैंक के बिल कवरिंग अनुसूची में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था। खरीदार द्वारा डीसीए को प्रदान किए गए पहले अनुलग्नक (स्विफ्ट संदेश) से, यह देखा गया कि लाभार्थी विवरण नहीं दिए गए हैं और केवल खाता संख्या का उल्लेख किया गया है जबकि किसी भी भुगतान निर्देश के लिए लाभार्थी का नाम और खाता संख्या लिखना अनिवार्य है। खरीदार द्वारा डीसीए को प्रदान किए गए दूसरे अनुलग्नक से, जहां खरीदार एक अलग बैंक से राशि वापस मांग रहा है, खरीदार ने फ़ील्ड संख्या 59 में तारेक अलौनी के रूप में नाम लिखा है। जो दर्शाता है कि खरीदार ने तारेक अलौनी नाम के एक अज्ञात व्यक्ति को भुगतान किया था और इस तथ्य से अवगत था। खरीदार द्वारा अपने विधिक विभाग के पत्र के माध्यम से धोखाधड़ी के तथ्य को भी स्वीकार कर लिया और खरीदार ने साउथ वेल्स पुलिस में भी ऐसी शिकायत दर्ज कराई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि खरीदार भुगतान करने से पहले सामान्य सावधानी और विवेक का

			पालन करने में विफल रहा और निर्यातक को भुगतान करने में चूक की गई। आगे यह भी नोट किया जा सकता है कि निर्यातक 15 वर्षों से हमारा पॉलिसी धारक है और उसने कुल ₹2.25 करोड़ का प्रीमियम प्रेषित किया है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, शीर्ष ग्राहक शिकायत समिति द्वारा ₹11.76 लाख के दावे का निपटान उचित है। कंपनी ने लेखापरीक्षा से उपरोक्त तथ्यों और टिप्पणियों को स्वीकार करने का भी अनुरोध किया और संबंधित लेखापरीक्षा पैरा को रद्द का अनुरोध किया है। दिनांक 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

क्र सं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**संक्षिप्त पैरा**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
15.	वर्ष 2020-21 के पैरा 3 भाग II ख.	प्रदत्त दावे की वसूली के लिए बकाया। (2019-20 की अवधि के लिए कंपनी की शाखा के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	लेखा परीक्षा में पाया गया कि प्रदत्त दावों पर की गयी वसूलियों को उसी अनुपात में कंपनी के साथ साझा किया गया है जिस अनुपात में हानि साझा की गयी थी। कंपनी द्वारा शामिल जोखिमों के उचित विस्तार की अपेक्षा की जाती है। अतः निर्यातक के लिए आवश्यक है कि वह उसके द्वारा, सिवाए अग्रिम भुगतान प्राप्त एवं भारत में पुष्टि किए जाने वाले साख पत्र पर किए गए भुगतानों के अलावा पॉलिसी अवधि के दौरान किए गए सभी पोतलदानों पोतलदानों पर

			बीमा रक्षा प्राप्त करे। जब वस्तुएँ एक समान प्रकृति की न हो तो अपवर्जन संभव है। जब निर्यातक प्रीमियम दरों की पुष्टि करता है एवं अधिकतम देयता के आधार पर निर्धारित अनुसूची के अनुसार वापस न लौटाए जाने वाले शुल्क की अदायगी करता है तो कंपनी पॉलिसी जारी करती है। दावा तब उत्पन्न होता है जब पॉलिसी के अधीन बीमाकृत जोखिम उत्पन्न हो। सामान्यतया हानि के घटित होने के चार माह के पश्चात दावा देय होता है। कुछ मामलों में दावे को हानि के 60 प्रतिशत तक अनुग्रह आधार पर अदा किया जाता है जब पॉलिसी के अधीन कुछ आवश्यकताओं पर छूट प्रदान किया जाना आवश्यक हो। कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय के लेखा परीक्षा के दौरान , लेखा परीक्षक द्वारा पाया गया कि कंपनी के निर्यातक शाखा एवं बैंक कारोबार शाखा के विभिन्न प्रकार के ग्राहकों से पोतलदान आधारित पॉलिसियों के अधीन प्रदत्त दावों पर बड़ी मात्रा में वसूलियाँ की जानी हैं। लेखा परीक्षकों ने पाया कि निर्यातक शाखा में तत्काल अगले वित्त वर्ष

			तक ग्राहकों से की जाने वाली वसूलियों में ₹54.06 करोड़ रु से बढ़ कर ₹113.68 करोड़ रु होने की संभावना है। आगे तीन वर्ष पुराने ग्राहक से प्राप्त किया जाने वाला ₹ 31.17 करोड़ रु का बकाया शेष है। लेखा परीक्षकों द्वारा यह भी पाया गया कि 12 महीनों के लिए ₹32.12 करोड़ रु के दावा बकाया शेष हैं। बैंक कारोबार शाखा के संबंध में कुल ₹14.08 करोड़ रु के दावा बकाया शेष हैं जिसमें से ₹12.04 करोड़ रु 1 से 6 माह , एवं ₹2.08 करोड़ रु 1 वर्ष के हैं। लेखा परीक्षक द्वारा प्रबंधन से अनुरोध किया गया कि निर्यातक शाखा एवं बैंक कारोबार शाखा से इतनी बड़ी मात्रा में बकाया दावों की गैर वसूली का क्या कारण है। आगे प्रबंधन द्वारा बकाया दावों की राशि की वसूली के लिए किए जाने वाले उपायों को लेखा परीक्षकों के साथ साझा करने का अनुरोध किया गया। कंपनी के प्रबंधन का उत्तर था कि उक्त आंकड़े वास्तव में बकाया दावों की अवधि के आधार पर हैं यथा लंबित दावे , जिन पर निर्णय अभी शेष है। आगे , बैंक कारोबार शाखा की बकाया दावा राशि को निर्यातक

			शाखा के आंकड़ों के साथ दर्शाया गया है। बैंक कारोबार शाखा द्वारा प्रदत्त दावों की कुल राशि एवं वसूली के लिए लंबित राशि 907.20 करोड़ रु है। जिसमें से 536.23 करोड़ रु केवल एक समूह से वसूली हेतु लंबित हैं। सी बी आई / ई डी की वर्तमान जांच के कारण खातों में उपलब्ध प्रतिभूतियों को कुर्क कर लिया गया है जिसके कारण बैंक खातों से पर्याप्त वसूली करने में सक्षम नहीं हैं। तथापि कंपनी द्वारा नियमित रूप से वसूली हेतु नियमित / तिमाही आधार पर पत्रों एवं व्यक्तिगत दौरों / फोन कॉल्स के जरिये बैंकों के साथ संपर्क किया जा रहा है। पिछले वर्षों के कुल 587 लंबित प्रदत्त दावा फाइलें (वसूली हेतु लंबित) हैं। कुछ प्रदत्त दावा फाइलें 40 वर्ष पुरानी हैं परंतु बैंकों से एन पी ए खातों को बंद करने / बट्टे खाते में डाले जाने की पुष्टि न होने के कारण अभी भी खुली रखी गयी हैं। जिसके परिणाम स्वरूप बकाया राशि एवं वसूली के लिए लंबित संख्याओं में निरंतर वर्षवार वृद्धि हो रही है। खातों की फाइलों को खुला रखने का एक अन्य कारण यह है कि चाहे बहुत कम

			संभावना हो परंतु वसूली की संभावना के कारण फाइलें खुली रखी गयी हैं। कुछ मामलों में शाखा कार्यालयों द्वारा दावा निपटान की तारीख के 20 वर्षों के उपरांत भी वसूली प्राप्त हुई है। कृपया यह नोट करें कि एन पी ए खातों पर बैंकों द्वारा की जाने वाली वसूलियाँ बहुत हद तक गिरवी रखी गयी सम्पत्तियों की बिक्री / समझौता निपटान / आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों को आस्तियों की बिक्री / अन्य विधिक पद्धति से किए जाने वाले निपटान के आधार पर वसूली की जाती है जिसमें प्रत्येक वर्ष परिवर्तन होता रहता है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान, शाखा कार्यालय , निरंतर कार्यवाही के जरिये उन सभी प्रदत्त दावा खातों पर वसूली करने में सफल हुए हैं जिन पर बैंकों द्वारा आंशिक वसूली / एक मुश्त निपटान के जरिये पूर्ण वसूली /समझौता निपटान / परिसंपत्तियों की बिक्री के जरिये वसूली करने में सफल हुए हों। शाखाओं द्वारा निरंतर संबन्धित बैंक शाखाओं एवं आस्ति वसूली प्रबंधन शाखाओं (ए आर एम बी) / दबावग्रस्त परिसंपत्ति

			प्रबंधन शाखा (एस ए एम बी - एन पी ए खातों वाली विशिष्ट बैंक शाखाओं) आदि को शाखा द्वारा निपटान किए गए विशिष्ट रूप से बड़े मूल्य वाले प्रदत्त दावों एवं वसूली के लिए लंबित मामलों के संबंध में निरंतर पत्राचार एवं साथ ही साथ फोन कॉल्स के जरिये लगातार संपर्क किया जाता है। वसूली मामलों पर अनुवर्ती कार्यवाही करते हुए एवं बैंक अधिकारियों/बाज़ार सूचना पर प्राप्त जानकारी के आधार पर कंपनी द्वारा उन संभावित मामलों की सूची तैयार की जाती है जहां वसूली की संभावना अधिक हो। आगे, पॉलिसी धारकों के किसी भी दावे के निपटान के पहले, इस प्रकार के दावों को ऋण वसूलिकर्ता एजेंसियों (डी सी ए) जैसे एम एच इंटरनेशनल, एम एन एस क्रेडिट आदि को सौंपा जाता है। डी सी ए द्वारा किए जाने वाले प्रयासों के उपरांत एवं यदि आगे वसूली प्राप्त न हो तो केवल तब ही पॉलिसीधारकों के दावों का निपटान किया जाता है। अतः कंपनी द्वारा सी ए जी से अनुरोध है कि इस संबंध में दिये गए उत्तरों को स्वीकार करें एवं पैरा को रद्द कर दें।

			दिनांक 31.03.2022 तक सीएजी की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित थी।

क्र सं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	संक्षिप्त पैरा	रिपोर्टिंग स्थिति
16.	वर्ष 2020-21 के पैरा 4 के भाग II ख	कंपनी के बैंक कारोबार शाखा एवं निर्यातक शाखा का निष्पादन (वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी की शाखा के लिए अनुपालन लेखा परीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	लेखा परीक्षकों द्वारा पाया गया कि कंपनी मुख्य रूप से निर्यात संवर्धन संगठन है जो भारतीय निर्यातकों को ऋण बीमा रक्षा प्रदान करते हुए निरंतर भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करने के लिए प्रयासरत है। कंपनी , बैंक कारोबार से संबन्धित अपनी शाखा के जरिये बैंकों की सीमा को अधिसूचित / अनुमोदित कर , मासिक आधार पर उनसे प्रीमियम एकत्र कर उसे समायोजित करती है, बैंकों से प्राप्त एकल रक्षाओं के प्रस्तावों पर प्रक्रिया करती है , किसी भी बैंक से प्राप्त चूक की रिपोर्ट / वि अ सू (एस ए एल) में निर्यातक के नाम का सम्मिलन / अपवर्जन करती है, वसूली संबंधी मामलों पर प्रक्रिया करती है / वसूली संबंधी अनुस्मारक प्रेषित करती है एवं वसूली प्रस्तावों पर कार्यवाही करती है, दावों पर प्रक्रिया हेतु केन्द्रीय कार्यालय यथा क्षेत्रीय

			कार्यालय को दावा प्रस्ताव भेजने के पूर्व दावा संबंधी दस्तावेज़ों की जांच कर आवश्यक दस्तावेज़ों को एकत्र करती है, एवं बैंक को कंपनी की रक्षा के अनुपालन हेतु देशनिर्देशों के लिए एवं बैंक को आवश्यक मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए कारोबार विकास कार्यक्रम के अधीन बैंकों के साथ बैठकों का आयोजन करती है। वित्तीय वर्ष विशेष के दौरान बैंक कारोबार के प्रमुख निष्पादन के क्षेत्रों की समीक्षा पर पाया गया कि कथित बैंक का निष्पादन कुछ प्रोत्साहक नहीं रहा। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में जोखिम मूल्य रक्षा के प्रतिशत में 20.45% की गिरावट दर्ज की गई। संरक्षित लेखों, प्रमुख निर्यातकों की सं, प्रीमियम आय आदि में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में गिरावट पायी गयी। वस्तुतः, कंपनी द्वारा उसके लिए निर्धारित लक्ष्य की तुलना में मात्र 79.05% का लक्ष्य प्राप्त करने में ही सफल हो पायी है। इसी प्रकार, कंपनी की अन्य शाखा जो केवल पॉलिसी कारोबार से ही संबन्धित है एवं जो पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड एवं

			उत्तर पूर्वी राज्यों में स्थित निर्यातकों को सेवाएँ प्रदान करती है। इसका उद्देश्य कंपनी के उत्पादों एवं सेवाओं को नए निर्यातकों तक पहुंचाना है। यह शाखा के पॉलिसीधारकों तक अपनी सेवाओं पहुंचाने एवं उनके पॉलिसी दावा मामलों पर प्रक्रिया करने के लिए प्रयत्नशील है। इसके द्वारा कंपनी के अन्य कार्यालयों (क्षे का / प्र का / अन्य शा का) के साथ संपर्क कर अपने पॉलिसी धारकों को सामयिक सेवाएँ पहुंचाया जाता है। समान वित्तीय वर्ष के लिए इस शाखा के प्रमुख कारोबार के क्षेत्रों की समीक्षा पर पाया गया कि इस शाखा का निष्पादन भी कुछ खास नहीं रहा है। पॉलिसी प्रीमियम, निर्यातकों की सं, नए निर्यातकों, प्रभावी पॉलिसियों एवं नयी पॉलिसियों की सं में तीव्र गिरावट दर्ज की गयी है। यह पाया गया कि कथित वित्तीय वर्ष के दौरान यह शाखा भी कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में असफल रही है। यह पाया गया है कि इस शाखा द्वारा कथित वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा निर्धारित प्रमुख लक्ष्य प्राप्त नहीं किए है। लेखा परीक्षक द्वारा प्रबंधन से , प्रमुख

			लक्ष्यों की अप्राप्ति के संबंध में कृत कार्यवाही से अवगत करने का अनुरोध किया गया है। प्रबंधन वर्ग का उत्तर है कि , कथित वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक कारोबार शाखा को कुल 328.60 करोड़ रु की कुल राशि के लिए कुल 32 चूक रिपोर्ट प्राप्त हुए हैं। इन 32 खातों में से शाखा के लिए प्रीमियम/ जोखिम मूल्य (आर वी) की दृष्टि से चार महत्वपूर्ण खाते हैं जिनके लिए कुल 265.49 करोड़ रु के लिए चूक की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। आगे एक खाते पर 206.50 करोड़ रु की चूक की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। प्रीमियम एवं जोखिम मूल्य की दृष्टि से शाखा के लिए यह मुख्य खातों में से एक है। इसके अतिरिक्त प्रधान कार्यालय के स्तर पर दो बैंकों को जारी ईसीआईबी - डबल्यूटीपीसी को बंद किए जाने पर शाखा के निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है (जोखिम मूल्य हानी 25.00 करोड़ रु, प्रीमियम हानी 85.00 लाख रु एवं 40 खातों की हानि)। आगे, 12 प्रमुख खातों द्वारा निर्यात ऋण का गैर उपयोग / न्यून उपयोग

			भी कारोबार में कमी का कारण बना। इसके अरीतिक्त, कई अच्छे खातों का गैर ईसीआईबी खाताधारक बैंकों में स्थानांतरित हो जाने के कारण जोखिम मूल्य एवं प्रीमियम में कमी का कारण साबित हुए हैं। (निर्यात वित्त का उपयोग न करने , खातों के बंद करने एवं अन्य बैंकों में स्थानांतरित होने के कारण 119 खातों की हानि)। इसके अरीतिक्त शाखा द्वारा बाज़ार सेवा का प्रमुख भाग बनाने वाले बैंकों के लिए प्रीमियम दर में कटौती के कारण भी बैंक कारोबार के अधीन आने वाली शाखा के लिए प्रीमियम हानि एवं जोखिम मूल्य में कटौती का कारण बना। प्रबंधन द्वारा यह भी सूचित किया गया कि हालांकि किसी भी शाखा का निष्पादन , ईसीआईबी रक्षा के अधीन बैंकों द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे निर्यात ऋणों एवं चूकाधीन खातों की सं एवं अच्छे खातों की निरंतर धारण क्षमता जैसे साधारण बाज़ार स्थिति पर आधारित होती है परंतु शाखाओं एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश जारी किए गए कि लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु 30 दिनों के

			भी सीमा अधिसूचना आवेदनों के निपटान, 60 दिनों के भीतर सीमा अनुमोदन आवेदनों का निपटान , संरक्षित लेखों की गहन निगरानी एवं मासिक घोषणाओं का एकत्रण एवं समय पर समायोजन पर निगरानी आवश्यक है। प्रबंधन ने सी ए जी से अनुरोध किया कि उक्त स्पष्टीकरण को स्वीकार करें। कंपनी के निर्यात कारोबार में कमी के संबंध में कंपनी ने स्पष्ट किया कि कथित वित्तीय वर्ष के दौरान भारतीय निर्यातों में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में रुपया मूल्य में 3.52% की कमी हुई है। वर्ष के दौरान अल्पावधि पॉलिसियों के अधीन क्षेत्र द्वारा संरक्षित जोखिम मूल्य (जे वी) में 10.53% की गिरावट दर्ज की गयी। घोषणा आधारित पॉलिसियों में जोखिम मूल्य (जो मू) में 7.78% की कमी हुई है जबकि जोखिम आधारित पॉलिसियों के जोखिम मूल्य (जे वी) में 12.93% की गिरावट हुई है। कारोबार में गिरावट का मुख्य कारण प्रमुख वस्तुओं जैसे इंजीनिरिंग माल, चाय, चमड़ा एवं मरीन उत्पाद आदि के निर्यातों

			में कमी है। चाय का कारोबार करने वाले सभी पॉलिसी धारकों द्‌वारा निर्यातों में कमी के कारण चाय बागानों की बिक्री के कारण जोखिम मूल्य (जो मू) गिरावट दर्ज की गयी। एक निर्यातक की एम बी ई पी पॉलिसी को न्यून पण्यावर्त के कारण 150.00 करोड़ रु की समग्र हानि सीमा (ए एल एल) के साथ नवीकृत की गयी जबकि उसकी पूर्व की समाप्त पॉलिसी 300.00 करोड़ रु की समग्र हानि सीमा (ए एल एल) के साथ थी। ऊपर उल्लिखित कारक प्रमुख लक्ष्यों की अप्राप्ति के कारण साबित हुए। आगे लक्ष्य विशेष की प्राप्ति सार्वभौमिक कारोबार दशा , स्थानीय बाज़ार दशा एवं अन्य घटकों पर भी आधारित होता है। इसके अतिरिक्त कोविड महामारी के कारण कई कारोबार बंद कर दिये गए । कथित वित्तीय वर्ष के दौरान कारोबार पर इसका भी प्रभाव पड़ा। तथापि शाखा कार्यालय द्‌वारा उसके उपलब्ध स्रोतों के जरिये अधिकतम परिणाम प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त तथ्यों एवं टिप्पणियों को कृपया स्वीकार करें

			एवं अनुरोध किया जाता है कि कृपया संबन्धित पैरा को रद्द करें। दिनांक 31.03.2022 तक सीएजी की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित थी।

क्र सं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	संक्षिप्त पैरा	रिपोर्टिंग स्थिति
17.	वर्ष 2020-21 के पैरा 4 के भाग II ख	पचास वर्षों की पूर्ति के पश्चात भी कानूनी मामले के निपटान न किया जाना। (2018-19 एवं 2019 – 20 की अवधि के लिए कंपनी की शाखा के लिए संव्यवहार लेखा परीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	लेखा परीक्षकों द्वारा पाया गया कि एक सार्वजनिक उपक्रम (पी एस यू) द्वारा निर्यातक पर ₹30 लाख की पैकिंग ऋण बीमा रक्षा प्राप्त की गयी थी, उस पी एस यू द्वारा प्रथम श्रेणी की बीमा कंपनी से ₹ 10 लाख की देयता हेतु एक पॉलिसी भी प्राप्त की जानी थी। तदनुसार पे एस यू द्वारा बीमा कंपनी से एक पॉलिसी प्राप्त की गयी। पी एस यू द्वारा , इंग्लैंड में खरीदार को मूँगफली के निष्कर्य की आपूर्ति के लिए ₹81.00 लाख मूल्य की संविदा के लिए वित्त व्यवस्था हेतु निर्यातक को प्रदत्त अग्रिम राशि के लिए पी एस यू द्वारा बीमा रक्षा प्राप्त की गयी थी। निर्यातक द्वारा संबन्धित आपूर्ति न किए जाने के कारण पी एस यू को इस में हानि का सामना करना पड़ा एवं

			उसने निर्यातक के एवं बीमा कंपनी विरुद्ध कोर्ट में दावा दायर किया एवं साथ ही साथ उसके द्वारा कंपनी पर ₹ 24.84 लाख रु के 2/3 भाग के रूप में ₹ 16.56 लाख रु हेतु दावा भी दायर किया गया। इस पर कंपनी द्वारा ₹ 6.66 लाख रु की बीमा कंपनी की देययता का निपटान करने के उपरांत ₹ 13.34 लाख रु की हानि के 2/3 हिस्से के रूप में कंपनी द्वारा पी एस यू को ₹ 8.89 लाख रु की अदायगी की गयी। कंपनी द्वारा पी एस यू द्वारा दायर दावे पर किसी प्रकार का लिखित विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। लेखा परीक्षक द्वारा रिकॉर्डों की जांच पर पाया गया कि कंपनी द्वारा लिखित विवरण प्रस्तुत करने में 13 वर्षों का विलंब हुआ है। कंपनी के अ प्र नि को आदेश दिये गए कि इस चूक हेतु ज़िम्मेदारी तय की जाये। लेखा परीक्षक ने यह भी उल्लेख किया कि पचास वर्षों से मामले का निपटान नहीं किया गया है। इससे ज्ञात होता है कि कंपनी ने मामले के शीघ्र निपटान में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। आगे यह भी उल्लेख किया गया

			कि पी एस यू का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों द्वारा लगातार कंपनी से मामले पर अनुरोध किए जाते रहे हैं। कृपया यह स्पष्ट किया जाये कि क्या पी एस यू एवं कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील एक ही हैं। प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया कि पी एस यू को कंपनी पर से दावा वापस लेने के लिए कहे बिना दावे की अदायगी के संबंध में कंपनी के अ प्र नि की टिप्पणियाँ मात्र , उनकी राय थी । ये टिप्पणियाँ लिखित विवरण के विलंब प्रस्तुति पर नहीं थी। यहाँ यह नोट किया जाना महत्वपूर्ण है कि जब कंपनी को दावा प्राप्त हुआ तो दावे की जांच एवं निपटान तक लिखित विवरण को लंबित रखा गया। इसे नोट में ही स्पष्ट कर दिया गया था। इसके अरीतिक्त संबन्धित मामले में कंपनी मात्र प्रतिवादी है। इस संबंध में नोट किया जाये कि मामले के निपटान हेतु कार्यवाही वादी द्वारा की जानी चाहिए। तथापि इस संबंध में हमारे अन्य मामलों का संचालन करने वाले वकील के जरिये हमें ज्ञात हुआ है कि इस मामले को चूक के

			कारण एक बार खारिज कर दिया गया था। आदेश की प्रति हेतु अनुरोध किया गया है। आगे, प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया कि एक ही शहर में वकीलों द्वारा कई मामलों में कंपनी का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।तथापि इस चालू मामले में वकील पी एस यू का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। अतः इसके लिए कंपनी द्वारा अलग वकील नियुक्त किए गए। तत्पश्चात वकीलों के जरिये ही कंपनी द्वारा अलग वकीलों की नियुक्ति की गयी एवं यह स्पष्ट किया जाता है कि इसमें किसी प्रकार हितों का टकराव नहीं है। उक्त स्पष्टीकरणों के आधार पर यह अनुरोध किया जाता है कि इस लेखा परीक्षा पैरा को रद्द करें। दिनांक 31.03.2022 तक सीएजी की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित थी।

क्र सं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**संक्षिप्त पैरा**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
18.	वर्ष 2020-21 के पैरा 4 के भाग II ख	एक मुश्त निपटान में कंपनी को हानि	कंपनी द्वारा एक निर्यातक के लिए सम्पूर्ण पण्यावर्त पैकिंग ऋण गारंटी (डबल्यू टी पी सी जी) जारी की गयी थी। 3 वर्षों के

		(2018-19 एवं 2019 – 20 की अवधि के लिए कंपनी की शाखा के लिए संव्यवहार लेखा परीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	पश्चात निर्यातक के ₹ 5.00 करोड़ रु की मूलधन राशि के लिए चूक किए जाने के कारण बैंक द्वारा दावा दायर किया गया। निर्यातक द्वारा ₹ 15.00 करोड़ रु के प्राथमिक प्रतिभूतियाँ , संपार्श्विक प्रतिभूतियाँ एवं व्यक्तिगत गारंटियाँ रखी गयी थीं। कंपनी द्वारा 4.15 करोड़ रु की हानि को स्वीकार किया गया एवं बैंक के पास उपलब्ध उपलब्ध रक्षा के प्रतिशत के अनुसार बैंक को ₹ 2.76 करोड़ रु की अदायगी की गयी। निर्यातक ने बैंक से एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) हेतु संपर्क किया एवं ₹7,17,31,696/-. के कुल बकाए के एवज में ₹2.50 करोड़ रु के निपटान के लिए बैंक सहमत हो गया। एकमुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस)के पश्चात बैंक द्वारा कंपनी को , वसूली में उसके हिस्से के रूप में ₹82,09,000/- रु की राशि का डी डी अग्रेषित किया गया। लेखा परीक्षक द्वारा स्पष्टिकरण मांगा गया कि क्या बैंक द्वारा निर्यातक के एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) के प्रस्ताव के अनुमोदन के पूर्व कंपनी की अनुमति

			प्राप्त की गयी थी , यदि हाँ तो संबन्धित दस्तावेज़ लेखा परीक्षक को प्रस्तुत किया जाये। लेखा परीक्षक द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि ₹7.17 करोड़ रु के बदले ₹2.50 करोड़ रु के लिए एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) के प्रस्ताव को स्वीकार करना कंपनी के वित्तीय हित के लिए सही निर्णय नहीं है जबकि उनके पास 7.34 करोड़ रु की प्राथमिक एवं समपार्श्विक प्रतिभूति उपलब्ध है, इसका स्पष्टीकरण आवश्यक है। लेखा परीक्षक का मत है कि कंपनी द्वारा चूकाधीन ₹5.00 करोड़ के पैकिंग ऋण (पी सी) पर अपात्र अग्रिमों को घटाकर ₹2,76,84,205 रु के दावे की अदायगी की गयी थी, अतः कंपनी द्वारा ₹2.50 करोड़ के ओ टी एस निपटान पर पहले ही प्राप्त राशि का समायोजन करने के उपरांत 63.06% की समान वसूली हिस्से की मांग की जानी चाहिए थी। अतः ₹72,14,000/-. की मांग की जानी थी। तथापि कंपनी द्वारा ₹2.50 करोड़ के 42.18% के रूप में ₹19,94,000/- की मांग की गयी , जिससे कंपनी को एक बड़ी राशि

			की हानि हुई। इसका स्पष्टीकरण आवश्यक है। कंपनी द्वारा अभी तक राशि की वसूली नहीं की गयी है। उच्च अधिकारियों तक मामले को न ले जाने के कारण स्पष्ट करें। प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया कि दिशानिर्देशों के अनुसार वसूली की गणना करने का फॉर्मूला है प्रदत्त दावा / कुल देयता * शुद्ध वसूली। अतः शाखा द्वारा वसूली में कंपनी के हिस्से की गणना कुल वसूली के आधार पर की गयी। बैंक द्वारा एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) प्रस्ताव को स्वीकार करने के पूर्व कंपनी का पूर्व अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया। यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक द्वारा कई अन्य घटकों जैसे ऋण पुनर्विन्यास न्यायाधिकरण (डी आर टी) से निपटान में विलंब, सम्पत्तियों के निपटान में व्यावहारिक कठिनाईयां आदि को ध्यान में रख कर एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) की मंज़ूरी दी गयी। शाखा द्वारा निरंतर मामले की निगरानी की जा रही है। उक्त के तुरंत बाद कोविड की दूसरी लहर से राज्य एवं हमारे कार्यालय प्रभावित हुए अतः शाखा

			कार्यालय द्वारा उतनी शीघ्रता से अनुवर्ती कार्यवाही नहीं की गयी जितनी जल्दी उसे की जानी चाहिए थी। तथापि अब हालांकि स्थिति सामान्य हो रही है , कंपनी की शाखा द्वारा अनुवर्ती कार्यवाही को पुनः प्रारम्भ कर दिया गया है। कथित बैंक की शाखा का विलय मुख्य बैंक के साथ हो गया है एवं अब कंपनी की शाखा द्वारा बैंक की शाखा को वसूली में हमारे हिस्से के विषय में पत्र जारी किया गया है। कंपनी की शाखा द्वारा बैंक से उत्तर प्रतीक्षित है। मामले को बैंक के स्थानीय मुख्यालय के समक्ष भी रखा गया है। स्थानीय मुख्यालय से उत्तर प्रतीक्षित है। दिनांक 31.03.2022 तक सीएजी की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित थी।

क्र सं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**संक्षिप्त पैरा**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
19.	वर्ष 2020-21 के पैरा 4 के भाग II ख .	एक मुश्त निपटान में कंपनी को हानि (2018-19 एवं 2019 – 20 की अवधि के	कंपनी द्वारा एक निर्यातक के लिए सम्पूर्ण पण्यावर्त पैकिंग ऋण गारंटी (डबल्यू टी पी सी जी) जारी की गयी थी। बैंक के एक निर्यातक ग्राहक द्वारा ₹ 3,70,88,126/-. की

		लिए कंपनी की शाखा के लिए संव्यवहार लेखा परीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	मूलधन राशि के चूक के कारण बैंक द्वारा दावा दायर किया गया। निर्यातक द्वारा ₹ 9.76 करोड़ रु के प्राथमिक प्रतिभूतियाँ , संपार्श्विक प्रतिभूतियाँ एवं व्यक्तिगत गारंटियाँ रखी गयी थीं। कंपनी द्वारा ₹ 1,65,50,497/- की अदायगी की गयी। बैंक ने निर्यातक पर SARFAESI एवं अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के अधीन वसूली तथा ₹383.86 लाख रु मूल्य की सांपार्श्विक संपत्ति पर भौतिक कब्जा करने हेतु ज़िला मेजिस्ट्रेट से आदेश प्राप्त करने हेतु प्रक्रिया आरंभ की। इस बीच बैंक द्वारा ₹ 1 करोड़ रु से अधिक एवं ₹ 5 करोड़ रु तक के एन पी ए वाले खातों के लिए " शताब्दी निपटान योजना " नामक एक मुश्त भुगतान निपटान योजना (ओ टी एस) आरंभ की गयी। बैंक के पत्र के अनुसार कुल बकाया ₹ 5,03,65,811.11 था। बैंक ने उल्लेख किया की यह खाता बैंक के योजना के अधीन निपटान करने योग्य है। योजना के अनुसार बैंक द्वारा एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) हेतु 68.38 प्रतिशत की राशि की

			गणना की गयी। कंपनी द्वारा अपने ईमेल के जरिये बैंक द्वारा किए जाने वाले ₹ 295.55 लाख रु की एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) के निर्णय का विरोध जताया गया एवं सूचित किया गया कि जबकि बैंक के पास ₹ 383.86 लाख रु की परिसंपत्तियाँ उपलब्ध हैं तो कम राशि के एक मुश्त निपटान (ओ टी एस) के लिए स्वीकृति का क्या कारण है। अपने उत्तर में बैंक द्वारा सूचित किया गया कि " अशोध्य एवं हानि वाली आस्तियों के लिए शताब्दी निपटान योजना (सी एस एस डी एल) रनिंग लेजर में खाते में बकाया शेष राशि क्कों तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है यथा डी1 , डी2, एवं डी3 , जिसमें निपटान की जाने वाली सुरक्षित राशि कुल बकाया के 80% से 70% तक होती है एवं असुरक्षित राशि का हिस्सा अनुमानित 60% तक होता है एवं अतः अंतिम निपटान की जाने वाली राशि की गणना एन पी ए की कुल राशि के सुरक्षित एवं असुरक्षित राशि के योग से की जाती है।" अतः बैंक द्वारा ₹ 2,95,55,950.65 करोड़ को एक मुश्त

			निपटान (ओ टी एस) के रूप में स्वीकार किया गया है। कंपनी द्वारा एक मुश्त निपटान (ओ टी एस) प्रस्ताव को बकाया ₹ 3,61,04,443/- के शुद्ध मूलधन में प्रदत्त दावे के अनुपात के आधार पर ₹ 1,34,41,723.55 के उसके हिस्से की मांग करते हुए स्वीकृति प्रदान की गयी है। तथापि कंपनी को कुल ₹ 40,09,956.04 एवं ₹ 21,39,793 प्राप्त हो गए हैं। निर्यातक द्वारा एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) की पूर्व शर्त के रूप में राशि की अदायगी न किए जाने के कारण बैंक ने अपने ईमेल के जरिये सूचित किया कि एक मुश्त भुगतान निपटान (ओ टी एस) को रद्द कर दिया गया है। लेखापरीक्षा द्वारा सूचित किया गया की कि शताब्दी निपटान योजना बैंक की एक योजना थी जो बैंक के एनपीए के ओटीएस निपटान के लिए थी इसलिए योजना के अधीन हानि को कंपनी द्वारा नहीं बैंक द्वारा वहन किया जाना चाहिए था। साथ ही जब बैंक के पास मूल बकाया (₹3.61 करोड़) से अधिक संपार्श्विक प्रतिभूति (₹383.86

			लाख) हो एवं जिसमें संपत्ति का भौतिक कब्जा लेने के लिए ज़िला मेजिस्ट्रेट का आदेश प्राप्त हुआ हो ऐसी स्थिति में कम राशि (₹295.55 लाख) पर एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) के प्रस्ताव को स्वीकार करना सही नहीं है एवं यह कंपनी के सर्वोत्तम वित्तीय हित में नहीं है। इस पर स्पष्टीकरण आवश्यक है। इसके अलावा, बैंक से कम से कम ₹3,61,04,443/- की बकाया मूल राशि के लिए एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) पर बातचीत करनी चाहिए थी क्योंकि बैंक के पास 383.86 लाख रुपये की संपार्श्विक प्रतिभूति है, ताकि कंपनी को उसके द्वारा अदा की गयी पूर्ण दावा राशि प्राप्त हो सके। संपार्श्विक प्रतिभूति के मूल्य से कम राशि के एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव को स्वीकार करने के परिणामस्वरूप कंपनी को ₹31,08,774/- की हानि हुई है। प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया कि संपत्ति स्वीकृत सुविधाओं जैसे पैकिंग ऋण , पोतलदानोत्तर ऋण एवं सावधि ऋण आदि के लिए उपलब्ध कारवाई गयी एक सामान्य

			संपार्श्विक प्रतिभूति थी। बैंक काएक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव केवल पैकिंग ऋण के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हानि के लिए था। भले ही बैंक ऋण संवितरण के लिए जमानत के रूप में संपार्श्विक लेते हैं, संपत्ति के परिसमापन / बिक्री की प्रक्रिया में समय लगता है तथा यह गहन प्रक्रिया होती है एवं बिक्री आय की वसूली बाहरी कारकों जैसे खरीदार की उपलब्धता, संकट कारक, बाजार की स्थिति आदि पर निर्भर करती है। इसलिए, नकदी को वापस लाने के लिए लंबी चौड़े कानूनी कार्यवाही के बजाय मामले के त्वरित निपटान को प्रोत्साहित करने हेतु विनियामक ढांचे के भीतर उधारदाताओं द्वारा एकमुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) आरंभ किया गया है। जल्द वसूली की प्रत्याशा में एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) को कम मूल्य पर स्वीकार करने की बैंक की कार्रवाई उस समय सबसे अच्छा व्यवहार्य विकल्प थी एवं तदनुसार कंपनी भी एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) के लिए सहमत हो गई थी। इसके अलावा, बैंक ने कहा कि एक मुश्त

			भुगतान निपटान (ओटीएस) अब विफल हो गया है एवं माननीय ऋण पुनर्विन्यास न्यायाधिकरण (डीआरटी) ने बैंक को निपटान के लिए उपलब्ध गिरवी रखी संपत्ति का कब्जा लेने के लिए अधिकृत कर दिया गया है । असफल एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) में भी, कंपनी को पहले ही ₹ 61,49,749/- का अपना हिस्सा प्राप्त हो चुका है एवं आगे की वसूली या तो परिसंपत्तियों की बिक्री के माध्यम से अथवा नए निपटान के माध्यम से होने की संभावना है और इसलिए, कंपनी को कोई हानि नहीं हुई है। बैंक द्वारा कंपनी को सूचित किया गया है कि बैंक ने उधारकर्ता के एक अन्य एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है क्योंकि प्रस्तावित राशि बैंक की निर्धारित मानदंड को पूरा नहीं कर रही थी। इसके अलावा बैंक द्वारा कंपनी को यह भी सूचित किया गया है कि आज तक बैंक ने संपत्ति का कब्जा नहीं लिया है। डीआरटी में कोविड -19 के कारण सुनवाई की अंतिम तिथि स्थगित कर दी गई थी। आज तक किसी अन्य स्रोत से

			कोई अन्य वसूली नहीं हुई है। कंपनी के भागीदारी के बिना उधारकर्ता को उधार देना बैंक एवं उधारकर्ता के बीच एक पारस्परिक अनुबंध है। तदनुसार, वसूली, यदि कोई हो, भी अनुबंध के आलोक में बैंक द्‌वारा निर्धारित की जाएगी। कंपनी द्‌वारा बैंक को प्रदान गयी आगे की रक्षा न केवल संपार्श्विक के आधार पर होगी बल्कि बैंक के साथ हमारे अनुभव एवं मजबूत बैंकिंग प्रणाली का आधार लेने के साथ-साथ उधारकर्ता पर बैंक द्‌वारा समग्र मूल्यांकन पर भी आधारित होगा। वास्तव में, संपार्श्विक प्रतिभूतियों को प्राप्त करना एवं निपटान केवल बैंक तथा उधारकर्ता बीच एवं एक बीमाकर्ता के रूप में कंपनी के बीच एक बीमाकर्ता के रूप में केवल निर्यात सुविधाओं के अधीन बकाया मूलधन तक सीमित होता है अन्यथा इसका कोई अन्य तात्पर्य नहीं होता है और न ही इसका निपटान पर कोई प्रभाव पड़ता है। हालांकि, किसी भी एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) के मामले में बैंक की ओर से निगम का पूर्वानुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य है। इस प्रकार, कंपनी के पास हमेशा

			एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव का मूल्यांकन करने एवं मामले की योग्यता के आधार पर कंपनी के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेने का विकल्प उपलब्ध रहता है। समग्र रूप से यह उल्लेखनीय है कि इस प्रकार लागू किया गया कोई भी एक मुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) , बकाया राशि के शीघ्र निपटान की सुविधा प्रदान करता है जो बैंक को एनपीए में वसूली को बढ़ावा देने में सहायक होता है एवं इसके परिणामस्वरूप कंपनी द्वारा भुगतान किए गए दावों की वसूली भी संभव होगी। उक्त तथ्यात्मक स्थिति के साथ, कंपनी द्वारा सीएजी से पैरा को रद्द करने का अनुरोध किया गया । दिनांक 31.03.2022 तक सीएजी की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित थी।

क्र सं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**संक्षिप्त पैरा**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
20.	वर्ष 2020-21 के पैरा 4 के भाग II ख	कंपनी द्वारा पुनर्बीमा कमीशन पर जीएसटी की गैरअदायगी	लेखापरीक्षक द्वारा पाया गया कि कंपनी भारत से निर्यात को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय

		(2018-19 एवं 2019 – 20 की अवधि के लिए कंपनी की शाखा के लिए संव्यवहार लेखा परीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	निर्यातकों एवं बैंकों को निर्यात ऋण बीमा रक्षा प्रदान करती है। कंपनी सामान्य बीमा श्रेणी (विविध) के अधीन भारतीय बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (IRDAI) के साथ पंजीकृत है। कंपनी जोखिम प्रबंधन के उपाय के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुनर्बीमा कंपनियों से पुनर्बीमा सहायता प्राप्त करती है। कंपनी द्वारा बीमांकित किए गए कारोबार का एक हिस्सा पुनर्बीमा कंपनियों के साथ साझा किया जाता है (जिसे बीमा कारोबार को सौंपना कहा जाता है)। पुनर्बीमाकर्ता कंपनी द्वारा अर्जित प्रीमियम में आनुपातिक हिस्सा प्राप्त किया जाता है अथवा वे प्रदान किए गए पुनर्बीमा के प्रकार के आधार पर एक निश्चित दर उद्धृत किया जाता है। प्रीमियम का एक हिस्सा, जिसे सीडिंग कमीशन (रिइंश्योरेंस कमीशन) कहा जाता है, कंपनी द्वारा धारित किया जाता है। सौंपा गया कमीशन , कंपनी एवं पुनर्बीमाकर्ता के बीच प्रशासनिक व्ययों को को साझा करने के लिए होता है। जुलाई 2017 में जीएसटी शासन की स्थापना से लेकर मार्च 2021 तक कंपनी द्वारा प्राप्त

			कुल पुनर्बीमा कमीशन की राशि ₹191.39 करोड़ है। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग द्वारा निर्यात ऋण बीमा से प्राप्त प्रीमियम को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से छूट (जून 2017) दी गई है। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग द्वारा पुनर्बीमा सेवाओं पर जीएसटी से भी छूट (जनवरी 2018) दी गई थी। इसके अलावा, सेवा कर व्यवस्था के अधीन पुनर्बीमा सीडिंग कमीशन को सेवा कर के दायरे से विशेष रूप से छूट दी गई थी (अप्रैल 2010)। हालांकि, जीएसटी प्रशासन के अधीन पुनर्बीमा आयोग पर जीएसटी की प्रयोज्यता को आज तक विशेष रूप से छूट प्रदान नहीं की गई है। लेखापरीक्षक द्वारा पुनर्बीमा आयोग पर जीएसटी से संबंधित निम्नानुसार कंपनी की प्रथा को नोट किया ; कंपनी द्वारा जुलाई 2017 में जीएसटी व्यवस्था शुरू होने के बाद से प्राप्त पुनर्बीमा कमीशन पर जीएसटी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा, यह भी पाया गया कि कंपनी द्वारा पुनर्बीमा आयोग पर जीएसटी की प्रयोज्यता के मुद्दे पर जीएसटी

			सलाहकार/विशेषज्ञ/चार्टर्ड एकाउंटेंट से कोई विशेषज्ञ राय प्राप्त किए बिना ही इस प्रथा को अपनाया गया है। जीएसटी प्राधिकारियों द्वारा पुनर्बीमा आयोग पर जीएसटी की प्रयोज्यता के संबंध में किसी विशेष छूट न होने के बावजूद, कंपनी ने पुनर्बीमा आयोग पर जीएसटी का भुगतान न करने की अपनी प्रथा को बनाए रखा एवं आज तक उसे जारी रखा है, कंपनी द्वारा अपनाई गयी इस प्रथा का कारण, पूर्ववर्ती सेवा कर व्यवस्था के अधीन बीमा कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली पुनर्बीमा सेवा के लिए प्राप्त पुनर्बीमा कमीशन को सेवा कर के दायरे से मुक्त रखा जाना। हालांकि, पूर्ववर्ती सेवा कर व्यवस्था के दायरे से किसी सेवा की छूट का मतलब यह नहीं है कि संबन्धित सेवा स्वतः जीएसटी प्रशासन के अधीन भी छूट के लिए पात्र होगी एवं आगे निर्देश दिये गए की जीएसटी परिषद से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। यह तथ्य कि कंपनी द्वारा इस मुद्दे पर कोई विशेषज्ञ राय प्राप्त नहीं की गयी पुनर्बीमा कमीशन पर जीएसटी का भुगतान न करने की कंपनी की प्रथा का

			कोई अन्य औचित्य नहीं है। कंपनी द्वारा वाणिज्य विभाग से पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा बीमाकर्ताओं को भुगतान किए गए सीडिंग कमीशन पर जीएसटी छूट के मुद्दे पर वित्त मंत्रालय से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अनुरोध किया। पाया गया कि सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा ऐसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने की सलाह दिए जाने के उपरांत ही ही कंपनी ने स्पष्टीकरण मांगा गया अतः , कंपनी ने जुलाई 2017 में जीएसटी प्रशासन की स्थापना के बाद से 4 वर्षों की अवधि के दौरान जीएसटी अधिकारियों से किसी प्रकार का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का प्रयास भी नहीं किया एवं बिना किसी स्पष्टीकरण/छूट के पुनर्बीमा आयोग पर जीएसटी का भुगतान नहीं करने की प्रथा को जारी रखा। प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया कि कंपनी जुलाई 2017 में जीएसटी प्रशासन की स्थापना के पश्चात अपनी सभी जीएसटी अनिवार्यताओं का पूर्ण अनुपालन किया जा रहा है। कंपनी द्वारा बिना किसी महत्वपूर्ण अवलोकन के वित्त वर्ष 2017-18 से वित्त

			वर्ष 2020-21 तक अपना जीएसटी लेखा परीक्षा पूर्ण की गयी है। कंपनी द्वारा सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा उठाए गए संबन्धित प्रश्न के लिए 27.10.2021 को एक जीएसटी सलाहकार / सनदी लेखकर से एक राय ली गयी है। परामर्श की राय दर्शाती है है कि जी एस टी के अधीन सौंपे गए पुनर्बीमा पर कमीशन कर के अधीन नहीं आता है। साधारण बीमा निगम (जीआईसी), नोडल एजेंसी द्वारा पहले ही इस मुद्दे को उठाया गया है एवं कंपनी द्वारा पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा बीमाकर्ताओं को भुगतान किए गए सीडिंग कमीशन पर जीएसटी छूट के मुद्दे पर वित्त मंत्रालय से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए वाणिज्य विभाग से अलग से अनुरोध किया गया है (दिसंबर 2021) । कंपनी द्वारा वित्त मंत्रालय से पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा भुगतान किए गए पुनर्बीमा सीडिंग कमीशन पर जीएसटी प्रयोज्यता पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए अपने मूल मंत्रालय के साथ लगातार अनुवर्ती कार्रवाई कर रही है। चूंकि सेवा कर व्यवस्था के दौरान सेवा कर की प्रयोज्यता

			को माफ कर दिया गया था एवं सामान्य बीमा की नोडल एजेंसी द्वारा स्पष्टीकरण के लिए निरंतर अनुवर्ती कार्यवाही की जा रही थी इस कारण कंपनी सीडिंग कमीशन पर जीएसटी का भुगतान नहीं कर रही थी। दिनांक 31.03.2022 तक सीएजी की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित थी।

क्र सं	**लेखापरीक्षा पैरा का नाम**	**संक्षिप्त पैरा**	**रिपोर्टिंग स्थिति**
21.	वर्ष 2020-21 के पैरा 2 के भाग II ख	कॉर्पोरेट कार्यालय भवन के निर्माण कार्य के पूर्ण होने में अत्यधिक विलम्ब (2020-21 की अवधि के लिए कंपनी की शाखा के लिए संव्यवहार लेखा परीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	ग्राम गुंडावली, एम.वी. रोड अंधेरी (पूर्व) मुंबई में कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय के निर्माण हेतु कंपनी द्वारा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के साथ टर्न की आधार पर कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय के विनिर्मान हेतु (जून 2016) को समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किए गए। कंपनी द्वारा सीपीडब्ल्यूडी को ₹111.24 करोड़ की अपनी प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति से अवगत कराया (जून 2016) गया। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा मेसर्स

			सैम इंडिया बिल्ट वेल प्रा लि को कंपनी के कार्यालय भवन के निर्माण का ठेका सौंपा गया (फरवरी 2017)। समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) की शर्त 9 के अनुसार, सीपीडब्ल्यूडी को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने अथवा परियोजना आर्किटेक्ट द्वारा संविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने की तारीख से 26 महीनों , इसमें से जो भी बाद में हो , के भीतर कार्य को पूरा करना था। वर्तमान मामले में, फरवरी 2017 में सीपीडब्ल्यूडी द्वारा कार्य सौंपे जाने से 26 माह की अवधि पूर्ण होने के पश्चात कार्य का मार्च 2019 तक पूरा हो जाना चाहिए था। तथापि, सीपीडब्ल्यूडी द्वारानिर्माण कार्य आज तक (जनवरी 2022) पूरा नहीं किया गया है। । कंपनी द्वारा दिसंबर 2021 तक सीपीडब्ल्यूडी को ₹111.24 करोड़ की राशि जारी की गयी है। कंपनी द्वारा सीपीडब्ल्यूडी के साथ किए गए समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) के अनुसार, कार्य को पूर्ण करने में विलंब के लिए सीपीडब्ल्यूडी से दंड/क्षति की वसूली का कोई प्रावधान नहीं है। कंपनी द्वारा एक्सप्रेस

			टावर्स एवं नरीमन पॉइंट पर दलालल हाउस में परिसरों को किराये पर लिया गया है। वर्ष 2020-21 के लिए उक्त परिसरों के लिए कुल ₹ 7.98 करोड़ की किराये की अदायगी की गयी है। अतः सीपीडब्ल्यूडी द्वारा उन्हें सौंपे गए कार्य को पूरा करने में अत्यधिक विलंब के कारण, कंपनी को किराए के परिसर के किराये हेतु 7.98 करोड़ रुपये का परिहार्य व्यय करना पड़ रहा है। प्रबंधन ने उत्तर दिया कि विलंब का मुख्य कारण, विधिवत पुनरीक्षित आईआईटी वास्तुकला, संरचनात्मक, सांबोधिक ड्राइंग, कोविड 19 स्थिति एवं डेटा सेंटर के स्थान को स्थानांतरित करना था। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा आवश्यक माइलस्टोन की उपलब्धि में विलंब हेतु ठेकेदार की 284.64 लाख रुपये की राशि रोक दी गयी है। सीपीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है एवं अंतिम रूप से फिनिशिंग का काम प्रगति पर है। एमसीजीएम से परियोजना के लिए आधिपत्य प्रमाणपत्र (ओसी) प्राप्त करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है एवं कुछ प्रमुख ओसी अनुपालन

			(जैसे संरचनात्मक स्थिरता प्रमाणपत्र, लिफ्ट प्रमाणपत्र, एमसीजीएम को सेट बैक लौटाना , नगरपालिका लेन के साथ सीवरेज कनेक्शन, कैरेज प्रवेश, जीवीके सत्यापन, परियोजना के लिए वाटर प्रूफिंग पॉन्ड टेस्ट, स्टॉर्म वाटर ड्रेन कमेंट, ड्रेनेज कंप्लीशन सर्टिफिकेट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मीकल्चर बिन्स, नो ड्यूज सर्टिफिकेट, स्मोक टेस्ट, जीरो वेस्ट यू/टी आदि) प्राप्त किए जा चुके हैं। हालाँकि, कुछ अन्य ओ सी अनुपालन शेष हैं जैसे मुख्य अग्निशमन अधिकारी की अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी), उद्यान अधीक्षक से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) आदि प्रक्रियाधीन हैं एवं ओसी अनुपालन प्राप्त करने में एक - दो माहों का समय लग सकता है। एमसीजीएम से उक्त प्राप्त करने के पश्चात कार्यालय के स्थानांतरण के लिए अन्य वैधानिक अनुपालन की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। उक्त को देखते हुए कंपनी सीएजी से अनुरोध करती है कि कृपया विषय पैरा को रद्द करें । दिनांक 31.03.2022 तक सीएजी की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित थी।

क्र सं	लेखापरीक्षा पैरा का नाम	संक्षिप्त पैरा	रिपोर्टिंग स्थिति
22.	वर्ष 2020-21 के पैरा 3 के भाग II ख	कंपनी द्वारा प्रदत्त दावों की वसूली की गैर निगरानी। (2020-21 की अवधि के लिए कंपनी की शाखा के लिए संव्यवहार लेखा परीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट)	लेखापरीक्षक द्वारा पाया गया कि दावों की प्रक्रिया के मास्टर मैनुअल के अनुसार, कंपनी पॉलिसीधारकों द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर कुछ मामलों में स्वयं वसूली कार्रवाई करने का निर्णय ले सकती है। इसके अलावा, अन्य मामलों में, कंपनी द्वारा पॉलिसीधारक को ऋण वसूलीकर्ता एजेंट के माध्यम से वसूली हेतु उचित कार्रवाई करने एवं एजेंट के सलाह पर खरीदार के विरुद्ध दावा दायर करने की सलाह दी जाएगी। जब भी किसी मामले दावे की राशि की वसूली की जाती है तब वसूल की गयी राशि को कंपनी के साथ उसी अनुपात में साझा किया जाएगा जिस अनुपान में हानि का वहन किया गया था। लेखा परीक्षक द्वारा पाया गया कि दिसंबर 2021 तक पॉलिसी एवं ईसीआईबी व्यवसाय में वसूली मात्र 1296.23 करोड़ रुपये की रही जबकि दावे की कुल अदायगी 11730.87 करोड़ रु की रही। आगे यह भी पाया गया कि दिसंबर 2021 तक पॉलिसी

			खंड में वसूली केवल 5.15 प्रतिशत रही जबकि ईसीआईबी खंड में वसूली 12.66 प्रतिशत रही। वस्तुतः दिसंबर 2021 तक ₹ 10423.54 करोड़ रु की वसूलियाँ लंबित थी, कंपनी द्वारा भुगतान किए गए दावों की वसूली की प्रक्रिया कंपनी द्वारा भुगतान किए गए दावों के अनुरूप नहीं है। लेखापरीक्षक द्वारा आगे कंपनी द्वारा भुगतान किए गए दावों पर वसूली प्रयासों की प्रक्रिया के संबंध में निम्न पाया गया: कंपनी के वसूली के प्रयास मुख्य रूप से पॉलिसी दस्तावेजों/ पॉलिसीधारक के लिए ईसीआईबी बांड एवं दावा प्रक्रिया के लिए तैयार कंपनी के मास्टर मैनुअल में दर्शाई गई कार्रवाइयों के आधार पर संचालित किए जाते हैं। तथापि, यह पाया गया कि कंपनी द्वारा निपटाए गए दावों की वसूली के साथ-साथ पॉलिसीधारकों/बैंकों द्वारा वसूल की गई राशि को साझा करने के लिए शाखा/प्रधान कार्यालय स्तर पर अपनाई जाने वाली किसी प्रकार की मानक संचालन प्रक्रिया निर्मित नहीं की गयी है। इस प्रकार, कंपनी द्वारा बैंकों/पॉलिसीधारकों के नैतिक

			जोखिम को कम करने के लिए एवं यह सुनिश्चित करने के लिए कि पॉलिसीधारकों/बैंकों द्वारा हानि की वसूली के लिए नियमित रूप से निरंतर उचित प्रयास किए जा रहे हैं, पर एक उपयुक्त प्रणाली स्थापित नहीं की गयी है। कंपनी की शाखाओं में स्वतंत्र वसूली विभाग नहीं है। आगे, शाखा स्तर पर दावे का निपटान करने वाला अधिकारी ही वसूली कार्य एवं निर्यातक, ऋण वसूलीकर्ता एजेंसी एवं बैंकों के साथ समन्वय हेतु जिम्मेदार है। अतः पॉलिसीधारकों, बैंकों एवं विदेशों में स्थित चूककर्ता ख़रीदारों से वसूली हेतु पर्याप्त एवं उचित प्रयास करने के लिए न तो शाखा स्तर पर वसूली हेतु किसी स्वतंत्र विभाग की स्थापना की गयी है व न ही कंपनी की शाखाओं में उचित श्रम बल ही प्रदान किया गया है। कंपनी की शाखाओं की नवीनतम निरीक्षण / आंतरिक लेखा परीक्षा की रिपोर्टों के अनुसार , इन शाखाओं में वसूली के संबंध में की जाने वाली टिप्पणियों में मात्र यह दर्शाया गया है कि इस प्रकार की अवधि के दौरान वसूल की गयी राशि ,

			शाखाओं द्वारा भेजे गए वसूली अनुस्मारक, इस प्रकार की वसूलियों के लिए नोटों की तैयारी एवं प्रक्रिया का ही उल्लेख मिलता है। तथापि इन शाखाओं की लेखा परीक्षा रिपोर्टों में शाखा स्तर पर वसूलियों की प्रयाप्तता एवं प्रभावपूर्णता पर किसी प्रकार का मूल्यांकन नहीं किया गया है। कंपनी की शाखाएं उन निर्यातकों एवं बैंकरों को ईमेल/पत्र भेज रही थीं जिन्हें दावों का भुगतान किया गया था। इसके अलावा, कंपनी के अधिकारियों द्वारा उन निर्यातकों एवं बैंकों का भी दौरा किया गया ताकि भुगतान किए गए दावों पर की गयी वसूली पर नवीनतम जानकारी प्राप्त की जा सके। लेखा परीक्षक द्वारा नमूना आधार पर 10 दावों के वसूली आंकड़ों की जांच की गयी जिसमें यह पाया गया कि सात दावों में बैंकों/पॉलिसीधारकों द्वारा की गयी वसूली की तारीख उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, छह दावों में, कंपनी द्वारा यह कहा गया कि बैंकों द्वारा तारीख प्रदान नहीं की गई है। अतः ज्ञात होता है कि कंपनी द्वारा किसी प्रकार की निगरानी तंत्र को स्थापित नहीं

			किया है जिसके अधीन चूककर्ता खरीदारों / परिसमापकों / प्रशासनों / एजेंसियों द्वारा सीधे पॉलिसीधारकों / बैंकों को प्रेषित वसूली के विषय में स्वचालित रूप से जानकारी प्राप्त हो सके। ऐसी किसी व्यवस्था के अभाव में, कंपनी यह आकलन करने की स्थिति में नहीं होगी कि संबंधित पॉलिसीधारकों/बैंकों द्वारा किसी प्रकार की वसूली की गई है अथवा नहीं एवं यह भी मूल्यांकन करने की स्थिति में नहीं होगी कि पॉलिसीधारकों/बैंकों द्वारा प्राप्त वसूली, यदि कोई हो तो कंपनी के साथ समय पर साझा की जाती है। अतः कंपनी द्वारा स्थापित वसूली तंत्र, बैंकों/पॉलिसीधारकों के न्यूनतम नैतिक जोखिम सुनिश्चित करने के लिए एवं यह सुनिश्चित करने के लिए कि पॉलिसीधारकों/बैंकों द्वारा हानि की राशि की वसूली के लिए नियमित आधार पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं अथवा नहीं, के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अतिरिक्त कंपनी को श्रम बल के समेकित प्रयासों को बढ़ाकर वसूली हेतु अपने प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में सरकार से

			अतिरिक्त सहायता के बिना इन प्रयासों को जारी रखा जा सके। लेखापरीक्षक द्वारा उल्लेख किया गया कि एक उपयुक्त ट्रैकिंग प्रणाली के साथ कंपनी यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या संबंधित पॉलिसीधारकों/बैंकों द्वारा वसूली की गई है अथवा नहीं एवं इसके जरिये यह मूल्यांकन भी किया जा सकता है कि पॉलिसीधारकों/बैंकों द्वारा प्राप्त वसूली, यदि कोई हो, तो, कंपनी को समय पर प्रेषित की जाती है। वसूली की स्थिति एवं शाखा स्तर पर वसूलियों की पर्याप्तता एवं प्रभावपूर्णता पर दी गयी सलाह को आंतरिक लेखापरीक्षा के सीमा क्षेत्र में शामिल किया जाये एवं विकसित कार्यप्रणाली को लेखा लेखा परीक्षा विभाग के साथ साझा किया जाये। इस पर प्रबंधन द्वारा उत्तर दिया गया कि पॉलिसी के अधीन चूक की अवस्था यथा यदि खरीदार द्वारा देय तारीख को निर्यातक को अदायगी न की गयी हो तो पॉलिसी के अधीन दिशानिर्देशों के आधार पर पॉलिसी धारक द्वारा कंपनी इसकी सूचना दी जाती है। उसके आधार पर कंपनी द्वारा पॉलिसी

			धारक को सलाह दी जाती है कि कंपनी द्वारा सूचीबद्ध ऋण वसूलीकर्ता एजेंसी (डीसीए) के माध्यम से खरीदार के विरुद्ध सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णीत अनुसार वसूली कार्रवाई की जाए अथवा कानूनी कार्रवाई जैसा भी मामला हो, की जाये। पॉलिसीधारक के पास पैनल में शामिल डीसीए अथवा कानूनी कार्रवाई से स्वतंत्र होकर स्वयं कोई कार्रवाई करने का विकल्प उपलब्ध है। पॉलिसीधारक को खरीदार के विरुद्ध वसूली कार्रवाई आरंभ करने के लिए डीसीए के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने पड़ते हैं डीसीए द्वारा पॉलिसी धारक के साथ समझौते पर हस्ताक्षर होने के तुरंत बाद वसूली कार्रवाई आरंभ की जाती है एवं डीसीए द्वारा समय-समय पर पॉलिसीधारक एवं कंपनी को ईमेल के माध्यम से स्थिति की सूचना दी जाती है। यदि खरीदार सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए तैयार नहीं हो तो कभी-कभी डीसीए द्वारा कानूनी कार्रवाई की भी सलाह दी जाती है। डीसीए द्वारा पॉलिसी धारक एवं कंपनी को कानूनी प्रक्रिया की संभावित लागत एवं संभावना के विषय

			में भी सलाह दी जाती है। संभावित लागतों , जीतने की संभावना एवं किसी भी डिक्री को लागू करने की संभावना के आधार पर, पॉलिसी धारक द्वारा कानूनी कार्यवाही के विकल्प का का चुनाव किया जाता है। हमारे अनुभव से यह देखा गया है कि अधिकांश मामलों में हानि एवं दावों के निपटारे की तुलना में कानूनी व्यय बहुत अधिक होता है। यह भी देखा गया है कि पश्चिमी यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका में कुछ मामलों में ऐसे खरीदार जो राजकोषीय दबाव के कारण दिवालिया हो गए थे एवं इनके संबंध में वसूली की संभावना न्यूनतम है। ईसीआईबी के अधीन बैंकरों द्वारा निर्यातक के विरुद्ध वसूली कार्रवाई तब आरंभ की जाती है जब बैंकों की मंजूरी शर्तों, आंतरिक दिशानिर्देशों और आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार निर्यातक को जारी अग्रिम चूकाधीन हो जाते हैं। उधारकर्ता-निर्यातक का दिवालिया होना, निर्यात आदेशों को निष्पादित करने में निर्यातक की विफलता एवं देय राशि को अदा करने स्थानीय स्रोतों की असमर्थता अथवा खरीदार से देय राशि

			की अप्राप्ति एवं बकाया राशि की अदायगी में में असमर्थता आदि चूक का कारण साबित हो सकते हैं। सामान्यतया बैंकों द्वारा हेतु SARFAESI के अधीन वसूली की कार्यवाही की जाती है परंतु हाल ही में बैंकों द्वारा आईबीसी के अधीन भी वसूली की कार्यवाही प्रारम्भ किया जा रहा है। बैंकों द्वारा अपनाई जाने वाले वसूली के अन्य तरीकों में भ रि बैं के दिशानिर्देशों के आधार पर एकमुश्त भुगतान निपटान (ओटीएस) एवं ए आर सी को अशोध्य ऋणों के पोर्टफोलियो की बिक्री के जरिये ऋणों का प्रतिभूतिकरण भी शामिल हैं। किसी भी पाद्धति से निधियों की प्राप्ति पर प्राप्त हुई राशि का कंपनी के साथ उसी अनुपात में साझा किया जाता है जिस अनुपात में दावे का निपटान किया गया था। आम तौर पर शाखाओं में दावे पर प्रक्रिया करने करने वाला अधिकारी वसूली प्रक्रिया भी करता है। चूंकि भुगतान किए गए एवं वसूली के लिए लंबित दावों की संख्या कम होती है, वहाँ उसी अधिकारी द्वारा वसूली की कार्यवाही की जाती है जिस अधिकारी द्वारा दावे पर प्रक्रिया की गयी थी। एवं जहां कहीं

			भी भुगतान किए गए दावे के मामले अधिक हैं, अन्य कार्यों के अलावा, वसूली अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक अतिरिक्त अधिकारी तैनात किया गया है । अधिकारी द्वारा निर्यातक एवं बैंकों को नियमित रूप से पत्र भेजा जाता है एवं भुगतान किए गए दावे की वसूली के लिए प्राप्त वसूली का विवरण साझा करने का अनुरोध किया जाता है तथा निर्यातक अथवा बैंकर से प्रस्ताव प्राप्त होने पर वसूली के हिस्से की गणना कर , सहायक दस्तावेजों के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करता है। उसके द्वारा ईसीआईबी के अधीन निर्यातक एवं पॉलिसी के अधीन खरीदार से वसूली प्राप्ति हेतु डीसीए के साथ एवं निर्यातक के बैंक के साथ संपर्क किया जाता है। उक्त के अतिरिक्त क्षेत्र अधिकारी (एफ ओ) के साथ प्रदत्त एवं वसूली के लिए लंबित दावों की सूची को साझा किया जाता है एवं एफ ओ द्वारा निर्यातक एवं बैंक के साथ वसूली हेतु निरंतर पत्राचार किया जाता है। लेखा परीक्षक (सीएजी) के निर्देशानुसार कंपनी द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग को शाखा स्तर पर वसूलियों की पर्याप्तता

			एवं प्रभावपूर्णता संबंधी मदों को अपनी लेखा परीक्षा के कार्यक्षेत्र में शामिल करने के लिए निर्देश दिये जाएँगे। पॉलिसी एवं ईसीआईबी के अधीन क्रमशः पॉलिसी धारक एवं बैंक को दावे की अदायगी के पश्चात , कंपनी की शाखा द्वारा नियमित रूप से वसूली की नवीनतम स्थिति की जानकारी हेतु पॉलिसीधारक एवं बैंकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है एवं पॉलिसीधारक अथवा बैंक से किसी भी प्रकार की वसूली प्रस्ताव की प्राप्ति पर एक अधिकारी द्वारा वसूली में कंपनी के हिस्से की गणना की जाती है एवं उन्हें तत्काल कंपनी के साथ उसके हिस्से को तत्काल साझा करने हेतु मांग की जाती है। जहां तक ट्रैकिंग सिस्टम आदि का संबंध है, पॉलिसी के अधीन वसूली अधिकतर डीसीए के माध्यम से प्राप्त होती है जैसा कि उपरयुक्त पैरा में उल्लेख किया गया है। डीसीए द्वारा कंपनी को वसूली की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराता है एवं इसकी प्राप्ति पर एक अधिकारी द्वारा पॉलिसी धारक के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है एवं वसूली में से कंपनी के हिस्से

			की मांग कर उसे वसूला जाता है। बैंक से वसूली के संबंध में, बैंक के पास देय राशि की वसूली के लिए अपना तंत्र है, एवं वसूली की प्राप्ति पर कंपनी द्वारा बैंक को जारी किए गए ईसीआईबी रक्षा के निबंधनों एवं के अनुसार कंपनी को उसका हिस्सा प्राप्त हो जाता है। बैंक द्वारा वसूली की प्राप्ति से 7 दिनों के भीतर वसूली में से कंपनी का हिस्सा कंपनी को अदा करना होता है अन्यथा, वसूल की गयी राशि पर सामान्य बैंक ब्याज लगाया जाएगा। उक्त के आधार पर कंपनी सीएजी से अनुरोध करती है कि कृपया विषय पैरा को को रद्द कर दें। 31.03.2022 तक पैरा पर सीएजी से आगे की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है।

सूचना का अधिकार (आरटीआई)

कंपनी के पास मुंबई में प्रधान कार्यालय में स्थित एक आरटीआई कक्ष है जिसका नेतृत्व एक सहायक महाप्रबंधक द्वारा किया जाता है । मुंबई में प्रधान कार्यालय में प्रथम अपीलीय प्राधिकरण (एफएए) का नेतृत्व एक उप महाप्रबंधक द्वारा किया जाता है। आरटीआई अधिनियम के अधीन प्राप्त आवेदनों की प्राप्ति पर आवेदनों का उत्तर आरटीआई अधिनियम के अधीन अनुमत समय सीमा के भीतर दिया जाता है। संचालित आवेदनों की संख्या की रिपोर्ट तिमाही आधार पर केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) की वेबसाइट पर अद्यतित की जाती है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 184 आवेदनों पर कार्यवाही की गयी। कंपनी द्वारा प्राप्त आरटीआई आवेदनों के संबंध में सभी नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया है।

अनुलग्नक V

दिनांक 31.03.2022 तक कंपनी की सेवा में सेवारत दिव्यांग कर्मियों का प्रतिनिधित्व

समूह	ईसीजीसी में दिव्यांग व्यक्तियों के आंकड़े				कुल
	दृ बा	श्र बा	अ वि	चौथी श्रेणी	दृ बा + श्र बा + अ वि + चौथी श्रेणी
क	3	1	5	0	9
ख	2	3	2	1	8
ग	0	0	0	0	0
घ	1	0	0	0	1
कुल	6	4	7	1	18

दृ बा	दृष्टि बाधित
श्र बा	श्रव्य बाधित
अ वि	अस्थि विकलांगता
4थी श्रेणी	(i) सीखने की विशिष्ट अक्षमता (एसएलडी) अथवा दृ बा, श्र बा, अ वि अथवा चौथी श्रेणी सहित एकाधिक अक्षमता

अनुलग्नक VI

वर्ष 2021-22 में भर्ती से संबन्धित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रतिनिधित्व

ईसीजीसी लिमिटेड , समूह	नियुक्त कुल कर्मियों की सं	नियुक्त अनु जा के कर्मियों की सं	नियुक्त अनु जन जा के कर्मियों की सं	नियुक्त अ पि व के कर्मियों की सं	नियुक्त आ पि व के कर्मियों की सं
समूह क	0	0	0	0	0
जोड़ें : अदावित निधि से अर्जित निवेश आय	-	6,18.88	-	4,27.04
घटाएँ : तिमाही के दौरान अदा किए गए दावे	4,06.74	10.48	9,34.50	18.03
घटाए : एस सी डबल्यू एफ को अंतरित राशि (पूर्व में अंतरित राशियों के संबंध में दावों का निवल)	3,50.35	90.29	5,36.93	1,25.82
अदावित निधि की राशि का अंतिम शेष	**1,53,50.33**	**39,87.39**	**1,50,69.05**	**34,69.27**

ईसीजीसी लिमिटेड
CIN: U74999MH1957GOI010918

31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि के लिए प्राप्तियां एवं भुगतान खाता / (नकद प्रवाह विवरण)

(₹ '000)

	विवरण	2021-22	2020-21
क	**परिचालन गतिविधि से नकदी प्रवाह**		
1	अग्रिम रसीदों सहित पॉलिसीधारक से प्राप्त प्रीमियम	1186,37,51.21	1086,95,13.07
2	अन्य रसीदें / वसूली / शुल्क	89,74,01.73	108,23,09.82
3	कमीशन एवं दावों के शुद्ध पुनर्बीमाकर्ताओं को भुगतान	(16,56,82.62)	24,65,58.26
4	दावों का भुगतान	(687,20,43.27)	(1046,74,05.69)
5	कमीशन एवं ब्रोकरेज के भुगतान	(8,85,84.13)	(8,70,30.21)
6	अन्य परिचालन व्ययों का भुगतान	(376,47,79.28)	(251,74,14.42)
7	जमा, अग्रिम एवं कर्मचारी ऋण	(4,46,46.09)	(5,80,41.70)
8	आयकर अदा (नेट)	(289,45,45.68)	(69,00,00.00)
9	जीएसटी का भुगतान किया	(2,71,42.49)	(3,27,22.93)
10	अन्य भुगतान / संग्रह (शुद्ध)	(45,56,47.27)	(8,77,87.62)
	अतिरिक्त साधारण वस्तुओं से पहले नकदी प्रवाह	**(155,19,17.89)**	**(174,20,21.42)**
11	**अतिरिक्त साधारण संचालन से नकदी प्रवाह**	-	-
	परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह (क)	**(155,19,17.89)**	**(174,20,21.42)**
ख	**निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह**		
1	अचल सम्पत्तियों को जोड़ना (प्रगति में पूंजी कार्य सहित)	(18,76,80.27)	(21,94,79.46)
2	अचल सम्पत्तियों की बिक्री से आय	63,98.46	9,10.43
3	निवेश की खरीद एवं बिक्री की शुद्ध राशि	(946,03,87.40)	(582,92,08.19)
4	किराया / ब्याज / लाभांश प्राप्त हुआ	948,01,73.70	861,14,52.41
5	मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स एवं लिक्विड म्यूचुअल फंड्स में निवेश	-	-
6	निवेश से संबंधित खर्च	(22,16.42)	(72,71.07)
	निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह (ख)	**(16,37,11.93)**	**255,64,04.12**
ग	**वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह**		
1	शेयर पूँजी जारी करने की कार्यवाही	760,00,00.00	390,00,00.00
2	ब्याज / लाभांश का भुगतान	(159,50,00.00)	-
3	लाभांश वितरण कर	-	-
	वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह (ग)	**600,50,00.00**	**390,00,00.00**
घ	**नकद एवं नकद समकक्ष, शुद्ध पर विदेशी मुद्रा दरों का प्रभाव**	(4,19.62)	(3,52.78)
	शुद्ध नकदी प्रवाह (क + ख + ग + घ)	**428,89,50.56**	**471,40,29.92**
च	**नकद एवं नकद समकक्षों में शुद्ध वृद्धि:**		
1	-- साल की आरंभ में	**1551,46,00.97**	**1080,05,71.05**
2	-- साल के अंत में	**1980,35,51.53**	**1551,46,00.97**
	नकद एवं नकद समकक्ष में परिवर्तन	**428,89,50.56**	**471,40,29.92**

(एम सेंथिलनाथन)
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
DIN - 07376766

(देवेश श्रीवास्तव)
निदेशक
DIN – 08646006

(ए सक्तिवेल)
निदेशक
DIN - 00027485

(अमित कुमार अग्रवाल)
निदेशक
DIN - 05333909

(प्रतिभा कुशवाहा)
निदेशक
DIN – 09395541

(सुनील जोशी)
कार्यपालक निदेशक
DIN - 08778530

(निर्दोष चोपड़ा)
मुख्य वित्तीय अधिकारी

(स्मिता पंडित)
कंपनी सचिव

सम तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते ए बी एम् एंड एसोशिएट्स एल एल पी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 105016W/W-100015

कृते एस एन के एंड कं
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 109176W

(अनिल चिकोडी)
भागीदार - M.No. 107659
पुणे

(अंकित डी. दानावाला)
भागीदार - M.No. 119972

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 मई , 2022

प्रबंधन रिपोर्ट

Management Report

बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (वित्तीय विवरणों की तैयारी तथा बीमा कंपनियों की लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) विनियमन 2002 की अनुसूची ' ख' के भाग IV की आवश्यकता अनुसार प्रबंधन रिपोर्ट।

1. हम पुष्टि करते हैं कि बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया गया पंजीकरण वर्ष के दौरान वैध है। उसे वर्ष 2021-22 के लिए नवीकृत किया गया है।

2. हम पुष्टि करते हैं कि सांविधिक प्राधिकारियों को अदा किए जाने योग्य सभी देयों की अदायगी की जा चुकी है।

3. हम पुष्टि करते हैं कि शेयरधारण स्वरूप तथा शेयरों का अंतरण, सांविधिक व विनियामक आवश्यकताओं के अनुरूप है।

4. हम पुष्टि करते हैं कि भारत में जारी पॉलिसीयों के धारकों की निधियों का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से भारत के बाहर निवेश नहीं किया गया है।

5. हम पुष्टि करते हैं कि शोधन क्षमता को बनाए रखा गया है।

6. हम प्रमाणित करते हैं कि तुलन पत्र की तारीख को सभी परिसंपत्तियों के मूल्य की समीक्षा की गयी है तथा हमारे सर्वोत्तम जानकारी व विश्वास से तुलन पत्र में विविध शीर्षों- "ऋणों", "निवेशों", "विविध देनदारों", "नकद" तथा "चालू परिसंपत्तियों" के अधीन विनिर्दिष्ट अनेक मदों के अधीन दर्शाई गयी परिसंपत्तियों की औसत राशि वसूली योग्य अथवा बाज़ार मूल्य से अधिक नहीं है।

7. वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के दिनांक 09.03.2022 के पत्र के जरिये निगम की विस्तारित अधिकतम देयता 103879,88,43 हज़ार की तुलना में कंपनी का समग्र जोखिम ₹150000,00,00 हजार है।

8. हमारी कोई विदेशी परिचालन नहीं हैं।

9. पिछले पांच वर्षों के दौरान बकाया लंबित दावों का अवधि वार विवरण **अनुलग्नक I** के अनुसार है।

10. पिछले पांच वर्षों के दौरान औसत दावा निपटान की प्रवृत्ति के अनुसार लंबित दावों की अवधि **अनुलग्नक II** के अनुसार है।

11. हम प्रमाणित करते हैं कि भारतीय बीमा विनियमन एवं विकास प्राधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशों का मूल्यांकन किया गया है।

12. आई आर डी ए आई द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर सभी निवेश आस्तियों की आवधिक समीक्षा की जाती है एवं उन्हें निष्पादन एवं गैर निष्पादन आस्तियों में वर्गीकृत किया जाता है।

13. हम पुष्टि करते हैं कि:

क. वित्तीय विवरणों की तैयारी में लागू लेखा मानक, सिद्धांतों तथा नीतियों का अनुपालन किया गया है।

ख. प्रबंधन ने लेखा नीतियों को अपनाया है तथा उन्हें नियमित रूप से लागू किया है, वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी मामलों तथा वर्ष के लिए कंपनी के परिचालन लाभ तथा निवल लाभ की सही व निष्पक्ष स्थिति दर्शाने हेतु आई आर डी ए विनियमों तथा किए गए निर्णयों तथा उचित तथा दूरदर्शी अनुमानों के अनुसार किए गए संशोधनों के अलावा कोई अन्य संशोधन नहीं किए गए हैं।

ग. प्रबंधन ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखे व अन्य अनियमितताओं को रोकने व उनकी पहचान हेतु बीमा अधिनियम 1938 (1938 के 4) तथा कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड रखने के लिए उचित व पर्याप्त सावधानी बरती है।

घ. प्रबंधन ने लाभकारी कारोबार वाले संस्थान के आधार पर वित्तीय विवरण तैयार किए है।

ङ. प्रबंधन ने सुनिश्चित किया है कि आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली वर्तमान व परिचालित कारोबार के आकार तथा प्रकृति के अनुरूप है।

14. कारोबार के सामान्य तौर पर किए जाने वाले समव्यवहारों के अलावा किसी भी व्यक्तिगत फ़र्म, कंपनियाँ तथा संगठनों जिसमें कंपनी के निदेशकों का हित निहित है, को किसी प्रकार की अदायगी नहीं की गयी है।

कृते ईसीजीसी लिमिटेड

(एम् सेंथिलनाथान)	**(देवेश श्रीवास्तव)**
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक	**निदेशक**
DIN – 07376766	DIN - 08646006

(ए सक्तिवेल)
निदेशक
DIN - 00027485

(अमित कुमार अग्रवाल)
निदेशक
DIN - 05333909

(प्रतिभा कुशवाहा)
निदेशक
DIN – 09395541

(सुनील जोशी)
कार्यपालक निदेशक
DIN - 08778530

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 मई, 2022

Annexure I

Ageing of Claim outstanding as on Financial Years

(₹ '000)

Period	2021-22		2020-21		2019-20		2018-19		2017-18	
	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved
30 Days	80	111,06,18.22	107	105,22,75.43	102	144,39,15.20	137	433,26,82.28	152	222,40,53.78
30 Days to 6 Months	149	452,50,16.77	322	514,08,48.88	377	618,84,38.87	330	1511,19,49.84	257	912,16,99.19
6 Months to 1 Year	93	239,05,30.53	150	262,34,73.89	200	775,84,21.04	84	761,31,39.08	84	730,94,48.66
1 year to 5 years	63	334,26,02.09	111	658,87,57.42	132	1028,84,36.72	35	545,58,38.80	60	429,14,12.50
5 years & above	3	15,28,70.97	-	-	-	-	-	-	-	-
Total	388	1152,16,38.58	690	1540,53,55.62	811	2567,92,11.83	596	3251,36,10.00	553	2294,66,14.13

Annexure II

Ageing of Claim settlement during Financial Years

(₹ '000)

Period	2021-22		2020-21		2019-20		2018-19		2017-18	
	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved	No.	Amount Involved
30 Days	51	11,89,46.04	46	8,29,16.25	41	7,05,56.70	48	8,36,74.42	79	20,10,79.22
30 Days to 6 Months	329	142,32,75.88	430	257,86,14.47	424	184,52,13.31	538	313,44,99.37	481	262,48,56.37
6 Months to 1 Year	223	258,49,51.22	177	168,36,24.40	77	154,75,50.96	88	292,01,80.79	91	847,69,72.78
1 year to 5 years	78	274,48,70.13	81	612,22,50.57	11	62,08,00.65	51	399,47,17.13	27	152,87,47.54
5 years & above	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
Total	681	687,20,43.27	734	1046,74,05.69	553	408,41,21.62	725	1013,30,71.71	678	1283,16,55.91

*The Company operates in single segment 'Export Credit Insurance'. Hence no segmental reporting is provided.

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणी

Comments of C&AG

दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ईसीजीसी लिमिटेड़ के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम 2013 के अनुभाग 143 (6) (आ) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्‌वारा की गयी टिप्पणियाँ

बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (वित्तीय विवरण एवं बीमा कंपनियों के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तैयार करना) 2002 एवं कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) के साथ पढे जाने वाले बीमा अधिनियम 1938 के अंतर्गत निहित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ईसीजीसी लिमिटेड के वित्तीय विवरणों को तैयार करना कंपनी के प्रबंधन का दायित्व है। अधिनियम के अनुभाग 139 (5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्‌वारा नियुक्त किए गए सांविधिक लेखा परीक्षक अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित लेखा परीक्षा के मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर अनुभाग 143 के अंतर्गत वित्तीय विवरणों पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी हैं। दिनांक 25 मई 2022 की अपनी लेखा परीक्षित रिपोर्ट में उनके द्‌वारा यह बताया गया है।

मेरे द्‌वारा, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से, अधिनियम 143 (6) (अ) के अंतर्गत 31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ईसीजीसी लिमिटेड के वित्तीय विवरणों का अनुपूरक लेखा परीक्षा किया गया। यह अनुपूरक लेखापरीक्षा स्वतंत्र रूप से, सांविधिक लेखा परीक्षकों के किसी भी दस्तावेज़ों की सहायता के बिना एवं सांविधिक लेखापरीक्षकों तथा कंपनी कार्मिकों से प्राप्त सीमित जानकारियों के आधार पर एवं कुछ चयनात्मक लेखा पुस्तकों की जांच के पश्चात की गयी है।

मेरे द्‌वारा पूर्ण अनुपूरक लेखा परीक्षा के आधार पर मेरी जानकारी में अथवा अधिनियम के अनुभाग 143 (6) (आ) के अंतर्गत सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के परिशिष्ट में ऐसा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं आया जिस पर कोई टिप्पणी की जाए.

कृते एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की और से

(पी वी हरिकृष्णा)
लेखा परीक्षा (नौवहन) के मुख्य निदेशक , मुंबई

स्थान : मुंबई
दिनांक : 27.07.2022

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

Independent Auditors' Report

एबीएम एंड असोसिएट्स एलएलपी **चार्टेड अकाउंटेंट्स** **ऑफिस नं. 210, प्लॉट नं 9,** **शाह हेरिटेज सेक्टर 42 ए** **डी मार्ट के सामने** **सीवूड्स, वेस्ट** **ठाणे - 400706**	**एसएनके एंड कंपनी** **चार्टेड अकाउंटेंट्स** **303, 3री मंजील,** **कोणार्क श्रम बिल्डिंग,** **156, ताडदेव,** **मुंबई - 400034**

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति,

ईसीजीसी लिमिटेड के सदस्य,

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

राय

हमने ईसीजीसी के वित्तीय विवरणों के लेखा का परीक्षण किया है। ("कंपनी") जिसमें दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त तुलन पत्र, राजस्व खाता, लाभ एवं हानि खाता, नकद प्रवाह विवरण (प्राप्य एवं भुगतान खाता) एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश अन्य व्याख्यात्मक जानकारी, जिसमें भारत में स्थित छियालीस शाखाओं एवं पाँच क्षेत्रीय कार्यालयों के विवरण शामिल हैं

जिसमें से पैंतालीस शाखाएँ एवं पाँच क्षेत्रीय कार्यालय नियंत्रक व महालेखाकर , नई दिल्ली द्वारा नियुक्त शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित हैं।

हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं मतानुसार तथा हमें दिये गए स्पष्टीकरण के अनुसार उक्त वित्तीय विवरण बीमा अधिनियम, 1938 , यथा संशोधित बीमा कानून (संशोधन) अधिनियम 2015, भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 ("आईआरडीएआई") एवं उसके अधीन बने विनियम तथा 2013 अधिनियम ("अधिनियम") द्वारा निर्धारित विनियमों के अनुसार आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं एवं मार्च 31, 2022 तक इससे संबन्धित नियमों को इस प्रकार बनाया गया है, कि जिस भी प्रकार से आवश्यक हो तथा कंपनी के मामलों की स्थिति के अनुसार, आमतौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप एक सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण उपलब्ध कराने में सक्षम हों।

i. तुलन पत्र के मामले में दिनांक 31 मार्च 2022 तक कंपनी के मामलों की स्थिति
ii. राजस्व खातों के मामलों में उक्त दिनांक को समाप्त हुए वर्ष हेतु अधिशेष से;
iii. लाभ एवं हानि खाते के मामले में, उस वर्ष के लिए लाभ का वर्ष समाप्त हो गया
iv. नकद प्रवाह विवरण (प्राप्तियों एवं भुगतान खाते) के मामले में, उस वर्ष की समाप्ति के दौरान प्राप्तियों एवं भुगतानों की तारीख।

1. राय का आधार

हमने अधिनियम की धारा 143 (10) के अधीन निर्दिष्ट अंकेषण के मानकों के अनुसार लेखा परीक्षण किया। हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण अनुभाग की लेखापरीक्षा के लिए उन मानकों के अधीन हमारी जिम्मेदारियों को लेखा

परीक्षक की जिम्मेदारियों के अंतर्गत वर्णित किया गया है। हम अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण में आवश्यक नैतिक आवश्यकताओं एवं नियम बनाए गए, बीमा अधिनियम,1938 बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 एवं नियम, के साथ ही इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा जारी किए गए आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, एवं हमने इन आवश्यकताओं एवं आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हम मानते हैं कि जो लेखा साक्ष्य हमने प्राप्त किया है वह वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त है।

मामले का विश्लेषण

हम निम्न की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहेंगें:

क. अनुसूची 17 के नोट 3(क) के अनुसार संपत्ति से संबंधी जहां उचित अधिकारियों के साथ पंजीकरण औपचारिकताएं पूरी नहीं हुई हैं एवं संपत्ति से संबन्धित समझौते खो गए हैं / वर्तमान में कंपनी के पास उपलब्ध नहीं हैं, यद्यपि कंपनी मूल शेयर प्रमाणपत्रों के कब्जे में है जो संपत्तियों के कानूनी स्वामित्व के साथ कंपनी को निहित करती है।

ख. अनुसूची 17 के नोट क्रमांक 4 (डी) के अनुसार पुनर्बीमा कंपनी से प्राप्य राशि, जो कि जून 2014 से बकाया है ।

ग. अनुसूची 17 के नोट क्रमांक 12 के अनुसार अनिश्चितता एवं सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन एवं अन्य प्रतिबंधों के कारण वित्तीय प्रभाव एवं शोधन क्षमता के प्रबंधन के आकलन एवं कोविड़-19 महामारी की स्थिति से संबंधित अन्य स्थितियाँ, जिनका निश्चित मूल्यांकन प्रमुख रूप से उस समय की विशिष्ट परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इस संबंध

में, प्रबंधन ने कोविड़-19 के वित्तीय प्रभाव को अलग से ना दर्शाते हुए नियुक्त बीमांकिक के माध्यम से यह प्रमाणित किया है कि किए गए दावों के संबंध में देनदारियों का प्रावधान किया गया है लेकिन कोई देनदारी रिपोर्ट नहीं की गई (आईबीएनआर) एवं प्रावधान किया गया है लेकिन कोई पर्याप्त देनदारी रिपोर्ट नहीं की गई (आईबीएनईआर) जिसमें कंपनी के वित्तीय विवरण पर कोविड़ का प्रभाव शामिल है।

ड़. अनुसूची 17 के नोट क्रमांक 5 (बी) व 23 के अनुसार दावों के संबंध में देनदारियों के बीमांकिक मूल्यांकन में वृद्धि हुई है, लेकिन रिपोर्ट नहीं की गई (आईबीएनआर), पर्याप्त नहीं बल्कि रिपोर्ट की गई (आईबीएनईआर) एवं 31 मार्च, 2022 तक प्रीमियम कमी जो कि कंपनी के नियुक्त बीमांकिक ('नियुक्त बीमांकिक') का दायित्व है। नियुक्त बीमांकिक द्वारा 31 मार्च, 2022 तक इन देनदारियों, आईबीएनआर, आईबीएनईआर एवं प्रीमियम की कमी के कारण मूल्यांकन को विधिवत प्रमाणित किया है एवं उनके विचार में, इस तरह के मूल्यांकन के लिए उनके द्वारा विचार की गई धारणाएं आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों एवं मानदंडों एवं आईआरडीएआई के साथ सहमति में भारत के बीमांकिक संस्थान के अनुसार हैं। हमने निगम के वित्तीय विवरणों पर अपनी राय बनाने के लिए इस संबंध में नियुक्त बीमांकिक के प्रमाणपत्र पर विश्वास किया है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

वित्तीय विवरणों एवं उस पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण एवं हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है। वार्षिक रिपोर्ट लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की संभावना है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है एवं हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचनाओं को पढ़ने की है तथा ऐसा करने में, इस बात पर ध्यान दिया जाता है कि क्या हमारे लेखा परीक्षा के दौरान वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी अथवा हमें प्राप्त जानकारी कहीं मुख्य विषयों में असंगत तो नहीं है अथवा मुख्य विषयों में अन्यथा तो नहीं है।

हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी का महत्वपूर्ण विषय पर गलत विवरण है, तो हमें संबन्धित कार्यों के प्रबंधन से जुड़े प्राधिकारियों को इस विषय में सूचना देनी होगी एवं लागू कानूनों व विनियमों के अधीन निर्धारित कार्यवाही करनी होगी।

प्रबंधकीय दायित्व एवं वित्तीय विवरण हेतु शासन के साथ उनके प्रभार

कंपनी अधिनियम 2013 (" अधिनियम ") के धारा 134 (5) , बीमा अधिनियम 1938 यथा संशोधित बीमा कानून (संशोधन) अधिनियम 2015 (बीमा अधिनियम) एवं बीमा विनियामक व विकास अधिनियम 1999 (आईआरडीए अधिनियम) बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (वित्तीय विवरणों एवं बीमा कंपनियों के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की तैयारी) विनियम 2002 (आईआरडीएआई) वित्तीय विवरण विनियमन) कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 7 के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के अधीन विनिर्दिष्ट मानक लेखा नीति के अनुपालन में कंपनी की उचित एवं सही वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन एवं नकद प्रवाह दान करने हेतु वित्तीय विवरणों की तैयारी में कंपनी का निदेशक मण्डल उत्तरदायी हैं। इन दायित्वों में , बीमा अधिनियम 1938, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 व कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु बनाए गए अधिनियम एवं धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं की पहचान व बचाव के लिए बने गए अधिनियम; उचित लेखा नीतियों के चुनाव एवं अनुप्रयोग, निर्णय व

अनुमान जो कि सही हों एवं पर्याप्त अन्तरिम वित्तीय नियंत्रण का डिज़ाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव शामिल है ताकि सही एवं उचित वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत किया जा सके एवं धोखाधड़ी अथवा किसी चूक के कारण किसी भी प्रकार के गलत बयानों,से मुक्त वित्तीय विवरणों की सटीकता एवं पूर्णता को सुनिश्चित किया जा सके।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने के दौरान, प्रबंधन, लाभकारी संस्थान के रूप में कंपनी की क्षमता का आकलन करने के लिए, लेखांकन के आधार पर प्रबंधन या तो कंपनी को बंद करने अथवा परिचालन को रोकने अथवाऐसा करने के लिए उसके पास कोई वास्तविक विकल्प नहीं है, जैसा भी मामला हो , आवश्यकता होने पर संस्थान से संबन्धित मामलों को प्रकट करने का अधिकार रखता है।

कंपनी की वित्तीय विवरणों के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया की देखरेख का उत्तरदायित्व निदेशक मंडल का है।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियां:

हमारा उद्देश्य है कि उचित आश्वासन के साथ , पूर्ण वित्तीय विवरण किसी भी धोखाधड़ी अथवा चूक से मुक्त रखते हुए लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना, जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित आश्वासन एक उच्चस्तरीय आश्वासन है परंतु यह गारंटी नही है कि एस ए के अनुसार की गयी लेखा परीक्षा में गलत जानकारियों का पता लगाया जा सके। गलत जानकारियां प्रस्तुत करना किसी धोखाधड़ी अथवा गलती का नतीजा हो सकता है तथा यदि ऐसा पाया जाता है तो उसे संदेहजनक माना जाएगा यदि व्यक्तिगत रूप से अथवा सामूहिक रूप से, इन वित्तीय विवरणों के आधार पर यह माना जा सकता है कि वे उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय को प्रभावित कर सकते।

सांविधिक लेखा परीक्षकों के अनुसार की जाने वाली लेखा परीक्षा का भाग होने के कारण हम सम्पूर्ण लेखा परीक्षा के दौरान व्यावसायिक निर्णय को बनाए रखते हैं व व्यवसायिक निर्णय लेते हैं। साथ ही हम :-

- वित्तीय विवरण के झूठे विवरण के जोखिम को पहचानना व मूल्यांकन करना, उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं की रूपरेखा बनाने एवं निष्पादित करने, एवं हमारी राय को आधार प्रदान करने के लिए उचित व पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त करते हैं । चूक की अपेक्षा , धोखाधड़ी के कारण प्राप्त होने वाली झूठी जानकारी की समय पर पहचान न कर पाना अत्यधिक जोखिम का कार्य है क्यों कि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर की जाने वाली चूक, गलत बयानी, एवं आंतरिक नियंत्रण शामिल हो सकते हैं।

- लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को निर्धारण हेतु लेखा परीक्षा के लिए परिस्थितियों के अनुरूप प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 143 (3) (i) के अंतर्गत हम कंपनी में स्थापित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एवं इस प्रकार के नियंत्रण पर प्रभावशील परिचालन पर अपनी राय देने हेतु भी उत्तरदायी होते हैं।

- उपयोग की जाने वाली लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता एवं प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों एवं संबंधित खुलासों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करते हैं।

- व्याप्त अनिश्चितता एवं ऐसी घटनाएँ जो कंपनी का लाभकारी संस्थान बने रहने की क्षमता पर संदेह उत्पन्न होने पर प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्यों के आधार पर एवं लेखांकन को लाभकारी संस्था के आधार पर प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर, निष्कर्ष निकालना। यदि हम निष्कर्ष निकालते हैं कि एक महत्वपूर्ण अनिश्चितता व्याप्त है तो हमें वित्तीय विवरणों में संबंधित खुलासों के लिए हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है अथवा, हमारी राय को संशोधित करने के लिए इस प्रकार के खुलासे अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं । तथापि भविष्य में होने वाली घटनाओं अथवा परिस्थितियों के कारण एक लाभकारी संस्था के रूप में कंपनी समाप्त हो सकती

- प्रकटन सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना व तथ्यों का मूल्यांकन करना, तथा यह निर्धारन करना कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन एवं घटनाओं को इस प्रकार से दर्शाते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुति प्रदान कर सके।

वित्तीय विवरण में गलत बयानी , चाहे वह व्यक्तिगत रूप से की गयी हो अथवा समग्र रूप से, के कारण वित्तीय विवरण के यथोचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णयों के प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। हम, मात्रात्मक भौतिकता एवं गुणात्मक कारकों को ध्यान में रखते हुए (i) अपने लेखा परीक्षा के कार्य के सीमाक्षेत्र का निर्धारण एवं अपने काम के परिणामों का मूल्यांकन (ii) वित्तीय विवरणों में पाये गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं।

हम अन्य मामलों एवं महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षो के साथ साथ, प्रशासन हेतु प्राधिकृत व्यक्ति के साथ, लेखा परीक्षा के योजनाबद्ध आयाम एवं के साथ, आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमियों सहित, जिसे हमने अपने लेखा परीक्षा के दौरान पाया हो, की चर्चा करते हैं।

हम प्रशासन हेतु प्राधिकृत लोगों को अपना एक बयान भी प्रस्तुत करते हैं जिसमें उल्लेख रहता है कि हमने स्वतन्त्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, एवं उन सभी सम्बन्धों व अन्य मामलों जिससे हमारी स्वतन्त्रता प्रभावित हो , एवं जहां भी ऐसा करना आवश्यक हो , के साथ संबन्धित विषय को साझा करने हेतु सुरक्षा उपाय किए हैं।

अन्य मामले

1. हमने, उन छियालीस शाखाओं (गौहाटी उपशाखा सहित) एवं पाँच क्षेत्रीय कार्यालय के वित्तीय विवरणों की जांच नहीं की है जिनके विवरण 31 मार्च 2022 तक कंपनी के वित्तीय विवरणों / वित्तीय जानकारी में परिलक्षित रु. 2124,82,96.72 की कुल परिसंपत्तियों तथा सम तारीख को समाप्त वर्ष के दौरान प्रीमियम के रूप में रु. 1086,29,25.46 के कुल परिचालन राजस्व तथा कुल रु. 681,33,02.07 के प्रदत्त दावों को दर्शाते हुए तैयार किए गए हैं। वित्तीय विवरण के रूप में छियालीस शाखाओं (गौहाटी उपशाखा सहित) एवं पाँच क्षेत्रीय कार्यालयों के वित्तीय विवरण/ जानकारी की लेखा परीक्षा शाखा के लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है प्रबंधन द्वारा जिनकी रिपोर्टों को हमें प्रस्तुत किया गया था तथा हमारी राय में इन शाखाओं के संबंध में शामिल राशियों एवं प्रकटन मुख्य रूप से शाखाओं के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

   इन मामलों के संबंध में हमारी राय में किसी प्रकार का संशोधन नहीं हैं।

अन्य कानूनी व विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट:

(क) 31 मार्च 2022 तक वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अनुसार बीमा अधिनियम 1938 भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किए जाते हैं।

(ख) विनियमों के अधीन आवश्यक अनुसार हमने 25 मई 2022 को अलग प्रमाण पत्र जारी करते हुए , आईआरडीएआई की अनुसूची सी के पैरा 3 एवं 4 में उल्लिखित विषयों को प्रमाणित किया है।

(ग) इस रिपोर्ट में भारत के केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिनियम की धारा 143(11) की शर्तों में कंपनी (लेखा परीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2016 के पैरा 3 में उल्लिखित मामलों पर किसी प्रकार का विवरण उपलब्ध नहीं है, क्योंकि हमारी राय में एवं हमें उपलब्ध कारवाई गयी जानकारी एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार यह आदेश कंपनी पर लागू नहीं होता है।

अधिनियम की धारा 143 (3) की आवश्यकतानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि:

क. हमने, हमारी सर्वोताम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक पूरी जानकारी एवं स्पष्टिकरण प्राप्त कर लिए हैं;

ख. हमारी राय में कंपनी द्वारा कानूनी रूप से आवश्यक सभी लेखा बहियों की जांच के उपरांत यह पाया गया है कि कंपनी द्वारा लेखा बहियों का उचित रखरखाव किया गया है; एवं जांच के पश्चात यह भी पाया गया है कि वे बहियाँ एवं उचित विवरण (लेखापरीक्षित एवं

प्रमाणित) छियालीस शाखाओं एवं पाँच क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त की गयी हैं जिनका हमारे द्वारा दौरा नहीं किया गया है।

ग. प्रबंधन द्वारा , शाखा के लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143 (8) के अधीन शाखा के लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित कंपनी कि छियालीस शाखा कार्यालयों एवं पाँच क्षेत्रीय कार्यालयों के लेखों पर रिपोर्ट हमें भेजी गई हैं तथा हमारे द्वारा यह रिपोर्ट बनाते समय उसका उचित ध्यान रखा गया है;

घ. इस रिपोर्ट में शामिल तुलन पत्र, राजस्व खाता, लाभ व हानी तथा नकद प्रवाह विवरण (प्राप्तियाँ व भुगतान खाता) उन शाखाओं से प्राप्त लेखा बहियों तथा प्राप्तियों के अनुरूप है जिनका दौरा हमारे द्वारा नहीं किया गया है।

ङ. हमारी राय में वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के अधीन विनिर्दिष्ट लेखा मानकों के अनुरूप हैं;

च. सरकारी कंपनी होने के कारण, कॉर्पोरेट मामले के मंत्रालय द्वारा दिनांक 05.06.2015 को जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) के अनुपालन में कंपनी अधिनियम 2013 के खंड 164 के उपखंड (2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते;

छ. कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संदर्भ में एवं इन नियंत्रणों पर परिचालन प्रभावशीलता की जानकारी हेतु हमारी पृथक रिपोर्ट **" अनुलग्नक क"** का संदर्भ लें । हमारी रिपोर्ट में कंपनी के वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की उपयुक्तता एवं परिचालन प्रभावशालीता पर स्वतंत्र राय व्यक्त की गयी है।

ज. कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षकों) नियम 2014 के नियम 11 के अनुसार, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने योग्य

अन्य मामलों के संबंध में हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिये गए स्पष्टीकरण के अनुसार हमारी राय में;

i. कंपनी द्वारा अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव को प्रकट किया गया है। कृपया वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के मद संख्या 21 का संदर्भ लें ;

ii. कंपनी द्वारा किए गए दीर्घावधिक करारों के कारण कोई भावी महत्वपूर्ण हानियों की संभावना नही हैं।

iii. कंपनी को निवेशक शिक्षा तथा सुरक्षा निधि में किसी प्रकार की राशि जमा करने की आवश्यकता नही है;

iv. (क) प्रबंधन वर्ग द्वारा सूचित किया गया है कि उसके सर्वोत्तम जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की निधि का किसी ऐसे व्यक्ति (यों) अथवा विदेशी इकाइयों (मध्यस्थों) सहित किसी भी इकाइ (यों) में इस समझ के साथ कंपनी द्वारा (अंतिम हिताधिकारी) की ओर से निर्धारित व्यक्ति अथवा ईकाइयों जिनके द्वारा लिखित रूप में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में अंतिम हिताधिकारी (कंपनी) की ओर से किसी भी प्रकार की सुरक्षा अथवा गारंटी दावा किया गया हो, में , अग्रिम तौर पर अथवा ऋण प्रदान नहीं किया गया है अथवा निवेश नहीं किया गया है।

v. (ख) प्रबंधन वर्ग द्वारा सूचित किया गया है कि उसके सर्वोत्तम जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार कंपनी को किसी ऐसे व्यक्ति (यों) अथवा विदेशी इकाइयों (फंडिंग पार्टियां) सहित किसी भी इकाइ (यों) द्वारा इस समझ के साथ फंडिंग पार्टी द्वारा (अंतिम हिताधिकारी) की ओर से निर्धारित व्यक्ति अथवा ईकाइयों जिनके द्वारा लिखित रूप में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में फंडिंग पार्टी (अंतिम हिताधिकारी) की ओर से किसी भी प्रकार की सुरक्षा अथवा गारंटी दावा किया गया हो , अग्रिम तौर पर अथवा ऋण के रूप में अथवा निवेश के रूप में कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) हमारी राय तर्कसंगत एवं उचित परिस्थितियों उपयुक्त समझी जाने वाली लेखा परीक्षा पर आधारित है एवं हमारे समक्ष ऐसी कोई बात नहीं आई है जिससे हमें यह लगे कि उक्त उप शर्त (क) एवं (ख) में कोई गलत बयानी हुई हो।

v. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 123 के अनुपालन में कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान लाभांश की घोषणा की गयी एवं अदायगी की गयी

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के अधीन भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के संबंध में हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर , हम निम्नानुसार कंपनी के लेखों के वित्तीय विवरणों पर वित्तीय प्रभाव एवं कृत कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं :-

क्रम संख्या	निर्देश	उत्तर
1.	क्या कंपनी के पास सू प्रौ प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए सिस्टम हैं। यदि हाँ तो वित्तीय प्रभावों के साथ- साथ खातों की अखंडता पर सू प्रौ प्रणाली के बाहर लेखांकन संव्यवहार की प्रक्रिया के वित्तीय प्रभावों को, यदि कोई है तो, दर्शाएँ।.	i) कंपनी के पास निम्नलिखित को छोडकर सू प्रौ सिस्टम के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए निम्नलिखित प्रणाली उपलब्ध है: • पुनर्बीमा व्यवसाय का कार्य एवं अचल परिसंपत्तियों में पूंजी के मूल्यह्रास की गणना एवं फ़ैक्टरिंग । यद्यपि मैनुयल नियंत्रण उपलब्ध है परंतु ये पर्याप्त नहीं है एवं सिस्टम के माध्यम से पुनर्बीमा अचल परिसंपत्तियों एवं फ़ैक्टरिंग को भी शामिल किया जाना आवश्यक है। • निवेश सॉफ्टवेयर मुख्य सूचना प्रणाली के साथ एकीकृत नहीं है एवं निवेश विभाग के मुख्य परीक्षण शेष को सू प्रौ

		प्रणाली में समें कन के लिए बनाए गए मुख्य परीक्षण शेष में मैनुअल रूप से शामिल किया जाता है । यद्‌यपि कंपनी का मुख्य परीक्षण शेष को शामिल करने में नियंत्रण रखा गया है लेकिन यह भी पर्याप्त नही हैं एवं निवेश सॉफ्टवेयर का भी मुख्य सू प्रौ प्रणाली में विलय कर दिया जाना चाहिए।
2.	क्या किसी वर्तमान ऋण पर कोई पुनर्गठन या कर्ज़ चुकाने के लिए कंपनी द्‌वारा ऋण की अदायगी में असमर्थता के कारण कंपनी द्‌वारा दिये गए ऋण/ ब्याज आदि के छूट/ बही खाते में डाले जाने के मामलें हैं**?** यदि हाँ तो वित्तीय प्रभाव को दर्शाया जा सकता है। क्या इस प्रकार के मामलों को उचित रूप से दर्शाया गया है **?** (यदि ऋणदाता सरकारी कंपनी है**,** तब इस	लागू नहीं कंपनी ने कोई ऋण नहीं लिया है न ही किसी अन्य कंपनी को ऋण प्रदान किया है।

	प्रकार के निर्देश ऋणदाता कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के लिए भी लागू होंगे।	
3.	क्या केंद्रीय / राजस्व एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त धनराशी/ प्राप्य का उनके कार्यकाल एवं शर्तों के अनुसार सही उपयोग किया गया? विचलन के मामलों की सूची बनाएँ।	हाँ, केंद्र सरकार से शेर पूंजी के रूप में प्राप्त धनराशि का उसके कार्यकाल एवं शर्तों के अनुसार सही तरीके से निर्धारण/ उपयोग किया जाता है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के अधीन भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के संबंध में हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर , हम निम्नानुसार कंपनी के लेखों के वित्तीय विवरणों पर वित्तीय प्रभाव एवं कृत कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं :-

क्रम संख्या.	निर्देश	उत्तर
1.	भौतिक/ ड़ीमैट रूप से उपलब्ध सी जी एस/ एसजीएस/ बोण्ड्स/ डिबैंचर आदि के संबंध में स्वामित्वों की संख्या तथा इनमें से उन मामलों की संख्या जो कंपनी के लेखा बहियों में दर्शयी	सीजीएस/ एसजीएस में सभी निवेश आर बी आई एस जी एल खाते में किए गएहैं एवं उनका रिकॉर्ड के साथ सत्यापन किया गया है तथा किसी प्रकार की विसंगति नाही पायी गई है।

	राशी से में ल नही खाती हो का सत्यापन किया जाए तथा यदि कोई विसंगति पायी जाए तो उसे रिपोर्ट किया जाए।	सीजीएस की दो प्रतिभूतियों को द्वितीयक बाज़ार परिचालन तथा सीबीएसओ परिचालनों के लिए सीसीआईएल के पास रखा गया है, जिसके लिए हमने आवश्यक प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए हैं। बॉन्डस/ डिबेंचरों को स्टॉक होल्डिंग कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (संरक्षक) के पास डीमेंट रूप में रखा गया है। सभी प्रतिभूतियों को अंतर्निहित अभिलेखों के साथ सत्यापित किया गया है तथा निम्नलिखित मामलों को छोड़कर किसी प्रकार की विसंगति नही पायी गई है:
2.	क्या निवेशों के संबंध में हानि रोकने की सीमा निर्धारित है? यदि हाँ तो क्या सीमाओं का पालन किया गया है? यदि नहीं तो विवरण प्रदान किया जाए।	प्रबंधन द्वारा प्रदत्त सूचना के आधार पर कंपनी का सम्पूर्ण निवेश पोर्टफोलियो एच टी एम (हेल्ड टू मेच्योरिटी)/ ए एफ़ एस (बिक्री के लिए उपलब्ध) श्रेणी का है। कंपनी के पास ट्रेडिंग पोर्टफोलियो नहीं है।

		तदनुसार कंपनी के पास हानि को रोकने की पॉलिसी/ हानि को रोकने की सीमा नहीं हैं।

कृते एबीएम एंड एसोसिएट्स **चार्टेड अकाउंटेंट्स** फार्म रजिस्ट्रेशन नं. 105016W/W-100015 **(अनिल चिकोडी)** **भागीदार** **सदस्यता सं. 107659** स्थान : पुणे दिनांक : 25.05.2022 **यूडीआईएन:** **21107659AAAAEV2222**	**कृते एसएनके एंड कंपनी** **चार्टेड अकाउंटेंट्स** फार्म रजिस्ट्रेशन नं. 109176W **(संजय कपाड़िया)** **भागीदार** **सदस्यता सं. 38292** स्थान : मुंबई दिनांक : 25.05.2022 **यूडीआईएन:** **21038292AAAACN1909**

एबीएम एंड असोसिएट्स एलएलपी **चार्टेड अकाउंटेंट्स** **ऑफिस नं. 210, प्लॉट नं 9,** **शाह हेरिटेज सेक्टर 42 ए** **डी मार्ट के सामने** **सीवूड्स, वेस्ट** **ठाणे – 400706**	**एसएनके एंड कंपनी** **चार्टेड अकाउंटेंट्स** **303, 3री मंजील,** **कोणार्क श्रम बिल्डिंग,** **156, ताडदेव,** **मुंबई – 400034**

स्वतंत्र लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र

(25 मई 2022 की हमारी स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अंश बनाने वाले " अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट " के अधीन पैरा (ख) में संदर्भित)

प्रति ,

ईसीजीसी लिमिटेड के सदस्य,

अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. यह प्रमाण पत्र ईसीजीसी लिमिटेड ("कंपनी") मुंबई के दिनांक 31.03.2022 तक के वित्तीय विवरणों के संबंध में विनियमों के विनियम 3 के साथ पढे जाने वाले बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरणों एवं लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की

तैयारी) के विनियमों 2002, के अधीन अनुसूची ग के पैराग्राफ 3 एवं 4 के प्रावधानों के अनुपालन में जारी किया जा रहा है।

प्रबंधन दायित्व

2. कंपनी का निदेशक मण्डल कंपनी अधिनियम 2013, बीमा अधिनियम 1938 यथा संशोधित बीमा कानून (संशोधन) अधिनियम 2015 एवं बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरणों एवं लेखा परीक्षा के रिपोर्ट की तैयारी) विनियमों 2002 ("विनियम") एवं बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण द्‌वारा जारी आदेश / परिपत्रों , जिसमें बही खातों की तैयारी एवं रखरखाव तथा प्रबंधन रिपोर्ट शामिल है के प्रावधानों के अनुपालन के लिए जिम्मेदार है। इसमें ऊपर उल्लिखित अनुसार अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आकड़ों को एकत्र करना एवं सत्यापित करना एवं उनकी रूपरेखा का निर्धारण करना , आंतरिक नियंत्रणों को कार्यान्वित करना आदि शामिल है।

लेखा परीक्षक का दायित्व

3. विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक आश्वासन प्राप्त कर बहियों एवं रिकोर्डों की जांच एवं लेखा परीक्षा के आधार पर राय बनाना कि कंपनी द्‌वारा विनियमों के विनियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले विनियमों की अनुसूची ग के पैरा 3 व 4 में उल्लिखित मदों का पूर्ण अनुपालन किया गया है अथवा नहीं।
4. हमने दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के तत्काल समाप्ति पर कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है एवं हमने दिनांक 25 मई 2022 को हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के जरिये असंशोधित लेखा परीक्षा राय व्यक्त की है। हमने लेखा परीक्षा के मानकों एवं भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान (आई सी ए आई) द्‌वारा जारी अन्य प्राधिकृत निर्देशों के अनुसार ही इन वित्तीय विवरणों की हमारे लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के अनुसार ही इस आश्वासन के साथ कि संबन्धित वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण तथ्यों की गलत बयानी अथवा गलत प्रदर्शन नहीं

किया गया है, हमने लेखा परीक्षा की योजना बनाई एवं उसे कार्यान्वित किया। हमने हमारी लेखा परीक्षा की योजना एवं निष्पादन उन संव्यवहारों के लिए नहीं किया था जिसमें तृतीय पक्ष का कोई संभावित हित निहित हो।

5. आई सी ए आई द्वारा जारी विशेष उद्देश्यों के लिए लेखा परीक्षा रिपोर्टों एवं प्रमाणपत्रों पर दिशानिर्देश नोट के अनुकरण में हमने अपनी जांच पूरी की। दिशा निर्देशों के नोट में यह अनिवार्य होता है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी आचार संहिता की आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य आचार नीति का स्वतन्त्र रूप से अनुकरण करें।
6. हमने गुणवत्ता नियंत्रण (एस क्यू सी) - 1 के मानकों की लागू संगत आवश्यकताओं का पूर्ण अनुपालन किया है। किसी भी फर्म के लिए गुणवत्ता नियंत्रण वह पद्धति होती है जिसके जरिये लेखा परीक्षा एवं एटिहाइक वित्तीय जानकारी एवं अन्य आश्वासन एवं संबन्धित सेवा सहभागिताओं को पूरा किया जाये।

राय

7. 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए हमें प्रदान जानकारी एवं स्पष्टिकरणों के आधार पर एवं हमारे उत्तम ज्ञान एवं विश्वास एवं ईसीजीसी लिमिटेड द्वारा तैयार लेखा बहियों एवं अन्य रिकॉर्डों के आधार पर प्रमाणित करते हैं कि :-

(क) हमने 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न प्रबंधन रिपोर्ट की समीक्षा की एवं हमारी समीक्षा के आधार पर , प्रबंधन रिपोर्टों एवं स्वप्रमाणित वित्तीय विवरणों में किसी प्रकार का प्रत्यक्ष अथवा महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पायी गयी है।

(ख) प्रबंधन प्रतिवेदनों पर एवं अनुपालन के लिए प्राधिकृत कंपनी के अधिकारियों द्वारा निदेशक मण्डल को प्रस्तुत अनुपालन प्रमाणपत्रों के आधार पर , हमारे ध्यान में ऐसा कुछ नहीं आया है जो

आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित पंजीकरण निबंधनों एवं शर्तों के अनुकरण में न हो।

(ग) हमने नकद शेष (सिवाय उन शाखाओं के जहां लेखा परीक्षा संबन्धित शाखा के लेखा परीक्षकों द्वारा की गयी है एवं संबन्धित नकद शेष का सत्यापन संबन्धित लेखा परीक्षकों द्वारा की गयी है तथा उन अलेखा परीक्षित शाखाओं के जहां की लेखा परीक्षा पूरी नहीं की गयी हो) एवं कंपनी द्वारा किए गए ऋणों व निवेशों की वास्तविक निरीक्षणों अथवा कंपनी द्वारा नियुक्त संरक्षक तथा /अथवा निक्षेपागार भागीदार अथवा अन्य दस्तावेजी प्रमाण पत्र / पुष्टिकरणों के सबूतों को सत्यापित किया है।

(घ) हमें प्रदान की गयी उत्तम जानकारी एवं स्पष्टीकरण एवं कंपनी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर बीमा अधिनियम एवं उसके विनियमों के प्रावधानों के अनुकरण पर निवेशों को महत्व दिया गया है।

(ङ) हमें प्रदान की गयी उत्तम जानकारी एवं स्पष्टीकरण एवं कंपनी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार कंपनी किसी न्यास की न्यासी नहीं है।

(च) कंपनी ने पिछले तुलन पत्र के अनुसार मदों की प्रकृति के आधार पर ने शेयरधारकों एवं पॉलिसी धारकों की निधियों को वर्गीकृत किया है एवं तदनुसार आय को राजस्व खाते व लाभ व हानि खाते में वर्गीकृत किया गया है। बीमा अधिनियम 1938 की धारा 11(1बी) के अनुसार शेयरधारकों एवं पॉलिसीधारकों से संबन्धित अलग अलग खाते नहीं हैं एवं शाखाओं में इस प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं है, अतः उपलब्ध रिकोर्डों के अनुसार निधियों के उपयोग का सत्यापन नहीं किया गया है। बही खातों के सत्यापन के आधार पर एवं हमें प्रदान की गयी जानकारी तथा स्पष्टीकरण के आधार पर एवं उपलब्ध रिकॉर्डों के आधार पर हमें ऐसे कोई मामले नहीं दिखे जहां पॉलिसी धारकों की आस्तियों के किसी भी अंश का , पॉलिसी धारकों की निधियों के उपयोग एवं निवेश के संबंध में बीमा अधिनियम 1938 के प्रावधानों के विपरीत प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उपयोग किया गया हो।

कृते एबीएम एंड एसोसिएट्स एलएलपी चार्टेड अकाउंटेंट फर्म रजिस्ट्रेशन संख्या 105016W/W-100015 **(अनिल चिकोडी)** **हिस्सेदार** **सदस्यता सं. 107659** स्थान: पुणे दिनांक: 25.05.2022 **यूडीआईएन :21107659AAAAEV2222**	**कृते एसएनके एंड कंपनी** चार्टेड अकाउंटेंट फर्म रजिस्ट्रेशन संख्या 109176W **(संजय कपाड़िया)** **हिस्सेदार** **सदस्यता सं. 38292** स्थान: मुंबई दिनांक: 25.05.2022 **यूडीआईएन : 21038292AAAACN1909**

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के लिए "अनुलग्नक-क"

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने **ईसीजीसी लिमिटेड** ("कंपनी") के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का 31 मार्च, 2022 तक लेखा परीक्षण किया है, जिसमें उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर हमारा लेखा परीक्षण शामिल है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया ("आईसीएआई") द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्ट पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का लेखा परीक्षण पर जारी मार्गदर्शन नोट के अनुसार कंपनी का प्रबंधन आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को देखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है।

कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत आवश्यकतानुसार इन दायित्वों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिज़ाइन, कार्यान्वयन व रखरखाव जिसमे अपने व्यवसाय के क्रमबद्ध और कुशल आचरण को सुनिश्चित करने के साथ ही कंपनी की नीतियों का पालन करने, अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों का पता लगाने और रोकथाम करने, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता एवं विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी के लिए प्रभावी रूप से काम कर रहे थे, शामिल हैं।

लेखा परीक्षक का दायित्व

हमारी जिम्मेदारी हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करना है। हमने वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट ("दिशानिर्देश लेख") एवं आईसीएआई द्वारा जारी तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के तहत निर्धारित माने जाने वाले लेखा परीक्षण जो कि आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण पर लागू होते हैं एवं आईसीएआई द्वारा जारी किए जाते हैं, के मानकों के अनुसार अपना लेखा परीक्षण किया है। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट की आवश्यकता के अनुसार हमें नैतिक आवश्यकताओं का पालन करने, योजना बनाने एवं इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए ऑडिट करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और इस तरह के नियंत्रण सभी तथ्यात्मक रूप से प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं या नहीं।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग और उनके परिचालन प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं करना शामिल है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को वित्तीय रिपोर्टिंग, जोखिम का मूल्यांकन करना कि कोई तथ्यात्मक कमी तो नहीं है, एवं मूल्यांकित जोखिम क एयाधर पर डिजाइन एवं परिचालन प्रभाविता का परीक्षण एवं मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षक इस बात पर निर्भर करती हैं कि धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों के तथ्यों के गलत विवरण के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है।

हम मानते हैं कि हमने जो ऑडिट साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी ऑडिट राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई प्रक्रिया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में उन नीतियों और प्रक्रियाओं को शामिल किया जाता है जो कि :

(1) अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में कि, ये उचित प्रकार से, कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन-देन और निपटान को सही और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं।

(2) उचित आश्वासन प्रदान करें कि लेन-देन को वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार अनुमति देने के लिए दर्ज किया जाता है, और कंपनी की प्राप्ति और व्यय कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरणों के अनुसार ही किए जा रहे हैं एवं;

(3) कंपनी की संपत्ति के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान के बारे में समय पर पहचान या रोकथाम जो वित्तीय विवरणों पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है पर उचित आश्वासन प्रदान करना।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, नियंत्रण की मिलीभगत या अनुचित प्रबंधन की संभावना सहित, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण तथ्यात्मक गलतियाँ हो सकती हैं और पता नहीं लगाया जा सकता है। साथ ही, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की प्रभाविता अलग हो सकती है।

अन्य मामले

31 मार्च, 2022 तक उत्पन्न लेकिन रिपोर्ट नहीं किए गए दावों (आई बी एन आर) एवं उत्पन्न लेकिन पर्याप्त रिपोर्ट नहीं किए गए (आई बी एन ई आर) दावों तथा प्रीमियम की कमी के संबंध में देयता का बीमांकिक मूल्यांकन कंपनी के नियुक्त बीमांकक द्वारा प्रमाणित है एवं 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित अनुसार हमारे द्वारा इस पर विश्वास किया गया है। तदनुसार, पूर्वोक्त बीमांकिक मूल्यांकन के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मूल्यांकन और सटीकता पर प्रबंधन के आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी राय शामिल नहीं है।

राय

हमारी राय में , कंपनी के पास, तथ्यात्मक रूप से, सभी वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली उपलब्ध है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर इस प्रकार की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण, आईसीएआई द्वारा जारी किए गए आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की वित्तीय रिपोर्ट के लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों के आधार पर मार्च 31, 2022 तक प्रभावी रूप से परिचालित की जा रही थी ।

कृते एबीएम एंड एसोसिएट्स एलएलपी चार्टेड अकाउंटेंट फर्म रजिस्ट्रेशन संख्या 105016W/W-100015 **(अनिल चिकोडी)** **भागीदार** **सदस्यता सं. 107659** स्थान: पुणे दिनांक: 25/05/2022 **यूडीआईएन : 21107659AAAAEV2222**	**कृते एसएनके एंड कंपनी** चार्टेड अकाउंटेंट फर्म रजिस्ट्रेशन संख्या 109176W **(अंकित डी. दनवाला)** **भागीदार** **सदस्यता सं. 119972** स्थान: मुंबई दिनांक: 25/05/2022 **यूडीआईएन : 21038292AAAACN1909**

ई सी जी सी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालय, एक्सप्रेस टावर्स, 10 वीं मंजिल, नरीमन पाईन्ट, मुंबई - 400 021
टेली: 6659 0500 / 6659 0510 • वेबसाइट: www.ecgc.in

IRDA Regn. No. 124

आप निर्यात पर ध्यान केंद्रित करें, हम जोखिम से रक्षा प्रदान करेंगे.

ECGC Limited

(A Government of India Enterprise)

Registered Office: Express Towers, 10th Floor, Nariman Point,
Mumbai - 400 021, India. Tel: 6659 0500 / 6659 0510 • Website: www.ecgc.in

CIN No. U74999MH1957GOI010918

You focus on exports. We cover the risks.